मंगलवार

21 मई 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




गंगा स्नान करने के दौरान पांच युवकों की डूबने से मौत, एक को बचाई गई जान

2



## छत्तीसगढ़ में हादसा... 20 फीट नीचे गड्ढे में गिरा पिकअप, 18 की मौत

### तेंदूपत्ता तोड़कर लौटने के दौरान हुई दुर्घटना

**एजेंसी/कवर्धा**

छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले के कूकदूर थाना क्षेत्र में सोमवार को हुए एक दर्दनाक हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि हादसे में मरने वाले सभी मजदूर थे और तेंदूपत्ता तोड़कर लौट रहे थे तभी पिकअप वैन 20 फीट गहरे गड्ढे में गिर गया। सभी लोग कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी गांव के रहने वाले हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है मरने वालों में 16 महिलाओं और दो पुरूष शामिल है। ज्यादातर मृतक बैगा आदिवासी हैं।

हादसे की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शवों को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। जानकारी के अनसार पूरी घटना कूकदूर थाना क्षेत्र में हुई है। 22 से ज्यादा ग्रामीण पिकअप में सवार थे। तेंदूपत्ता तोड़कर वापस आने के दौरान पिकअप बेकाबू होकर पलट गया।

## पटना पहुंचे पीएम मोदी, दिवंगत भाजपा नेता सुशील मोदी को दी श्रद्धांजलि

**केटी न्यूज/पटना**





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को फिर बिहार दौरे पर आए। महज आठ दिनों में दूसरी बार पीएम बिहार दौरे पर आए हैं। वह सोमवार को देर शाम पटना पहुंचे और एयरपोर्ट से सीधे पूर्व उपमुख्यमंत्री दिवंगत सुशील कुमार मोदी के आवास पर उनके परिजनों से मिलने के लिए निकल गए। यहां उन्होंने दिवंगत सुशील कुमार मोदी को श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया।

इसके बाद पीएम मोदी भाजपा कार्यालय पहुंचे। पहली बार देश के प्रधानमंत्री भाजपा के प्रदेश कार्यालय पहुंचे हैं। यहां करीब वरीय नेताओं व कार्यकताओं से मुलाकात कर रहे। पीएम के कार्यक्रम को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय को सजाया गया है। पिछले एक सप्ताह से भाजपा कार्यालय में पीएम मोदी के आगमन की तैयारी चल रही है। इधर, पीएम के कार्यक्रम को लेकर पटना के बेली रोड, राजेंद्र नगर में कई जगह बैरिकेडिंग कर दी गई। इस कारण कई इलाकों में जाम लग गया। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। भाजपा कार्यालय से पीएम सीधे राजभवन पहुंचे। पीएम के आगमन को देखते हुए भाजपा कार्यालय में त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है। पीएम मोदी रात में राजभवन में ही विश्राम किया। पीएम के आगमन के लेकर सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। वहीं मंगलवार को पीएम मोदी दो बड़ी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। सीवान के गोरियाकोठी में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद पीएम पूर्वी चंपारण जाएंगे। यहां पर वह चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

**तेजस्वी ने फिर बोला हमला:**

इधर, पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने फिर से हमला बोला है। तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा कि आप इस चुनाव में 11वीं बार बिहार आ रहे हैं। आप हार के डर से भले ही हमें लाख गालियां दीजिए, इस झुलसती गर्मी में जब तक आपके हृदय को ठंडक ना मिले तब तक इस 34 साल के तेजस्वी पर निम्नस्तरीय निजी हमले करते रहें, पर आपसे हाथ जोड़कर विनम्र प्रार्थना है कि आप मेरे बिहार और प्यारी जनता के सवालों का जवाब अवश्य दीजिए। बिहार एकालाप कतई पसंद नहीं करता। तेजस्वी ने पूछा प्रधानमंत्री जी, बिहार की जनता आपसे जानना चाहती है कि आपने 10 सालों में बिहार से जो वादे किए थे उनमें से एक भी वादा आप पूरा क्यों नहीं कर पाए? क्यों आप अब अपने ही वादों पर कुछ नहीं बोलते हैं?

### लोकसभा चुनाव का 5वां चरण: प. बंगाल में सबसे अधिक 73 प्रतिशत वोटिंग

# फिर कम वोटिंग... 49 लोकसभा सीटों के लिए शाम 5 बजे तक 57.40 % मतदान

- 2019 के लोकसभा चुनाव में इन्हीं 49 सीटों पर 62.01 प्रतिशत हुआ था मतदान
- पांचवें चरण में महाराष्ट्र में सबसे कम 48.66 प्रतिशत हुई वोटिंग

**एजेंसी/नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में सोमवार को 6 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर वोटिंग की गई। इसमें कुल 695 उम्मीदवारों की किस्मत दांव लगी थी। जिसमें उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में वोट डाले गए। इसके पहले 19 अप्रैल, 26 मई, 7 मई और 13 मई को वोट डाले गए थे। 49 लोकसभा सीटों के लिए 57.40 फीसदी मतदान हुआ। जो की 2019 में हुए 62.01 की तुलना में काफी कम है। हालांकि चुनाव आयोग का कहना है कि यह आंकड़े अंतिम नहीं है। जिसमें सबसे कम मतदान महाराष्ट्र में 48.66 प्रतिशत हुआ। जबकि सबसे अधिक मतदान पश्चिम बंगाल में 73 प्रतिशत रहा।




### उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर कुल 57.98 प्रतिशत मतदान

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर मतदान हुआ। इस चरण में इन सीटों पर कुल 57.98 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 52.23 प्रतिशत वोटिंग हुई जबकि बाराबंकी सीट पर मतदान का प्रतिशत सबसे ज्यादा रहा। यहां पर 67.10 प्रतिशत वोटिंग हुई। लखनऊ से सटे मोहनलालगंज में 62.72 प्रतिशत, रायबरेली में 58.04 प्रतिशत, अमेठी में 54.40 प्रतिशत, जालौन में 56.15 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी तरह झांसी में 63.70 प्रतिशत, हमीरपुर में 60.56 प्रतिशत, बांदा में 59.64 प्रतिशत, फतेहपुर में 57.05 प्रतिशत, कौशाम्बी में 52.79 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा, फैजाबाद लोकसभा सीट पर 59.10 प्रतिशत, कैसरगंज में 55.68 प्रतिशत और गोंडा में 51.64 प्रतिशत मतदान हुआ। लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में 52.45 प्रतिशत वोटिंग हुई। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर चार केन्द्रीय मंत्री सहित भाजपा के 11 मौजूदा सांसदों का राजनीतिक भविष्य तय होगा। रायबरेली सीट पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी हैं तो लखनऊ सीट पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह प्रत्याशी हैं। लखनऊ के ग्रामीण इलाकों की मोहनलालगंज सु. सीट पर केन्द्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर भी तीसरी बार मैदान में हैं। वहीं अमेठी की चर्चित सीट पर केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भाजपा की उम्मीदवार है।

### बिहार में पांचों सीटों पर कुल 55.85 प्रतिशत मतदान

**पटना।** बिहार में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में पांच सीटों सारण, हाजीपुर, सीतामढ़ी, मधुबनी और मुजफ्फरपुर में सोमवार को वोटिंग हुई। शाम 6 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार इस चरण में पांचों सीटों पर कुल 55.85 प्रतिशत मतदान हुआ। बसे ज्यादा मुजफ्फरपुर में 58.10 फीसदी वोटिंग हुई और सबसे कम मधुबनी में 52.20 फीसदी वोट गिरे। वहीं, सीतामढ़ी में 57.55 प्रतिशत, सारण में 54.50 प्रतिशत और हाजीपुर में 56.84 प्रतिशत मतदान हुआ। हालांकि फाइनल आंकड़ा थोड़ा बढ़ सकता है। छपरा के तेलपा में पोलिंग बूथ पर आरजेडी प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के बार-बार आने से बीजेपी के लोगों ने हंगामा कर दिया।
वहीं छपरा के रिवीलगंज प्रखंड के सेंगरटोला स्थित मतदान केंद्र संख्या 82, 83, 84, 85, 86 पर उपद्रवियों ने पुलिस टीम पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। सारण के अमनौर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 12, 13 ,14 को लेकर निवर्तमान सांसद राजीव प्रताप रूडी ने लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने सारण विकास मंच के संयोजक शैलेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ बूथ कैप्चरिंग के आरोप लगाए हैं।

## अहमदाबाद एयरपोर्ट से इस्लामिक स्टेट के चार आतंकी गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात पुलिस ने अहमदाबाद एयरपोर्ट से इस्लामिक स्टेट के चार आतंकियों को अरेस्ट किया है। पुलिस ने सभी आंतकवादियों को अहमदाबाद एयरपोर्ट से अरेस्ट किया है। पुलिस के अनुसार ये सभी श्रीलंका के रहने वाले हैं। ये सभी इस्लामिक स्टेट से जुड़े हुए हैं। गुजरात पुलिस की एटीएस ने आतंकियों को अरेस्ट करने के बाद इस मामले की जांच शुरू कर दी है। आतंकवादी किस मकसद से अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचे थे। इसका पता लगाने की कोशिश की जा रही है। पिछले साल पुलिस ने पोरबंदर से आईएसआईएस के लिए काम करने वाले कुछ संदिग्धों को पकड़ा था। तब क्र के इंडिया मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ था।

सूत्रों के अनुसार ये देश में बड़ा आतंकी हमला करने के लिए श्रीलंका से भेजे गए थे। शुरूआती जांच में सामने आया है कि ये श्रीलंका से वाया चेन्नई अहमदाबाद पहुंचे थे। अहमदाबाद से की टारगेटेड लोकेशन पर पहुंचने से पहले ही गुजरात अळर ने अरेस्ट कर लिया। यह भी सामने आया है कि ये आतंकी पाकिस्तान के हैंडलर के आदेश का इंतजार कर रहे थे। इन आतंकीओ तक हथियार भी अलग से पहुंचाने जाने वाले थे।

## इलाज के लिए भारत आए बांग्लादेश के सांसद लापता

**केटी न्यूज/ पटना**



बांग्लादेश के एक सांसद अनवारुल अजीम अनार भारत आने के दौरान लापता हो गए हैं। उनका आखिरी लोकेशन बिहार के मुजफ्फरपुर में मिली है। जिसके बाद से सांसद का परिवार टेंशन में हैं। ऐसे में अब उनकी बेटी ने ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूस शाखा (डीबी) से मदद की गुहार लगाई है। अनवारुल अजीम अनार तीसरी बार सांसद चुने गए हैं।

जानकारी के अनुसार, इलाज के लिए भारत जाने के दौरान सांसद अनवारुल अजीम लापता हो गए। इस मामले पर उनकी बेटी ने डीबी प्रमुख और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त हारुण-या-रशीद से मुलाकात की। डीबी पुलिस ने अपने बयान में कहा कि वह सांसद अजीम को खोजने के लिए भारतीय पुलिस के साथ काम कर रहे हैं। वहीं, इस मामले में डीबी चीफ हारूण ने बताया कि उनके भारतीय मोबाइल फोन नंबर का अंतिम लोकेशन बिहार के मुजफ्फरपुर में मिला है। सांसद अनवारुल अजीम 12 मई को दर्शना-गेडे सीमा के जरिए भारत में दाखिल हुए थे। वहां गोपाल नाम के व्यक्ति के घर रुके। अगले दिन, वह नाश्ता करने के बाद घर से निकल गए। उन्हें शाम को घर लौटना था, लेकिन वह लौटे ही नहीं। यही नहीं, 16 मई की सुबह सांसद के दो मोबाइल फोन नंबरों से डीबी प्रमुख और जेनाइदाह जिला अवामी लीग के महासचिव सईदुल करीम मिंटू के फोन पर एक फोन कॉल किया गया था। लेकिन उनमें से कोई भी कॉल रिसीव नहीं हो पाया। डीबी प्रमुख ने यह भी कहा कि उन्होंने अजीम के लापता होने पर भारतीय विशेष कार्य बल से भी संपर्क किया है। वह इस मुद्दे पर मिलकर काम कर रहे हैं। सुनने की समस्या के इलाज के लिए अनवारुल अजीम भारत गए थे। आमतौर पर उनका एक कान बंद रहता है। वह अक्सर इलाज के लिए भारत आते रहते हैं। वहीं सांसद की बेटी का कहना है कि हम पिछले तीन दिनों से अपने पिता से फोन पर संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। कभी फोन चालू होता है और कभी बंद हो जाता है। हम अब जल्द ही भारत जाने की योजना बना रहे हैं।

## ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर हादसे में मौत

**एजेंसी/तेहरान**

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर हादसे में मौत हो गई है। राष्ट्रपति रईसी के साथ विदेश मंत्री हुसैन आमिर-अब्दुल्लाहाई, पूर्वी अजरबैजान के गवर्नर मालेक रहमती समेत 9 लोगों की देश के उत्तर-पश्चिम इलाके में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई।

ईरान के सरकारी टीवी ने ये जानकारी दी है। रविवार को ईरान के राष्ट्रपति को लेकर जा रहा हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।



रईसी के साथ ईरान के विदेश मंत्री अमीर अब्दुल्लाहियान भी सवार थे। हालांकि, अभी हादसे कैसे हुआ इस बारे में जानकारी सामने नहीं आई है लेकिन एक्सपर्ट का मानना है कि रईसी का हेलीकॉप्टर अचानक आए कोहरे का शिकार बन गया।

## नाबालिग लड़की से गैंगरेप के बाद जिंदा जला देनेवाले दो दोषियों को मिली फांसी की सजा

**एजेंसी/जयपुर**

राजस्थान में चर्चित जघन्य भट्टी कांड में पोक्सो कोर्ट ने दो दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। शाहपुरा जिले के कोटड़ी में नाबालिग से गैंगरेप कर भट्टी में जलाने के मामले में दो दोषियों को फांसी की सजा सुनाई गई है। भीलवाड़ा पॉक्सो कोर्ट 2 ने दो दिन पहले 9 में से दो मुख्य आरोपी कालू और कान्हा को दोषी करार दिया था। जबकि सात आरोपियों को बरी कर दिया था। कोर्ट ने फैसला सोमवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया था। आज कोर्ट ने कालू और कान्हा को फांसी की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक महावीर किसनावत ने बताया कि नाबालिग लड़की को पिछले साल अगस्त में गैंगरेप के बाद कोयले की भट्टी में जिंदा जला दिया गया था।

कोर्ट ने इस हत्याकांड को जघन्य अपराध माना है। जिन सात आरोपियों को बरी किया है। उनमें दोनों दोषियों की पत्नी, मां, बहन और अन्य शामिल हैं। बता दें कि शाहपुरा के कोटड़ी थाना इलाके के एक गांव में यह वारदात हुई थी। लड़की 14 साल की थी। उसके पिता ने वारदात से 4 महीने पहले कान्हा और कालू नाम के दो भाइयों को खेत किराए पर दिया था। वे खेत से 1 किलोमीटर दूर कोयला भट्टी के पास झोपड़ी बनाकर रहने लगे। 2 अगस्त 2023 को लड़की का परिवार रिश्तेदारी में गया था। लड़की सुबह 9 बजे तीन बकरियों को चराने निकली थी। दोनों भाई उसका मुंह दबाकर भट्टी के पीछे ले गए और 4 घंटे तक गैंगरेप किया। उसके बाद भट्टी में फेंककर हत्या कर दी थी।






### अभय सिन्हा बोले- फिल्म अग्निसाक्षी का कांस में आना भोजपुरी फिल्मों के लिए सम्मान की बात

## प्रदीप पांडेय की फिल्म अग्निसाक्षी का पोस्टर ट्रेलर कांस में प्रदर्शित



**एजेंसी/मुंबई**

फ्रांस के नीस सिटी में आयोजित कांस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दौरान इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन द्वारा स्थापित सीआईआई भारत पवेलियन, पैलेस - 1, बूथ नंबरः 24.01 में सुपर स्टार प्रदीप पांडेय चिंटू की फिल्म अग्निसाक्षी के पोस्टर ट्रेलर का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय सिन्हा, फिल्म के निर्माता निर्देशक राजकुमार आर पांडेय और प्रदीप पांडेय चिंटू के साथ कॉमेडियन राजपाल यादव, हीरामंडी के हीरो तहा शाह, आदि मौजूद रहे।

इस अवसर पर इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय सिन्हा ने फिल्म अग्निसाक्षी के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि कांस में आना भोजपुरी फिल्मों के लिए सम्मान की बात रही है। इसके लिए मैं राज कुमार आर पांडेय और प्रदीप पांडेय चिंटू को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ। वहीं, फिल्म के लिए राज कुमार आर पांडेय ने भी अपनी खुशी जाहिर की और कहा कि हमारी फिल्म का पोस्टर और ट्रेलर कांस में प्रदर्शित हो रहा है। कभी सपने में नहीं सोचा था कि भोजपुरी सिनेमा को कांस तक पहुंचेगी। इसमें अभय सिन्हा का सराहनीय योगदान रहा है। फिल्म अग्नि साक्षी की पूरी टीम इसके लिए उनका शुक्रगुजार है।

वहीं, कांस में प्रदीप चिंटू पांडेय फिल्म अग्नि साक्षी को लेकर रोमांचित नजर आये। उन्होंने कहा कि मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि आज कांस इंटरनेशनल का शामिल होने का सौभाग्य मिला। यहां हॉलीवुड, बॉलीवुड समेत दुनिया भर से फिल्में आती हैं और बड़े पर्दे पर रिलीज होती हैं। अग्नि साक्षी पहली भोजपुरी फिल्म है, जो यहां प्रदर्शित हो रही है। उन्होंने कहा कि बड़े और भव्य कैनवास पर बनी ये फि ल्म अपनी संस्कृति और संस्कारों को संजोए एक ड्रामेटिकल सोशल और पारिवारिक मुद्दे पर आधारित फिल्म है, जो आप सभी के दिल को जरूर छूयेगी। इसलिए दर्शकों से अपील है फिल्म जरुर देखें।

## मुंडन संस्कार में भाग लेने के लिए सभी लोग सिमरिया घाट पर कर रहे थे स्नान

# गंगा स्नान करने के दौरान पांच युवकों की डूबने से मौत, एक की बचाई गई जान

- स्नान करने के दौरान सभी छह युवक गहरे पानी में जाने के कारण अचानक डूबने लगे। एक दूसरे को बचाने के चक्कर में सभी युवक डूब गये
- एक युवक को स्थानीय मछुआरों ने बचा लिया गया



**केटी न्यूज/बेगूसराय**

बेगूसराय में गंगा स्नान करने के दौरान पांच युवकों की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब यह युवक अपने परिजनों के साथ एक मुंडन संस्कार में गये थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना चकिया थाना क्षेत्र के सिमरिया गंगा घाट की है। मरने वालो में बरौनी निवासी सोनू कुमार के पुत्र रोहित कुमार (21) और बाबू साहब (17) हैं। वही अधिक शाह के पुत्र अजय कुमार (18), प्रकाश मिश्रा के पुत्र ओम मिश्रा (17) और चंदन राम के पुत्र कर्तव्य कुमार (20) शामिल हैं। डूबने वाले में दो सगे भाई थे।

**मुंडन संस्कार में शामिल होने आये थे :** घटना के संबंध में परिजनों का कहना है कि छह युवक राजु कुमार के पुत्र के मुंडन संस्कार में भाग लेने के लिए सिमरिया गंगा घाट गए थे। इस दौरान सभी युवक गंगा स्नान करने लगे। स्नान करने के दौरान सभी छह युवक गहरे पानी में जाने के कारण अचानक डूबने लगे। एक दूसरे को बचाने के चक्कर में सभी युवक डूब गये। घाट पर शोर गुल सुनकर वहां मौजूद स्थानीय गोताखोर तुरंत नदी में कूद पड़े। इस दौरान उन छह में से एक युवक को बचा लिया गया लेकिन अन्य युवक गंगा की तेज धारा में बह गये। हालांकि स्थानीय लोग और गोताखोरों की मदद से सभी का शव बाहर निकाल लिया गया।

**पहले पिता की मौत हुई अब दो भाइयों की:** घटना के संबंध में मृतक दो भाइयों के छोटे भाई मोहित कुमार ने बताया कि वह लोग राजू कुमार के यहां किराए के मकान में रहते हैं। राजू कुमार के यहां मुंडन संस्कार होना था, जिसको लेकर लोग सिमरिया घाट आये थे। पहले युवक जब नदी में उतर तब पानी कम लग रहा था। वह आगे बढ़ते चले गये। उनके कमर तक पानी दिख रहा था। वहां पास खड़े कुछ लोगों ने आगे बढ़ने से मना किया था। परंतु युवक नहीं माने और वह आगे बढ़ते चले गये। तभी अचानक एक युवक डूबने लगा। उसे बचाने के चक्कर में दूसरे उसे पकड़ने का प्रयास किया। वह भी अपने आप को संभाल नहीं पाया और डूबने लगा। इस तरह से बारी-बारी से सभी युवक एक दूसरे को बचाने के प्रयास में डूबने लगे। यह हादसा देख स्थानीय लोगों ने बचाने का प्रयास किया। पानी में गहरी खाई होने के कारण कुछ भी पता नहीं चल पा रहा था। इस घटना में उनके दो सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि स्थानीय नाविको के द्वारा एक युवक को बचाया गया जिसके बाद खोजबीन करते करते एक के वाद पांच शव बरामद किये गये। घायल का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा हैं। उनके पिता रिक्शा चलाते थे जो अब इस दुनिया में नहीं हैं। एक की बची जान घटना के संबंध में चकिया थाना के पुलिस अधिकारी पवन कुमार का कहना है कि इस घटना में डूबने से कुल 5 लोगों की मौत हुई है। वहीं घटना के संबंध में ग्रामीण सुबोध कुमार ने बताया कि मुंडन संस्कार में भाग लेने के लिए सभी लोग सिमरिया घाट गए थे, जहां सभी युवक पुराने पाया के पास स्नान करने लगें। तभी गहरे पानी में चले जाने से यह घटना हुई है। उनमें से एक युवक को स्थानीय मछुआरों ने बचा लिया गया।

## मुझे यहां किडनैप कर लिया गया है, ये लोग 2 करोड़ रुपए मांग रहे हैं : भोजपुर का युवक गौरव

**केटी न्यूज/पटना**



आज कल हम जब भी खबरें पढ़ते है तो कुछ बड़ी ही दिमाग चकराने वाली खबरें भी सामने आती है। जिसके बाद हमारे दिल और दिमाग में सवालों का उफान उमड़ पड़ता है। ऐसी ही चौकाने वाली खबर गुजरात से आई है जहां ड्रगस के लिए एक जिंदा इंसान को गिरवी रख दिया। मतलब आज के समय मे नशा कुछ भी करवा सकता है। भारतीय तट रक्षक और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने 29 अप्रैल को 173 किलोग्राम ड्रग्स पकड़ी थी।इसकी कीमत करीब 100 करोड़ से ज्यादा बताई गई थी।एक संयुक्त अभियान में, गुजरात आतंकवाद विरोधी दस्ते ने पोरबंदर के तट पर ये ऑपरेशन किया था।इसमें 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। अफसरों ने बताया कि ये पैडलर्स ड्रग्स के बदले बिहार के भोजपुर के युवक को ईरान की गैंग के पास गिरवी रखकर आए थे। 23 साल के गौरव को गैंग ने ईरान की तेल कंपनी में नौकरी के नाम पर बुलाया था। तेल कंपनी में जॉब दिलाने के नाम पर 15 फरवरी को गौरव को बुलाया गया था। 17 फरवरी को वो मुंबई में पहुंचा। जहां करीब 6 दिन रहने के बाद उसे ईरान ले जाया गया। 8 मई तक उसकी परिवार से बातचीत हो रही थी। उसके बाद से उसका कुछ पता नहीं। परिवार को वॉट्सऐप पर वॉइस मैसेज मिला है। इसमें युवक कह रहा है कि मुझे यहां किडनैप कर लिया गया है। ये लोग 2 करोड़ रुपए मांग रहे हैं। गौरव पीरो प्रखंड के सुखरौली गांव का रहने वाला है। उसके पिता का नाम मूंगा लाल साह है। गौरव कुमार के बड़े भाई राजन कुमार ने बताया कि हमारे बहनोई गुप्तेश्वर दुबई में एक कंपनी में काम करते हैं। उन्होंने एक मिस्टर साहू को गौरव का नंबर दिया था। जिसके बाद उसने कहा कि वो गौरव की तेल कंपनी में नौकरी लगवा देगा। गौरव कुमार के बड़े भाई राजन कुमार ने बताया कि गौरव के वीजा का पैसा भी उसी एजेंट ने दिया था। गौरव से एक रुपए भी नहीं लिए गए। एक महीने का रिटर्न वीजा था। वहां पर तेल कारखाने में केवल 15 से 20 दिनों का काम कहकर ले जाया गया था। ईरान जाने के लिए गौरव 15 फरवरी को घर से ईरान के लिए पटना जंक्शन पहुंचा।पटना जंक्शन से लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस ट्रेन से मुबंई पहुंचा। जॉब एजेंट कंपनी जबकि एक तरह की वो इंटरनेशनल किडनैपर गैंग के खर्च पर मुंबई एक होटल में करीब एक सप्ताह ठहरा।उसने गौरव को ईरान बुला लिया। उसके बाद वह गौरव को छोड़कर फरार हो गया है। उसके बाद 22 फरवरी को एयर अरबिया एयरलाइंस से शारजाह एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरी। शारजाह में उसे इंटरनेशनल किडनैपर गैंग हैंडलर मिस्टर साहू और सोनू ने रिसीव किया।राजन ने बताया कि आखिरी बार जब बात हुई थी तब गौरव ने बताया था कि उसे जिस काम के लिए ईरान ले जाया गया था।

## एक लाख 60 हजार की सुपारी देकर पिता ने कराई थी बेटे की हत्या

**केटी न्यूज/सुपौल**

सुपौल जिले के जदिया थाना क्षेत्र के कोरियापट्टी पश्चिम गांव से विगत 20 दिसंबर से लापता युवक का मिट्टी दफन कंकाल रविवार की देर शाम छातापुर थाना इलाके से बरामद हुआ। एसडीपीओ ने बताया कि बीते 20 दिसंबर से जदिया थाना के कोरियापट्टी निवासी भूपेंद्र यादव का बेटा नीतीश कुमार अचानक गायब हो गया था। पुलिस ने वैज्ञानिक अनुसंधान के तहत रमेश कुमार उर्फ फौजी को ललितग्राम थाना क्षेत्र से हिरासत में लेकर पूछताछ की। रमेश ने मृतक नीतीश के पिता भूपेंद्र यादव द्वारा एक लाख 60 हजार रुपये देकर हत्या की सुपारी देने की बात स्वीकारी है। इसके बाद पुलिस पिता की तलाश में जुट गई है।

## वज्रगृह में ईवीएम ले जा रहे वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, जमकर हुआ पथराव


**केटी न्यूज/वैशाली**

वैशाली में हाजीपुर लोकसभा संसदीय सीट से चुनाव समाप्त होने के बाद हाजीपुर स्थित आरएन कॉलेज में बने वज्रगृह में ईवीएम ले जा रहे वाहन ने बाइक सवार एक युवक और दो बच्चे को टक्कर मार दी। इसके बाद घटनास्थल पर अफरातफरी का माहौल हो गया। सभी को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि घटनास्थल से भाग रहे वाहन को रोककर गुस्साए ग्रामीणों ने उसपर जमकर पथराव किये, जिसमें कई पुलिसकर्मी भी चोटिल हो गये। घटना राजापाकर थाना क्षेत्र के फरीदपुर गांव की है। घायलों की पहचान महुआ थाना क्षेत्र के ताजपुर बुजुर्ग निवासी बिपुल कुमार (20 ), अंकित (14) और आदित्या कुमार (7) के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि चाचा और उनके दो भतीजे बाइक पर सवार होकर बाजार से घर लौट रहे थे। तभी फरीदपुर के पास वज्रगृह में ईवीएम ले जा रहे वाहन ने उन्हें रौंद दिया।


कुमार आर्थोपेडिक क्लिनिक
डा0 अजित किशोर
M.B.B.S (N.M.C.H. Patna) M.D. (P.M.C.H. Patna)
Consultant Physician, Medical Officer (Bihar Govt.)
चिकित्सा पदाधिकारी अनुमण्डलीय अस्पताल, डुमराँव
छाती, पेट एवं शुगर रोग विशेषज्ञ
मो०-9122226720


## मिहिर की हत्या का खुला राज, शरीर पर मिले फिंगर प्रिंट से स्कूल संचालक आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**केटी न्यूज/गया**



गया के चर्चित छात्र मिहिर हत्याकांड का गया पुलिस ने खुलासा कर दिया है। छात्र के शरीर पर मिले आरोपी के फिंगर प्रिंट के कारण पुलिस आरोपी तक पहुंच पाई है। स्कूल में 12 वर्षीय छात्र मीहिर कुमार की पिटाई की गई थी, जिस वजह से छात्र की मौत हो गई थी। साक्ष्य छुपाने के लिए आरोपी ने छात्र के शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया था। फिलहाल पुलिस ने स्कूल संचालक के पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में सीनियर एसपी आशीष भारती ने बताया कि आठ मई को 12 वर्षीय छात्र मिहिर का शव गया-किउल रेलखंड के रेलवे ट्रैक पर मिला था। छात्र के परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस स्कूल संचालक पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित की गई। उसके बाद अनुसंधान शुरू किया गया। इस दौरान पुलिस टीम वैज्ञानिक जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आरोपी तक पहुंची और अब उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी स्कूल संचालक का पुत्र हर्ष कुमार है।

घटना के संबंध में सीनियर एसपी आशीष भारती ने बताया कि पुलिसिया जांच के दौरान पता चला कि वजीरगंज थाना क्षेत्र में स्थित इंदिरा गांधी बेसिक स्कूल में छात्रों के साथ आए दिन मारपीट की घटना होते रहती थी। पूर्व में भी इस तरह की शिकायत अभिभावकों द्वारा किया गया था। उस दिन भी छात्र मिहिर कुमार के साथ मारपीट की घटना हुई थी। इस घटना में मिहिर की मौत हो गई। साक्ष्य को छुपाने के लिए स्कूल संचालक के पुत्र हर्ष कुमार अपने सहयोगियों के साथ छात्र मिहिर के शव को रेलवे ट्रैक के पास फेंक दिया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी हर्ष कुमार स्कूल में छात्रों को पढाता था। छात्र के शरीर पर आरोपी के फिंगर प्रिंट मिले थे, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच करते हुए कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के बाद घटना में शामिल अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस छानबीन कर रही है। पुलिस का दावा है कि हत्याकांड में जो भी लोग जुड़े होंगे या अहम भूमिका होगी। उन्हें तत्काल गिरफ्तार किया जाएगा।


CAMBRIDGE SCHOOL DUMRAON
HARNAHI ROAD, DUMRAON, BUXAR- 802119
Affiliated to C.B.S.E., Delhi, Up to (10+2)- Aff. No. 330723
A CO-EDUCATIONAL SCHOOL FROM NURSERY TO STD. XII
ADMISSION NOTICE FOR STD. XI (SCIENCE & COMMERCE STREAMS)

REGISTRATION & ADMISSION STARTED

ELIGIBILITY CRITERIA
- DIRECT ADMISSION with INTERVIEW FOR CLASS X (2024) PASS OUT STUDENTS OF CAMBRIDGE GROUP OF SCHOOLS with 80% MARKS for PCM, 70% for PCB and 60% for COMMERCE STREAM.
- ADMISSION TEST & INTERVIEW WILL BE CONDUCTED FOR THE STUDENTS OF OTHER SCHOOLS.

SCHOLARSHIP SCHEME
- CANDIDATES WITH 95% & ABOVE WILL BE GIVEN FULL FREESHIP (100% REBATE IN ADMISSION FEE AND MONTHLY TUITION FEE) FOR BOTH CLASSES XI & XII.
- CANDIDATES WITH 90% & ABOVE WILL BE GIVEN HALF FREESHIP (50% REBATE IN ADMISSION FEE AND MONTHLY TUITION FEE) FOR BOTH CLASSES XI & XII.

CHAIRMAN - MR. T.N. CHOUBEY

TOPPERS IN AISSCE (Std. XII)
1st SHAKSHI KUMARI 94.80%
2nd ANKIT KUMAR 92.60%
3rd SANJANA KUMARI 92.00%
SUBJECTWISE HIGHEST MARKS
• English Core - 97 • Mathematics - 95 • Accountancy - 95
• Hindi Elective - 95 • Biology - 96 • Business Studies - 93
• Physics - 95 • Chemistry - 95 • Economics - 94

TOPPERS IN AISSE (Std. X)
1st ARADHYA GUPTA 96.80%
2nd RUKHSAR NAAZ 95.00%
3rd SANANDAN DUBEY 94.80%
SUBJECTWISE HIGHEST MARKS
• English - 94 • Hindi - 95 • Science - 96
• Sanskrit - 100 • Mathematics - 100 • Social Science - 100


INFORMATION
REGISTRATION FORMS are AVAILABLE and can be OBTAINED from the ADMISSION CELL at CAMBRIDGE SCHOOL DUMRAON, (Junior Wing, Dr. Jagnarayan Hospital Campus) on all working days from 08 AM to 2 PM.

8210918840, 7319972175, 6396686958
www.cambridgeschooldumraon.in
www.facebook.com/CAMBRIDGEDUMRAON
LIMITED SEATS Hurry Up



S2 Mall
SCPL
RERA REG NO. - BRERAP00017-4/200/R-111/2018



ESCALATOR
FOOD COURT
SHOPPING
FINE DINE RESTAURANT
KIDS ZONE
MULTIPLEX

SHANTI CREATION PVT. LTD.
For Booking Contact : 9431019808, 9693777038
Reg H.O. : G-1, Vidya Vatika Apartment, East Boring Canal Road, Gorakh Nath Lane, Patna - 800001
E-Mail : shanticreationpvtltd@gmail.com | Web : www.scplpatna.in

# प्रचंड बहुमत से अबकी बार केन्द्र में बनेगी एनडीए की सरकार : संजय सिंह

- जदयू के एमएलसी ने चौगाईं में चुनावी सभा को किया संबोधित, मौजूद थे सैकड़ो लोग

**केटी न्यूज/चौगाई**



आसन्न लोकसभा चुनाव में केन्द्र में प्रचंड बहुमत से एनडीए की सरकार बनने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विकास की राजनीति करते है। जिस कारण जनता को पसंद आ रहे है। उक्त बातें सोमवार को चौगाईं के एक निजी सभागार में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए जदयू एमएलसी संजय सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने तेजी से विकास किया है। वही बिहार में भी जदयू भाजपा की सरकार में न्याय के साथ विकास हुआ है। जिस कारण जनता का अपार समर्थन एनडीए को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार की सभी चालीस सीटो के साथ ही इस बार 400 के पार का नारा सकार होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में विपक्ष का सूपड़ा साफ होने जा रहा है। सभी भ्रष्टाचारी एनडीए के नेतृत्व वाली मोदी सरकार को रोकने के लिए गठबंधन बनाए है। लेकिन जनता उनके झांसे में नहीं आने वाली है। सभा की अध्यक्षता जदयू के प्रदेश सचिव सीताराम सिंह व संचालन हरेन्द्र सिंह ने किया। सभा को जदयू के प्रदेश महासचिव विनोद राय ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास न नेता है, न नीति और न ही नियत। ऐसे में एनडीए को रोकने वाला कोई नहीं है। पीएम मोदी के कार्यकाल में देश का विकास हुआ है। लगातार नेशनल हाईवे का निर्माण हो रहा है। हरेक जगहों पर बेहतरीन मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण हरा है। देश में तेजी से आर्थिक समृद्धि आयी है। कार्यक्रम में जदयू के दिनेश सिंह, बिरेन्द्र सिंह लाला, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राम कुमार सिंह, पिंटू सिंह मास्टर, ऋषिकांत सिंह प्रखंड प्रमुख समेत एनडीए के सभी घटकों के दर्जनों कार्यकर्ता व सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### दो बाइक की टक्कर में अधेड़ जख्मी, टूटा पैर

**ब्रह्मपुर।** सोमवार की सुबह ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के गरहथा गांव के पास एनएच 922 पर दो बाइक आपस में टकरा गई। इस दुर्घटना में एक अधेड़ जख्मी हो गया। उसका दाहिना पैर टूट गया। संयोग से मौके पर मौजूद एक ग्रामीण चिकित्सक ने तत्काल उसके टूटे पैर को एक गमछे से बांध खून के बहाव को रोक राहत पहुंचाई। वही, आस पास में मौजूद लोगों ने डायल 112 पर फोन कर घटना की जानकारी दी। तत्काल डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची तथा उसे इलाज के लिए रघुनाथपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां, प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जख्मी की पहचान ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के जवही दियर गांव के जनार्दन चौबे उम्र 55 वर्ष के रूप में की गई। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो वे गहरथा के पास लेन क्रास कर रहे थे, इसी दौरान बक्सर की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे उनका पैर टूट गया। दुर्घटना को अंजाम दे दूसरे बाइक का चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया। वही, इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय गांव के उनके रिश्तेदार कमल नयन तिवारी भी मौके पर पहुंचे। लोगों ने त्वरित प्राथमिक इलाज के लिए ग्रामीण चिकित्सक राजू मिश्र का आभार जताया। डायल 112 के विनोद सिंह ने भी कहा कि दुर्घटना के समय तत्काल इलाज मिलने से लोगों की जान बच जाती है।

### मामूली बात पर युवक की बेरहमी से पिटाई

**सिमरी।** तिलक राय हाता ओपी क्षेत्र के नियाजीपुर गांव स्थित मां काली मंदिर के सामने खड़ी कर हटाने को लेकर दो पक्षों के बीच उपजे विवाद में सोमवार की सुबह जमकर मारपीट हुई। जिसमें मनोज पाठक नामक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वही आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। तथा घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजें। वहीं चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दी। घटना की पुष्टि करते हुए पुलिस ने बताया कि घायल युवक की ओर से सात लोगों के खिलाफ नाम जड़ शिकायत दर्ज कराई गई है। इधर घटना के बारे में घायल युवक ने बताया कि सोमवार की सुबह अपने निजी कार्य से मां काली मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए गया हुआ था। की इसी बीच ना मुझे वहां पहुंचकर कार को वहां से हटाने के लिए बोले। जबकि कर पहले से ही सड़क के किनारे पर खड़ी की गई थी। ताकि यात्रियों को आवा गमन के दौरान किसी भी तरह की परेशानी ना हो। वही मामले में पुलिस ने बताया कि घायल युवक की ओर से प्राप्त शिकायत की जांच की जा रही है।

### भीषण गर्मी से बेहोश हुई कक्षा नौ की छात्रा

**केसठ।** भीषण गर्मी के बीच सरकारी स्कूलों की नई टाइमिंग शिक्षकों के साथ ही बच्चों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। भीषण गर्मी से शिक्षकों सहित बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सुबह में छात्र छात्राएं सुबह 6 बजे हड़बड़ी में स्कूल पहुंच रहे है। इसमें वे नाश्ता भी नहीं कर पा रहे है। इस कारण वे स्कूल के अंदर बेहोश होकर गिर रहे है। सोमवार को प्रखंड के उच्च विद्यालय केसठ की कक्षा 9 की छात्रा आशकी कुमारी वर्ग कक्ष में ही पढ़ाई के दौरान बेहोश हो गई। आनन फानन में विद्यालय के शिक्षकों ने बेहोश हुई छात्रा को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र केसठ में ईलाज करा कर परिजनों को बुला घर भेज दिया। वही अधिक गर्मी की वजह से कई छात्र छात्राओं के नाक से खून निकलने की खबर मिली है। सोमवार को भीषण गर्मी के कारण लोग काफी परेशान दिखे। वही, छात्राओं के बीमार पड़ने से अभिभावकों में विभाग के प्रति रोष व्याप्त है। बता दें कि इन दिनों भीषण गर्मी व लू का दौर जारी है। जबकि विभाग द्वारा स्कूलों का संचालन सुबह छह बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जा रहा है।

### चौगाईं में निकली मतदाता जागरूकता रैली




**चौगाईं।** लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही मतदाता जागरूकता अभियान तेज हो गया है। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम अंशुल अग्रवाल की पहल पर पूर्व सैनिक संघ भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपने स्तर से जागरूकता अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को चौगाईं प्रखंड कार्यालय से पूर्व सैनिक संघ ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस रैली में स्थानीय पुलिस प्रशासन व प्रतिनिधि भी शामिल हुए थे। जबकि प्रखंड के विभिन्न गांवों के कुल 40 पूर्व सैनिकों के अलावे उनके संगठन के जिला स्तरीय पदाधिकारी भी मौजूद थे। प्रखंड कार्यालय से निकली यह रैली पूरे चौगाईं गांव का भ्रमण किया। इस दौरान मतदाताओं से स्वेच्छा से अपने मनपसंद के प्रत्याशी को मतदान करने की अपील की। इस दौरान कहा गया कि अपने मताधिकार का प्रयोग अपने स्वविवेक से करें। किसी के सिखावे में आकर नहीं करें। लोभ-लालच का त्याग करें। तभी देश का भला हो पाएगा। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने पहले मतदान फिर जलपान का नारा देते हुए लोगों से हर हाल में मतदान करने की अपील की। रैली में शामिल पूर्व सैनिक मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित गगनभेदी नारे लगा रहे थे। रैली में मुरार थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर कमल नयन पांडेय, चौगाईं बीडीओ तेज बहादुर सुमन, पूर्व सैनिक संघ के कैप्टन कन्हैया पंडित, प्रखंड प्रमुख ऋषि कांत सिंह, आईएसएम प्रेसिडेंट जनरल सतबीर सिंह, शाहाबाद प्रेसिडेंट डॉ मेजर पी के पांडेय समेत कई अन्य शामिल थे।

## खबरें फटाफट

### चौगाईं पीएचसी में लगा रक्तदान शिविर

**चौगाईं।** चौगाईं पीएचसी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के तरफ से चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मितेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ था। जिसमें स्वास्थ्यकर्मियों समेत कुल 23 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान करने वालो में विकास कुमार सिंह, लाला राम, महताब आलम, प्रमिता देवी, राजू कुमार सिंह, डॉ. जितेन्द्र कुमार, रविन्द्र कुमार, मंजीत कुमार सिंह, रिसू कुमार सिंह, निरंजन कुमार, निरंजन कुमार, रामजी तिवारी, गोविंद कुमार, हर्षित राज, धीरज कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, रौनक कुमार सिंह, सुनील कुमार, अखलाक हुसैन, मुनमुन कुमार, शिवम सिंह, कन्हैया सिंह, अजित कुमार सिंह, मो. हिफजुर रहमान ने रक्तदान किया।

### एमपी हाई स्कूल में बना फैसिलिटेशन केन्द्र

**बक्सर।** लोक सभा चुनाव 2024 में प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों के मताधिकार के प्रयोग के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में बक्सर एमपी हाई स्कूल परिसर में फैसिलिटेशन केन्द्र बनाया गया है। मतदानकर्मी पोस्टल बैलेट से अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान पदाधिकारी व कर्मियों को 22 मई से 25 मई तक तथा ड्राईवर, कंडक्टर एवं पुलिस पदाधिकारी के लिए 27 व 28 मई को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान के लिए फैसिलिटेशन केन्द्र की स्थापना की गयी है।

## दु:खद: डुमरांव में सड़क हादसे में गई दो की जान, एक महिला ने लगाई फांसी

# तेज रफ्तार डंपर ने ट्रक में मारी जोरदार टक्कर, इलाज के दौरान चालक की मौत

- एनएच 922 पर नया भोजपुर सब्जी मंडी के पास की है घटना
- दुर्घटना के बाद स्टेयरिंग पर फंस गया था चालक, दो घंटे की मशक्कत के बाद प्रशासनिक टीम ने निकाला बाहर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर ओपी क्षेत्र के एनएच 922 पर स्थानीय सब्जी मंडी के पास एक भीषण हादसे में गंभीर रूप से जख्मी डंपर चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने उसके शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के स्व. रामदुलार यादव के 50 वर्षीय पुत्र सुभाष यादव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार वह अपनी डंपर लेकर पटना की तरफ से आ रहा था। इसी दौरान एनएच 922 पर नया भोजपुर सब्जी मंडी के पास बालू लदी एक ट्रक तकनीकी खराबी के चलते सड़क के दाहिने साइड खड़ी थी। इधर तेज रफ्तार से चल रही डंपर एक बाइक चालक को बचाने में अचानक अनियंत्रित हो सामने खड़ी ट्रक में पीछे से टक्कर मार दिया। दुर्घटना के समय डंपर की स्पीड बहुत अधिक थी, जिस कारण उसका केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया तथा चालक स्टेयरिंग पर ही फंस गया। इसकी जानकारी मिलते ही तत्काल नया भोजपुर ओपी प्रभारी मनीष कुमार के नेतृत्व में डायल 112, एनएचएआई तथा अग्निशामन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। खुद ओपी प्रभारी अपने हाथों स्टेयरिंग को तोड़ उसे बचाने का प्रयास करने लगे। लेकिन जब सफलता नहीं मिली तो बाद में गैस कटर मंगवाया गया। करीब दो घंटे के रेस्क्यू के बाद उसे गैस कटर से काट बाहर निकाल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां, इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। हालांकि, स्टेयरिंग पर फंसे होने के दौरान उसकी हालत सामान्य बनी हुई थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि हादसें के डर से अचानक उसका हॉर्ट फेल हो गया, जिस कारण मौत हो गई। इस घटना के बाद एनएच 922 के दक्षिणी लेन पर करीब ढाई घंटे तक परिचालन बाधित था तथा गाड़ियों की लंबी लाईन लग गई थी। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जैसे ही जानकारी मिली तत्काल मौके पर पहुंच स्टेयरिंग में फंस चालक को काफी मशक्कत के बाद निकाल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।



### बाइक की टक्कर से जख्मी महिला की इलाज के दौरान मौत



**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के नोनियापुरा सोवां मार्ग पर एक तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। आनन फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना रविवार देर शाम की है। मृतका की पहचान लाली डेरा गांव के रास बिहारी यादव की 55 वर्षीय पत्नी जानकी देवी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार महिला सड़क पार कर रही थी, इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने उसे धक्का मार दिया। इसकी जानकारी मिलते ही परिजन स्थानीय स्तर पर प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे लेकर पटना गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हालांकि, इस मामले में परिजनों द्वारा समाचार लिखे जाने तक शिकायत नहीं कराई गई थी। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि परिजनों द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।



### संदेहास्पद स्थिति में महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के चिलहरी गांव में एक विवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। उसका शव कमरे में फंदे से लटका था। घटना रविवार रात की है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम करा ससुराल वालों को सौंप दिया है। मृतका की पहचान चिलहरी पूरब टोला के शंभू यादव की 32 वर्षीय पत्नी कंचन देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार उसकी शादी पांच वर्ष हुई थी और अभी तक दंपति को कोई बच्चा नहीं हुआ था। पति परदेश में रह प्राइवेट नौकरी करता था तथा कुछ दिन पहले ही गांव आया था। ग्रामीणों की मानें तो रविवार की शाम पति पत्नी के बीच विवाद हुआ था। वही, रात में उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। इस संबंध में नया भोजपुर ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने बताया शंभू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है। मायके वालों को भी घटना की जानकारी दी गई है। अभी तक मायके वाले नहीं आए है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कई बिंदुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है।

## डुमरांव पुलिस ने बरामद किया 1.70 लाख, 25 हजार का जुर्माना भी वसूला

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय पुलिस ने लोकसभा चुनाव को लेकर वाहन चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। विष्णु मंदिर के समीप डुमरांव पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक बाइक से एक लाख 70 हजार 500 रुपये को बरामद किया है। रुपये के बारे में वाहन चालक द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के बाद इसे जब्त कर लिया गया। अभियान का नेतृत्व थानाध्यक्ष अनीषा राणा ने किया। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम मुख्य सड़क पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक से एक लाख की बड़ी राशि मिली। बाइक चालक द्वारा उस राशि के संबंध में कोई साक्ष्य नही मिलने के बाद राशि को जब्त कर लिया गया। इस अभियान के तहत अन्य वाहनों की भी जांच की गयी, जिन पर करीब 25 हजार का जुमार्ना लगाया गया। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने को लेकर पुलिस की टीम थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाके में वाहन चेकिंग, फरार वारंटियों पर पर निगरानी रख रही है।

**सिमरी में एक लाख 41 हजार बरामद:** रामदास ओपी पुलिस ने सोमवार की सुबह क्षेत्र के गंगौली गांव स्थित समझ स्थान से वाहन जांच के दौरान एक व्यक्ति के पास से 1लाख 41हजार 700 रुपए नगद बरामद किया है। बताते चलेगी लोकसभा चुनाव को लेकर जारी चुनाव आचार संहिता के दौरान कोई भी व्यक्ति 49000 रुपये से अधिक नगदी नहीं ले जा सकता है।

## केसठ में मतदाता पर्ची का हो रहा है वितरण

**केसठ।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड के विभिन्न गांवों में शत प्रतिशत मतदान करने को लेकर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। इसको लेकर बीएलओ घर घर जाकर मतदाताओं को मतदाता पर्ची देकर एक जून को मतदान करने को लेकर जागरूक भी कर रहे हैं। ताकि शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो सके। प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया कि बीएलओ के साथ साथ सेक्टर मजिस्ट्रेट, जीविका दीदी, जन वितरण प्रणाली के डीलर, आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका समेत अन्य सामाजिक कार्यकर्ता मतदाताओं को जागरूक करने में लगे हुए हैं।

## 23 को बक्सर आएंगी बीएसपी सुप्रीमो मायावती विशाल जनसभा को करेंगी संबोधित : अनिल

**केटी न्यूज/बक्सर**



बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो बहन मायावती का लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान पहली बार बिहार की धरती पर आगमन हो रहा है। मायावती 23 मई को आईटीआई मैदान बक्सर में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगी। उक्त जानकारी सोमवार जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बीएसपी के उम्मीदवार अनिल चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि 23 तारीख को उनका आगमन बक्सर की भूमि पर हो रहा है। इसलिए हम बहुजन समाज समेत बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान में आस्था रखने वाले तमाम लोगों से आग्रह करते हैं कि आप सभी बड़ी संख्या में जुट कर आए और दलित, गरीब, वंचित, शोषितों की देश में एकमात्र उम्मीद बहन मायावती की जनसभा को सफल बनाएं। अनिल चौधरी ने कहा कि बहन मायावती देश में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और स्व. कांशीराम के सपनों को साकार करने के लिए की जान से जुटी हुई है। आज जब देश में दो तरह की शक्तियां मुंह फैलाए खड़ी है और देश के संविधान के नाम पर लोगों का वर्ग लाने का काम कर रही है। उनसे मुकाबला को एकमात्र नेता बहन मायावती मजबूती से मैदान में है। संवाददाता सम्मेलन में चक्रवर्ती चौधरी, प्रदेश महासचिव सह चुनाव स्टार प्रचारक लालजी राम, जिला अध्यक्ष सुभाष गौतम, प्रदेश महासचिव संजय मंडल, प्रदेश महासचिव डॉ रंजन पटेल, शिव बहादुर पटेल और मनजी यादव इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## बूथ संख्या 205 को एक आदर्श मतदान केंद्र भी बनाया गया

# युवाओं को मतदान के प्रति आकर्षित करने के लिए राजपुर विधानसभा में बनेगा युवा बूथ

- बूथ नंबर 191 मध्य विद्यालय राजपुर को दिव्यांग बूथ बनाया गया है। जिसमें उस बूथ पर सिर्फ दिव्यांग मतदान पदाधिकारी व कर्मी तैनात किए जायेगें

**केटी न्यूज/राजपुर**

लोकसभा चुनाव में पहली बार युवाओं को प्रेरित करने के लिए युवा बूथ बनाया गया है। 18 से 25 वर्ष के युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की पहल पर पहली बार यंग बूथ बनाया जा रहा है। जहां पीठासीन पदाधिकारी, पी वन, पी टू, पी थ्री सहित सही मतदान कर्मी भी युवा ही रहेंगे। बीडीओ सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि राजपुर मध्य विद्यालय में मतदान केंद्र संख्या 201 को युथ मतदान केंद्र बनाया गया है। जहां सभी पदाधिकारी युवा रहेंगे। इसके अलावा बूथ संख्या 205 को एक आदर्श मतदान केंद्र भी बनाया गया है। जहां सभी प्रकार की सुविधाएं मौजूद रहेगी। बूथ नंबर 202 उच्च विद्यालय राजपुर एवं बूथ नम्बर 244 उच्च विद्यालय तियरा को महिला बूथ बनाया जाएगा। जहां पर सभी मतदान कर्मी सिर्फ महिला होगी। बूथ नंबर 191 मध्य विद्यालय राजपुर को दिव्यांग बूथ बनाया गया है। जिसमें उस बूथ पर सिर्फ दिव्यांग मतदान पदाधिकारी व कर्मी तैनात किए जायेगे। इसके अलावा सभी बूथों पर शौचालय, पेयजल, बिजली, रैंप और वृद्ध जनों को मतदान केंद्र तक ले जाने के लिए ट्राई साइकिल की भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार अंतिम चरण में चुनाव होने के कारण बढ़ते लू और गर्मी से बचाव के लिए सभी केंद्रों पर छाया की व्यवस्था भी की जा रही है। जिन बूथों पर छाया की व्यवस्था नहीं है, उन बूथों पर अस्थायी तौर पर टेंट और कुर्सी की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए सर्वेक्षण कर उन बूथों का चयन भी कर लिया गया है। जिनमें बूथ संख्या 256 ओढ़वार प्राथमिक विद्यालय, बूथ संख्या 185 तारनपुर, 187 सरांव, 208 जैतपुरा, 258 रसेन मध्य विद्यालय, 274 प्राथमिक विद्यालय इस्माईलपुर, 277 मध्य विद्यालय भरखरा, 284 मध्य विद्यालय ककरिया, 288 पंचायत भवन खरहना, 290 प्राथमिक विद्यालय दयालपुर, 299 जलालपुर, 301 कथराई, 312 जीवपुर, 313 सेमरिया, 317 गोसैसी डीहरा, 322 पतेज सहित अन्य जगहों को चयन के लिए सूची जिला के वरीय अधिकारियों के पास भेंजा गया है। इन सभी जगहों पर टेंट की व्यवस्था की जाएगी। तेज लू एवं गर्मी के बढ़ते प्रभाव को लेकर मेडिकल टीम भी पूरी तरह से अलर्ट रहेगी। क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर मेडिकल टीम भ्रमण कर स्वास्थ्य की स्थिति जायजा लेगी।

## वाहन जांच अभियान में पांच लाख से अधिक की राशि बरामद

**बक्सर।** लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए पुलिस का अभियान तेज हो गया है। इस अभियान के तहत पिछले 24 घंटे में जिले के पुलिस ने विभिन्न जगहों से मोटी रकम बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार बिहार-यूपी की सीमा स्थित कर्मनाशा पुल पर बने बने विशेष चेकपोस्ट स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा जांच के दौरान दो लोगों से दो लाख सात हजार नौ सौ रुपये जब्त किए गए। दंडाधिकारी के रूप में मौजूद चौसा पीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि उक्त चेकपोस्ट पर जांच के दौरान लागू नियम के विरुद्ध अत्यधिक नगद राशि लेकर जा रहे दो लोगों से कुल 2 लाख सात हजार 900 रुपये जब्त किए गए। दोनों से पूछने पर उनलोगों ने बताया कि वे लोग व्यवसायी है। जो तगादा का रुपये लेकर आ रहे थे। जिसमें एक यूपी के नवली निवासी चन्दन चौरसिया जिनके पास से एक लाख पांच हजार नौ सौ रुपये व वाराणसी निवासी हर्ष कुमार दुबे से एक लाख दो हजार रुपये जब्त किए गए।

## मध्याह्न भोजन बनाने के दौरान रसोईया को सुरक्षित रहने के बताए गए उपाय

**केटी न्यूज/डुमरांव**



बीआरसी में सोमवार को प्रखंड के सभी रसोईया को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षक निरंजन पांडेय ने सभी को सुरक्षित रहने, सुरक्षित खाना रखने, एमडीएम जहां बनता और रखा जाता है, उस स्थान को साफ रखने के लिए बताया गया। फिर जो एमडीएम एजेंसी के माध्यम से आता है, उसके संबंध में बताया गया की उसकी गुणवत्ता की जांच कर ही रखना है। डुमरांव प्रखंड में कुल 137 प्राथमिक व मध्य विद्यालय मौजूद हैं। 5 को छोड़कर सभी में एजेंसी द्वारा एमडीएम पहुंचाया जाता है। रसोईया को बताया जाता गया कि एजेंसी द्वारा जो एमडीएम स्कूलों में पहुंचाया जाता है, उसे पहले टेस्ट करना है। थोड़ा भी गड़बड़ी लगे, हेडमास्टर की इसकी सूचना करते हुए एमडीएम को लौटा देना है। वहीं इस बात को बताया गया कि एमडीएम बनाते समय अग्नि से बचाव के लिए पास में एक बाल्टी पानी और एक बोरा बालु रखना अनिवार्य है। फिर एमडीएम बनने और रखने वाला स्थान साफ रहना चाहिए।

# एक जून को मतदाता सभी कार्य छोड़कर पहले करें मतदान, तभी बनेगा लोकतंत्र मजबूत: डीएम

♦ परदेस गए देवरानी, जेठानी, पति और बेटों को मतदान के दिन जरूर बुलाए

**केटी न्यूज/संझौली**

प्रखंड के उदयपुर गांव में स्थित रामलीला मैदान के प्रांगण में जिला प्रशासन द्वारा संध्या रविवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम नवीन कुमार ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को सभी कार्य छोड़कर आगामी एक जून को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। डीएम ने महिलाओं से आग्रह किया कि परदेस गए जेठानी,देवरानी,पति और बेटों को मतदान के दिन जरूर बुलाएं। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर पांच सौ मीटर के दायरे के अंदर सभी मतदाताओं को वाहन ले जाने की अनुमति दी गई है। अगर किसी मतदाताओं की मतदान करने वाली पर्ची गुम हो गई हो तो, घबराने की कोई जरूरत नही है। वैसे मतदाताओं के लिए सभी मतदान केंद्रों पर अलग से मतदान करने की व्यवस्थाएं की गई है। मतदाताओं के लिए वेटिंग रूम,पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था



है। मतदान केंद्र पर महिलाओं,पुरुषों की अलग कतारें, दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था की गई है। डीएम ने ग्रामीणों से मतदान केंद्र पर सपरिवार पहुचने और मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का आग्रह किया। मतदाता जागरूकता अभियान में डीडीसी विजय कुमार पांडेय, एडीएम चंद्रशेखर सिंह, डीइओ मदन राय, बिक्रमगंज एसडीएम अनिल बसाक, डीएसपी कुमार संजय, डीपीआरओ धर्मवीर सिंह सहित कई अधिकारी शामिल थे। डीडीसी विजय कुमार पांडेय ने कहा कि सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को सहज, सुगम, पारदर्शी और समावेशी बनाने के लिए 85 वर्ष से अधिक आयु वाले वरिष्ठ मतदाताओं,दिव्यांग मतदाताओं,गर्भवती महिलाओं या वैसे मतदाता जो कतार में खड़ा होने में असमर्थ है वैसे मतदाताओं को पहली प्राथमिकता देते हुए मतदान कर्मियों द्वारा जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को अलग से मतदान करने की सुविधा दी गयी है। एसडीएम अनिल बसाक ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर छाया, पीने के लिए ठंडा पानी, मतदाताओं के लिए वेटिंग रूम, पुरुष व महिला मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर, मेडिकल की टीम आदि की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। एसडीएम ने दस का दम के तहत मिलने वाली सुविधाओं के बारे में लोगो को बताया। और नए युवा वोटर व कई महिला मतदाताओं से सवांद भी किया। डीपीआरओ धर्मवीर सिंह ने कहा कि यहां इतिहास रहा है कि यहां के लोगों ने बहुत कम समय में संझौली प्रखंड को ओडीएफ घोषित करने में अहम भूमिका निभाई थी। जो देश व प्रदेश में इस प्रखंड का नाम है। इसी प्रकार मेरा पूरा विश्वास है कि इस लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़कर मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपना भागीदारी जरूर निभाएंगे। वही टीम ने चुनाव गीत संगीत के माध्यम से ग्रामीण सहित जीविका दीदी, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, आशा कर्मी सहित सभी लोगों को जागरूक किया। मौके पर बीडीओ मोहम्मद सयैद सरफराजुद्दीन अहमद, सीओ किशोर पासवान, बीसीओ मनोज कुमार, प्रखंड सांख्यकी पदाधिकारी दीपक कुमार दीपांकर, कृषि समन्यवक नवनीत कुमार, बीपीआरओ श्वेता कुमारी, सीडीपीओ सुषमा भलेरिया टोपो, ऑडिटर खुशबू कुमारी, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका ज्योति कुमारी इसके अलावा जनप्रतिनिधि में संझौली प्रखंड प्रमुख समीरचन्द चौधरी, बीडीसी सदस्य मंटू कुमार सहित कई अन्य मौजूद थे।

## खबरें फटाफट

### फांसी के फंदे से लटक कर महिला ने दी जान

**आरा।** नवादा थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप नगर में धोखाधड़ी से परेशान चल रही एक महिला ने खुदकुशी कर ली। उसने सोमवार की सुबह अपने घर में फांसी लगा कर जान दे दी। मृत महिला मूल रूप से गीधा थाना क्षेत्र के किशुनपुरा गांव निवासी संतोष कुमार पांडेय की 40 वषीर्या पत्नी स्मिता पांडेय थी। वह नवादा थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप नगर में किराए के मकान में रहती थी। दोपहर में बच्चों के स्कूल से आने के बाद घटना की जानकारी मिली। उसके बाद सनसनी मच गयी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष कमलजीत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी मिला है। सूत्रों के अनुसार उसमें फ्रॉड होने की बात कही गयी है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह महिला के पुत्र व पुत्री स्कूल पढ़ने चले गए। तब महिला ने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली। दोपहर में बच्चे स्कूल से घर लौटे तो, दरवाजा खटखटाया। लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। गेट भी नहीं खुला। तब बच्चों की ओर से अपने रिश्तेदार और आसपास के लोगों को सूचना दी गयी। सूचना मिलने परिजन पहुंचे और खिड़की से झांककर देखा, तो वह फांसी से लटकी थी। उसके बाद परिजनों ने दरवाजा तोड़ा और उसे नीचे उतरा गया।

### 12 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद

**जहानाबाद।** घोसी थाना क्षेत्र के शर्मा गांव से एक कार जप्त किया गया जिसमें से 12 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि शराब माफिया कार में शराब रखकर सप्लाई करने के लिए ले जा रहे हैं इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने शर्मा गांव में छापामारी की। खलिहान से कार बरामद किया गया जिसमें लगभग 160 बोतल अंग्रेजी शराब रखा हुआ था। एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की शराब कारोबारी शराब सप्लाई करने के लिए कहीं लेकर जा रहे हैं इसी सूचना के आधार पर छापामारी किया गया। लेकिन पुलिस को देखकर शराब कारोबारी भागने में सफल रहा जबकि कार एवं शराब को जप्त कर लिया गया है शर्मा गांव का गोलू कुमार नामक शराब कारोबारी के खिलाफ शराब अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुट गई है ।यह शराब झारखंड से लाया गया था उन्होंने कहा कि शराब कारोबारी को गिरफ्तार करने के लिए छापामारी की जा रही है पुलिस जांच कर रही है इस शराब कारोबार में कौन–कौन लोग शामिल हैं।

## उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सुढ़नी मोड़ के समीप रविवार की रात हुई घटना

# रिश्तेदार के श्राद्ध क्रम से लौट रहे बाइक सवार चाचा-भतीजे की सड़क हादसे में मौत

♦ अज्ञात वाहन ने बाइक सवार चाचा-भतीजे को रौंदा, इलाज के लिए अस्पताल लाने के दौरान तोड़ा दम

♦ जरफ्तार के कहर ऐसा टूटा कि एक साथ घर की दो महिलाओं का सुहाग उजड़ गयाजा रहा इलाज

**केटी न्यूज/आरा**



आरा-सासाराम स्टेट हाइवे पर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सुढ़नी मोड़ के समीप रविवार की देर रात सड़क हादसे में चाचा-भतीजे की मौत हो गई। यह दर्दनाक हादस उस समय हुआ जब चाचा-भतीजा अपने एक रिश्तेदार के श्राद्ध कर्म से घर लौट रहे थे। बाइक सवार चाचा-भतीजे को किसी वाहन ने रौंद दिया था। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने जाने के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। मरने वालों की पहचान उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सरथुआ गांव निवासी स्व. फतींगन पासवान के 41 वर्षीय पुत्र कलेक्टर पासवान और स्व. पुलिस पासवान के 49 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र कुमार शामिल हैं। दोनों रिश्ते में चाचा-भतीजा बताये जा रहे हैं। इनमें कलेक्टर पासवान चाचा और धर्मेंद्र पासवान भतीजा थे। धर्मेंद्र कुमार के साले कसाप गांव निवासी विजय पासवान ने बताया कि उनके परिवार के एक सदस्य की कुछ दिनों पूर्व मौत हो गई थी। रविवार को श्राद्ध क्रम था। उसमें भाग लेने उनके जीजा में धर्मेंद्र कुमार अपने चाचा कलेक्टर पासवान के साथ बाइक से रविवार की देर शाम कसाप गांव आये थे। रात करीब 12 बजे दोनों चाचा-भतीजे घर लौट रहे थे। उसी दौरान सुढ़नी मोड़ के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। दोनों सड़क पर गिरे पड़े थे। दोनों की हालत खराब थी। इस घटना को देख वहां से गुजर रहे राहगीरों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची और अस्पताल ले गई। उसमें दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा दोनों को नजदीकी उदवंतनगर स्थित अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के बाद डाक्टर द्वारा दोनों को आरा रेफर कर दिया गया। पुलिस की सूचना पर परिजन भी पहुंचे और दोनों को सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। उसके बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

**रफ्तार का कहर: किसी का उजड़ गया सुहाग, तो किसी ने खो दिया पिता**

सड़क हादसे में एक साथ चाचा भतीजे की मौत से दोनों के परिवार में कोहराम मच गया है। रफ्तार के कहर ऐसा टूटा कि एक साथ घर की दो महिलाओं का सुहाग उजड़ गया। आधा दर्जन बच्चों ने अपने-अपने पिता को भी खो दिया। बताया जा रहा है कि कलेक्टर पासवान तीन भाइयों में छोटे थे। उनके परिवार में पत्नी शोभा देवी, पुत्री संगीता, फुलवंती, निशा, पुत्र हरेराम पासवान और आशीष पासवान है। वहीं धर्मेंद्र पासवान चार भाई और दो बहन में चौथे स्थान पर थे। उनके परिवार में मां तकुलिया देवी,पत्नी मीना देवी, पुत्री पूनम, रौशनी, स्वीटी, प्रिंसी, परेगा और पुत्र विक्की है। दोनों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एक नजर

### आपराधिक वारदात की साजिश रचते गोलीबारी व हत्या के प्रयास में वांछित हथियार के साथ गिरफ्तार

**आरा।** सहार थाने की पुलिस ने गोलीबारी और हत्या के प्रयास के दो मामलों में फरार चल रहे एक अपराध कर्मी को गिरफ्तार किया है। उसे रविवार शाम आपराधिक वारदात की साजिश रचते एकवारी गांव स्थित कब्रिस्तान के पास से पकड़ा गया है। उसके पास से एक पिस्टल और छह गोलियां बरामद की गयी है। गिरफ्तार अपराधी एकवारी गांव निवासी सुनील सिंह का पुत्र अंशुमान कुमार उर्फ चांद कुमार उर्फ लिल्ली है। सहार के अलावा इमादपुर थाने की पुलिस को भी इसकी तलाश थी। एसडीपीओ राहुल कुमार सिंह की ओर से सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि रविवार शाम करीब छह बजे सूचना मिली कि आर्म्स एक्ट का आरोपित अंशुमान कुमार उर्फ चांद कुमार उर्फ लिल्ली एकवारी उत्तर पीढ़ी कब्रिस्तान के पास हथियार के साथ किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। उस आधार पर अपराध कर्मी की गिरफ्तारी और हथियार की बरामदगी को लेकर उनके नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम में शामिल थानाध्यक्ष दीपक कुमार, दारोगा अनिल कुमार, एएसआई सुनील कुमार ठाकुर और रविंद्र कुमार ने पुलिस बल के साथ छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक पिस्टल और छह गोलियां बरामद की गयी।

### पैसे मांगने पर पेट्रोल पंप कर्मी के साथ मारपीट, चार आरोपित गिरफ्तार

**आरा।** नवादा थाने की पुलिस ने पेट्रोल लेने के बाद पैसे मांगने पर पंप कर्मी के साथ मारपीट करने में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनमें नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर निवासी अनूप सिंह के पुत्र आर्यन कुमार, अजय कुमार सिंह के पुत्र दीपू कुमार सिंह, श्रीकांत कुमार राम के पुत्र कुंदन कुमार और चौरी थाना क्षेत्र के अंधारी गांव निवासी धनंजय कुमार सिंह के पुत्र प्रशांत कुमार शामिल हैं। एसपी नीरज कुमार सिंह की ओर से सोमवार को प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी गई है। बताया गया है कि 16 मई की शाम दो बाइक पर सवार पांच लड़के पेट्रोल लेने नवादा थाना क्षेत्र के जीरो माइल के समीप पंप पर गये थे। तब पंप कर्मी द्वारा पहले पैसे की मांग की गयी। उस पर बाइक सवार लड़कों द्वारा पंप कर्मी की पिटाइ कर दी गई। उसमें किशोर कुमार नामक पंप कर्मी का सर फट गया। उसे लेकर पंप कर्मी द्वारा पांच अज्ञात लड़कों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

### सहार थाना क्षेत्र के ननउर सोन नदी से सोमवार की सुबह मिला शव

**आरा।** भैंस खोजने भोजपुर आये अरवल निवासी एक बुजुर्ग की सोन नदी में डूबने से मौत हो गयी है। उनका शव सोमवार की सुबह सहार थाना क्षेत्र के ननउर सोन नदी से बरामद किया गया। मृतक अरवल जिले के मदन सिंह के टोला गांव निवासी 65 वर्षीय पुत्र शिव लखन चौधरी थे। उनकी पत्नी पूनिया देवी ने बताया कि रविवार सुबह करीब आठ बजे वह भैंस चराने के लिए बधार की ओर गए थे। उस दौरान उनकी एक भैंस खो गई। बताया जा रहा है कि प्यास लगने पर वह सोन नदी किनारे पानी पीने गए थे। उसी दौरान वह सोन नदी में डूब गए। देर शाम तक वह घर नहीं लौटे, तो खोजबीन शुरू की गयी। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चल पाया। सोमवार की सुबह खोजबीन के दौरान उनका शव ननउर गांव स्थित सोन नदी में मिला।

## सड़क हादसे में बालू कारोबारी समेत दो जख्मी, सदर अस्पताल में चल रहा इलाज

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में सोमवार को सड़क हादसे बाइक सवार बालू कारोबारी समेत दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। बताया जा रहा है सोमवार की दोपहर टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा पुल के समीप किसी वाहन ने एक बाइक में ठोकर मार दी। उसमें बाइक सवार चांदी थाना क्षेत्र के कुंजन टोला गांव निवासी बालू कारोबारी 22 वर्षीय विक्की कुमार जख्मी हो गए। परिजनों ने बताया कि सोमवार की दोपहर का वह का बकाया पैसा लेने के लिए बाइक से धरहरा गये थे। पैसे लेने के बाद वह वापस गांव लौट रहा था। उसी दौरान किसी वाहन ने उन्हें ठोकर मार दी। इधर, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर गांव के पास सोमवार की दोपहर एक बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई।

## बालू घाट दोहरे हत्याकांड सहित पटना व भोजपुर का वांछित अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

कोईलवर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के कमालुचक बालू घाट दोहरे हत्याकांड के मुख्य शूटर को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। उसकी निशानदेही पर हत्याकांड में इस्तेमाल एक कट्टा भी बालू घाट के पास एक गड्ढे से बरामद किया गया है। गिरफ्तार शूटर सारण के डोरीगंज थाने के चकिया गांव निवासी पुलिस राय का पुत्र सरोज राय है। उसे रविवार को बड़हरा थाना क्षेत्र के बिंदगांवा पुल के पास से आपराधिक वारदात को अंजाम देने की साजिश करते पकड़ा गया है। पटना पुलिस को हत्या के एक मामले में इसकी तलाश थी। वह भोजपुर में हत्या के प्रयास और लूट के कांडों में भी वांछित था। उसने उन कांडों में अपनी संलिप्तता भी स्वीकार की है। सदर एसडीपीओ टू रंजीत कुमार सिंह की ओर से सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि रविवार की शाम सूचना मिली कि कोईलवर के कमालुचक बालू घाट दोहरे हत्या कांड का मुख्य शूटर सरोज राय किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए बड़ हरा के बिंदगांवा पुल के पास छुपा है। उस आधार उसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी नीरज कुमार सिंह की ओर से सदर एसडीपीओ टू नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी।

## ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार जिओ कंपनी के टेक्नीशियन की मौत

♦ बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा पेट्रोल पंप के समय रविवार की रात की घटना

♦ ऑफिस से घर जाने के दौरान ट्रैक्टर ने मारी ठोकर, इलाज के लिए अस्पताल लाते समय के तोड़ा दम

**केटी न्यूज/आरा**



आरा-बक्सर फोरलेन पर बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा स्थित पेट्रोल पंप के समीप रविवार की रात सड़क हादसे में जिओ कंपनी के एक टेक्नीशियन की मौत हो गयी। ऑफिस से घर लौट रहे बाइक सवार टेक्निशियन को ट्रैक्टर ने रौंद डाला। उसमें गंभीर रूप से जख्मी टेक्निशियन की अस्पताल ले जाने के दौरान मौत हो गई। मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर पट्टी गांव निवासी स्व. मोती लाल शर्मा के 32 वर्षीय पुत्र अजय कुमार थे। वह रिलायंस जिओ कंपनी में टेक्नीशियन थे। उनके एक पूर्व स्टाफ राजेंद्र कुमार ने बताया कि वह रोज की तरह रविवार की रात भी बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। उसी दौरान अमराई नवादा गांव पेट्रोल पंप के समीप ट्रॉली लगे ट्रैक्टर ने उन्हें रौंद दिया। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर वे लोग पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए चंदवा स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल लाया गया। वहां इलाज के बाद डाक्टरों की ओर से उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंचे। उसके बाद उन्हें सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बाद में पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि अजय कुमार दो भाई और एक बहन में बड़े थे। उनके परिवार में मां उर्मिला देवी, पत्नी अंजना देवी, भाई अरुण कुमार शर्मा और बहन पुष्पा देवी है।

**शादी के एक साल बाद भी उजड़ गया अंजना देवी का सुहाग:** सड़क हादसे में अजय कुमार की मौत से उनके घर में कोहराम व रोना-धोना मचा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सबसे बुरा हाल पत्नी अंजना देवी का है। शादी के एक वर्ष बाद ही उसका सुहाग उजड़ गया।




## आजादी के बाद से ही गांव को जोड़ने के लिए मुख्य सड़क का नहीं हो सका निर्माण

# सड़क नहीं बनने पर रकसियां गांव के लोगों ने किया वोट बहिष्कार करने का ऐलान

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**




रोहतास जिला के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत मानपुर के बड़कागांव रकसियां ग्राम वासियों ने वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया है । गांव के लोगों का कहना है कि बिक्रमगंज प्रखंड में उनका गांव पड़ता है। यहां पर आजादी के बाद से ही गांव को जोड़ने के लिए मुख्य सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है । सड़क नहीं होने से लोगों को आने जाने में काफी परेशानी होती है । ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में गांव से निकलना किसी युद्ध से कम नहीं होता है । इसके कारण बच्चों की पढ़ाई तक बाधित हो जाती है । इस दौरान गांव में अगर कोई बीमार पड़ जाता है तो तड़प-तड़प कर मरने के सिवा कोई उपाय नहीं बचता है । यहां से जिस भी जनप्रतिनिधि को वोट देकर जिताया गया वह कभी लौट कर गांव में सड़क बनाने नहीं आया । जब भी चुनाव का समय आता है तो नेता वोट मांगने पहुंच जाते है । समस्या को सुनते है, लेकिन जीत कर कुछ नहीं करते है । इस गांव की आबादी 1200 के करीब है । इतने लोगों की परेशानी का समाधान नहीं होने से इस चुनाव में रोड नहीं तो वोट नहीं करने का निर्णय लिया गया है । इस गांव से कोई भी व्यक्ति लोकसभा चुनाव में वोट देने नहीं जाएगा । अब वोट बहिष्कार से ही गांव की समस्या को प्रशासन और नेताओं तक पहुंचाया जाएगा। ताकि उनकी आंखें खुलें।

# कचहरी में अधिवक्ताओं से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ने मांगा आशीर्वाद

- वर्ष 2019 में बलिया के मतदाताओं के निर्णय के साथ हुआ था अन्याय
- देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है, ऐसे में अधिवक्ताओं की बढ़ जाती है जिम्मेदारी

**केटी न्यूज/ बलिया**



जन आशीर्वाद एवं जन संवाद के तहत सोमवार को 72 लोकसभा बलिया से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सनातन पाण्डेय ने कचहरी में अधिवक्ता एवं न्यायिक कार्यों में लगे सभी बंधुओ से आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर सनातन पाण्डेय ने कहा कि आप सब न्याय के पुजारी हैं, जब समाज के किसी भी व्यक्ति की हक्ताल्फी होती है तो वह व्यक्ति आपका दरवाजा खट खटखटाता हैं। आज देश के किसानों, नौजवानों, महिलाओं , छोटे व्यापारियों, छात्रों गरीबों के साथ बीजेपी की केंद्र और राज्य सरकारों ने हक को लूट कर चंद पूंजीपतियों को मालदार बनाने का कार्य कर रही हैं। जिसके खिलाफ हम आप से न्याय की गुहार करने आए हैं। वर्ष 2019 के आम चुनाव में सत्ता के दबाव में बलिया के मतदाताओं के निर्णय के साथ अन्याय हुआ था, उसका न्याय मांगने आए है। युवाओं के लिए न्याय, किसानों को न्याय, छात्रों को न्याय मिले इसके लिए मैं आया हूं कि आप आगे आइए और इस न्याय यात्रा के सारथी बनिए।

कहा कि सत्ता पक्ष के उम्मीदवार 17 वर्षो से सांसद हैं, उनके द्वारा बलिया के साथ छल किया गया, कोई ओविकास कार्य नहीं किया गया, उनके विकास की परिभाषा बहुत सिमटा हुआ और सीमित हैं।सरकारी सम्पत्तियों को कब्जाकर उसका उपभोग ही उनका मुख्य उद्देश्य हैं। मैं एक साधारण परिवार का साधारण व्यक्ति हूं। मेरी लड़ाई आप सब खुद लड़ रहे हैं। इसलिए जीत भी आप ही की होगी। पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी ने कहा कि देश के न्याय व्यवस्था पर जनता आंख मुद कर विश्वास करती हैं। वर्तमान बीजेपी सरकार न्याय व्यवस्था को भी कमजोर करने के कोशिश में है। आप सब विद्वान हैं थोड़ा कहना ज्यादा समझना आप की ज़िम्मेदारी हैं। देश का संविधान और लोकतन्त्र खतरे में हैं, ऐसे में आपकी जिम्मेदारी बढ़ जाती हैं। अगर आप नहीं मुखर होंगे तो आने वाली पीढ़ियों को क्या जवाब देंगे।

सपा जिला अध्यक्ष/विधायक संग्राम सिंह यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन के लोग हमेशा से आप के लिए के लिए काम किए है और आगे भी करेंगे। इससे पहले भरी संख्या में अधिवक्ता गणों ने उत्साह के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर मंजू सिंह, सुशील कुमार पाण्डेय "कान्हजी", डा.विश्राम यादव, यशपाल सिंह, संजय उपाध्याय, लक्ष्मण गुप्त, साथी रामजी गुप्त, दिग्विजय सिंह, कामरेड रामकृष्ण यादव, पप्पू सिंह, शशीकांत चतुर्वेदी, अमित दुबे, कृष्ण प्रताप यादव, अफजल अहमद, जेडी आदि उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### दहेज हत्या के मामले में पति व सास को आजीवन कारावास

**बलिया।** दहेज हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए सिविल कोर्ट के जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी पति व सास को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही चार—चार हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। आरोपियों का नाम श्याम बहादुर राजभर पुत्र स्व. श्रीराम राजभर व चिन्ता देवी पत्नी श्रीराम राजभर निवासीगण करम्मर थाना खेजुरी है। आरोपियों के खिलाफ वर्ष 2019 में खेजुरी थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस द्वारा न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत करने के बाद साक्ष्यों के न्यायिक परिसीलन करने के पश्चात जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही चार—चार हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया।

### रेप के आरोपी के घर की गई मुनादी

**बलिया।** बलात्कार के मामले में फरार चल रहे आरोपी के दिघेड़ा स्थित घर पर फेफना थाने की पुलिस ने सोमवार की दोपहर पहुंचकर मुनादी कर नोटिस चस्पा किया। आरोपी का नाम दीपक राम पुत्र सुमेर निवासी दिघेड़ा है। आरोपी के खिलाफ फेफना थाने में बलात्कार का मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा है। ऐसे में न्यायालय के आदेश पर फेफना थाने की पुलिस ने आरोपी दीपक राम के घर मुनादी कर नोटिस चस्पा किया है।

### मादक पदार्थ तस्करी मामले में दो वर्ष के कारावास की सजा

**बलिया।** मादक पदार्थ तस्करी के मामले में सिविल कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी को दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 10 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। आरोपी का नाम विक्की पासवान पुत्र रामआश्रय पासवान निवासी महाव टोला थाना रसड़ा है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2015 में रसड़ा कोतवाली में मादक पदार्थ तस्करी के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस द्वारा न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत करने के बाद साक्ष्यों के न्यायिक परिसीलन के उपरांत अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी को दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 10 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया।

## 16 पोलिंग पार्टियों का गठन, पुलिस एस्कॉर्ट के साथ भेजा जाएगा

# चंदौली जनपद के 126 दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाता घर बैठे करेंगे मतदान

- जिले के 126 लोगों ने घर बैठे मतदान के लिए किया है आवेदन

**केटी न्यूज/चंदौली**



लोकसभा चुनाव में जनपद के 126 दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाता (85 प्लस) घर बैठे अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए 16 पोलिंग पार्टियां गठित की गई हैं। पोलिंग पार्टी के साथ उपजिलाधिकारी तो होंगे ही पुलिस भी रहेगी, ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका पर रोक लग सके। उक्त बातें सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टी फुंडे ने कहीं। कहा कि मतदान की वीडियो ग्राफी भी कराई जाएगी, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

सुरक्षा के लिहाज से पोलिंग पार्टियों को पुलिस एस्कर्ट के साथ भेजा जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग ने 85 साल से अधिक आयु वाले व 40 फीसदी से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों को घर बैठे मतदान की सुविधा दी है। जिले में 126 लोगों ने इसके लिए आवेदन किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इसके लिए सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

### युवा कार्मिकों की बनेगी टीम

लोस चुनाव में पहली बार युवा कार्मिकों की टीम बनाई जाएगी। माडल बूथ, सखी बूथ भी बनाए जाएंगे। प्रयास किया जा रहा कि प्रत्येक बूथ पर गर्मी को देखते हुए छाया की व्यवस्था के लिए टेंट लगवाया जाए, ताकि तपती गर्मी में मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। छाया ऐसी होगी की कम से कम सौ मतदाता एक कतार में खड़े हो सकें। माडल बूथों पर मतदाताओं को विशेष सुविधा प्रदान की जाएगी। मसलन शुद्ध पेयजल के साथ अल्पाहार की भी व्यवस्था होगी। वहीं मतदान संकलन ऐप के जरिए मतदान का आंकड़ा साझा किया जाएगा, इससे मतदान का प्रतिशत आसानी से उपलब्ध होगा।

### अंति संवेदनशील बूथों पर रहेगी नजर

लोस चुनाव में अतिसंवेदनशील बूथों पर प्रशासन की पैनी नजर होगी। इन बूथों पर अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की जाएगी, ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका होने पर तत्काल निपटा जा सके।

मतदान के दिन उम्मीदवार अपना अभिकर्ता नियुक्त कर सकते हैं। कहा कि 21 मई से कौन सा ईवीएम किस बूथ पर जाएगा, इसकी तैयारी की जाएगी। मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण आरंभ हो गया है। 24 मई तक सभी मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्मिक पोस्टल बैलेट से अपना मतदान करेंगे। नवीन मंडी स्थल से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा। इसके लिए तैयारी अंतिम चरण में है। वहीं चार जून को नवीन मंडी में ही मतगणना का कार्य संपन्न होगा।

### मतदान भी एक दान है, इसे प्राप्त करने के लिए विनम्रता व धैर्य जरूरी: ओमपाल सिंह

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ गाजीपुर इकाई द्वारा माधव सरस्वती विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल गाजीपुर के सभागार में लोकमत एवं मतदाता के संदर्भ में प्रबुद्ध वर्ग की भूमिका विषय पर संगोष्ठी हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं संगोष्ठी के प्रमुख वक्ता ओमपाल सिंह के अलावा प्रभारी कुटुम्ब प्रबोधन उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड तथा पूर्व राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ मौजूद थे। मुख्य अतिथि ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मतदान भी दान है। इसे प्राप्त करने के लिए विनम्रता और धैर्य की आवश्यकता है। भारत की समृद्धि की चर्चा करते हुए कहा कि भारत की ऋषि संस्कृति और कृषि संस्कृति का सिंहावलोकन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह समय तपती दुपहरी में घर बैठने का नहीं है। अपितु अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए जनता जनार्दन से संपर्क कर अधिक से अधिक मतदान करने के लक्ष्य को प्राप्त कराना है, जिससे राष्ट्र मंदिर का पुनर्निर्माण हो सके।

### आरटीआई मैदान से चौथी बार जनसभा को संबोधित करेंगे पीएम मोदी

**गाजीपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 मई को अपराह्न एक बजे जनपद के आरटीआई मैदान (निमार्णाधीन स्पोर्ट्स स्टेडियम) में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। उनके आगमन को लेकर अभी से तैयारी जोर -शोर से शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री चौथी बार इस मैदान से सभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले वह इस मैदान पर तीन बार गाजीपुर की जनता व चुनावी सभा को संबोधित कर चुके हैं। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के साथ कार्यक्रम प्रभारी और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी ने सोमवार को अपराह्न में जनसभा स्थल का निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों, संगठन व मंच सहित विभिन्न जरूरी विषयों पर चर्चा किया।

जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन कार्यक्रम की तैयारी के निमित्त मंच एवं पांडाल आदि का काम तेज गति से चल रहा है। इस अवसर पर सोमवार को देवदत्त उपाध्याय के द्वारा सायंकाल विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ भूमि पूजन कर मंच व पंडाल कार्य के निर्माण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर रैली के प्रभारी बसंत त्यागी, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, गुजरात सरकार के पूर्व गृहमंत्री गोवर्धन जी झापडिया, विधान परिषद सदस्य जयपाल सिंह, रैली सहप्रभारी व सहारनपुर के विधायक राजीव गुम्बर, राकेश त्रिवेदी, कृष्ण बिहारी राय, डा. केदारनाथ सिंहउपस्थित रहे।

## यूसीसी-सीएए धर्म विरोधी कानून नहीं: इंद्रेश

**केटी न्यूज/पीडीडीयू नगर**



अग्रवाल सेवा संस्थान में लोक जागरण मंच, चंदौली के तत्वावधान में लोकमत परिष्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ इंद्रेश कुमार (अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ), विशिष्ट अतिथि भारतभूषण दास (महंत-संत रविदास मंदिर वाराणसी) एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष रामकिशोर पोद्दार (माननीय सह जिला संघचालक) जनपद चंदौली द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य वक्ता डॉ इंद्रेश कुमार ने कहा कि वउउ और उअअ दोनों ही किसी भी प्रकार से धर्म विरोधी कानून नहीं है बल्कि यह भारत के नागरिकों को जो दूसरे देशों में अत्याचार झेल रहे हैं उन्हें उनका सम्मान वापस दिलाने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि यह साथ ही उन सभी माताओं बहनों के जीवन को बदलने का काम करेगा जिन्हें दूसरे राष्ट्र में बुरी नजरों से देखा जाता रहा है।

उन्होंने कहा कि यूक्रेन और रूस युद्ध के बीच में लगभग 24 हजार भारतीयों को वापस स्वदेश लाने के साथ ही सरकार ने दूसरे देश के नागरिकों को भी घर पहुंचाने का काम किया। पूरे विश्व में भारत नफरत के भाव से नहीं बल्कि प्रेम और सहिष्णुता के भाव से काम करता है। जब विश्व कोरोना के मार को झेल रहा था, तब भारत ने अपनी तकनीकी विकसित करते हुए वैक्सीन का निर्माण किया और अपने देश में वैक्सीन उपलब्ध करवाने के साथ ही विश्व के तमाम राष्ट्रों को भी निशुल्क वैक्सीन भेजी। यह भारत और उसकी सरकार की विश्वपटल पर सफलता का परिचायक है।

उन्होंने आगे कहा कि यदि यह मजबूत सरकार तीसरी बार सत्ता में आती है तब कैलाश मानसरोवर, पाक अधिकृत कश्मीर और लाहौर भी हमारा होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला प्रचारक आशुतोष, नगर प्रचारक पवन, विकास चौधरी, डॉ अनिल यादव, संतोष उपाध्याय, शंभू गुप्ता, ज्योति प्रकाश उपस्थित थे।

## ढाबा पर काम कर रहे मजदूर ने साथी को मारा चाकू, गिरफ्तार

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

ढाबे पर काम कर रहे एक मजदूर ने अचानक आपने साथी मजदूर को चाकू मार दिया। चाकू लगने से वह गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया। घटना के बाद दिलदारनगर पुलिस ने चाकू के साथ अभियुक्त को पकड़ लिया। बता दें कि उप निरीक्षक मनोज कुमार तिवारी मयफोर्स के साथ चेकिंग अभियान में मशगूल थे कि 12 मई की रात दस बजे हत्या करने की नियत से चाकू से हमला करने वाले हत्यारोपी के क्षेत्र में मौजूद होने की सूचना मिली। उसे स्थानीय रेलवे स्टेशन के सामने से गिरफ्तार कर लिया गया।

बताते चलें कि दिलदारनगर क्षेत्र के हुसैनाबाद में प्रधान ढाबा नया खुला है। जिस पर काम करने वाले मनीष गुप्ता ने गाजीपुर के मुस्तफाबाद से मजदूर मुख्तार अहमद सुलेमानी पुत्र शकील अहमद सुलेमानी को ढाबे पर काम करने के लिए ले आया था लेकिन उसका काम ढाबे के मालिक को पसंद नहीं आया, तो ढाबे मलिक ने मनीष गुप्ता से नए मजदूर मुख्तार अहमद सुलेमानी को वापस भेजने के लिए बोल दिया था। जिस पर मनीष गुप्ता ने रात दस बजे खाना खाते समय नए मजदूर को बताया कि तुम्हें दूसरे दिन वापस जाना होगा। तुम्हारा काम ढाबे मालिक को पसंद नहीं आया है।

गौरतलब हो कि ढाबे के मजदूर मनीष गुप्ता शराब के नशे में था और मुख्तार अहमद सुलेमानी गांजा पीया हुआ था। दोनों में इस बात को लेकर कहासुनी होने लगी। खाना खाने के बाद जब दोनों सोने गए तो मुख्तार अहमद सुलेमानी को घर जाने की बात पसंद नहीं आई और उसने सोते समय मनीष गुप्ता के ऊपर चाकू से हमला कर दिया।

## नौतपा के दौरान सूर्य की किरणें सीधी पृथ्वी पर पड़ती हैं, इन नौ दिनों को माना जाता है वर्ष का सबसे गर्म दिन

# नौतपा का असर... 25 से सूर्य दिखाएंगे प्रचंड रूप, अस्त रहेंगे गुरु और शुक्र

**केटी न्यूज/बलिया**



जनपदवासी गर्मी से बेहाल हैं। चिलचिलाती धूप और गर्मी के चलते लोग घरों में दुबके हैं। जरूरी काम से जो बाहर निकल भी रहा तो धूप से बचने का हर उपाय करते दिख रहा। इसी बीच 25 मई से प्रचंड गर्मी का सामना लोगों को करना पड़ेगा। इस दिन नौतपा की शुरूआत हो रही है। इसका प्रभाव नौ दिनों तक रहेगा।

वर्ष के सबसे गर्म दिनों में मई महीने के आखिरी सप्ताह होंगे। सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के साथ ही नौतपा की शुरूआत 25 मई से हो जाएगी और दो जून तक इसका प्रभाव रहेगा। नौतपा के दौरान सूर्य की किरणें सीधी पृथ्वी पर पड़ती हैं और नौतपा के नौ दिनों को वर्ष का सबसे गर्म दिन माना जाता है। 24 साल बाद नौतपा की अवधि में गुरु और शुक्र ग्रह अस्त रहेंगे।

**त्रिग्रही बनेगा योग:** पंडित डॉ. भूपेंद्र मिश्र ने बताया कि 25 मई की दोपहर में 3:17 बजे सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे और आठ जून तक इसी नक्षत्र में रहेंगे। इसके साथ ही नौतपा की शुरूआत हो जाएगी। रोहिणी नक्षत्र में आने के साथ ही सूर्य वृष राशि में गोचर करेगा। वृष राशि में पहले से गोचर कर रहे गुरु और शुक्र ग्रह के चलते त्रिग्रही योग भी बनेगा।

### गर्मी ज्यादा पड़ने के आसार, कई रिकॉर्ड तोड़ेगा तापमान

करीब 24 वर्ष बाद नौतपा की अवधि में गुरु और शुक्र ग्रह अस्त रहेंगे। पंडित डॉ. भूपेंद्र मिश्र ने बताया कि रोहिणी नक्षत्र में सूर्य का तेज बढ़ जाता है और वह पृथ्वी के सबसे नजदीक होते हैं। उनकी किरणें सीधी पृथ्वी पर पड़ती हैं। ऐसे में ये नौ दिन गर्मी के लिहाज से अधिक कष्टकारी होंगे। उन्होंने बताया कि नौतपा के दौरान तापमान कई रिकॉर्ड तोड़ेगा। इस दौरान दिन की अवधि बढ़कर 13 घंटे 35 मिनट तक रहेगी। नौतपा के शुरूआती पांच दिन गर्मी ज्यादा पड़ने के आसार बन रहे हैं। इसके बाद आंधी-वर्षा के योग बनने से नौतपा खंडित होगा और खंडवृष्टि के योग रहेंगे।

### करें सूर्य देव की आराधना और दान

पंडित डॉ. भूपेंद्र मिश्र ने बताया कि नौतपा के दौरान भगवान सूर्य की आराधना विशेष फलदायी होती है और सूर्य मजबूत होते हैं। रोजाना सूर्योदय में उठकर स्नान करने के बाद तांबे के लोटे से जल का अर्घ्य देते हुए सूर्य को देखें। ऐसा करने से जीवन में सकारात्मकता उर्जा का संचार बना रहता है। भगवान सूर्य को प्रसन्न करने के लिए शास्त्रों के मुताबिक दही सत्तू, घड़े में भरा जल रसदार फल आदि का दान करना चाहिए।

## एक नजर

### मतदाता जागरूकता : अधिकारी एकादश ने पत्रकारों की टीम को हराया



**गाजीपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 को लेकर गाजीपुर जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं अधिक से अधिक लोग मतदान करें इस उद्देश्य से स्वीपे कार्यक्रम अंतर्गत वोटर प्रीमीयर क्रिकेट प्रतियोगिता नेहरू स्टेडियम गोराबाजार में खेला गया। प्रतियोगिता में जनपद स्तरीय अधिकारी एकादश एवं जनपद के पत्रकार बन्धुओं के बीच क्रिकेट मैच हुआ। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए पत्रकार बंधु ने 10 ओवर में कुल 55 रन बनाए, वही अधिकारी एकादश में 05 ओवर में अपने टारगेट को पूरा करते हुए 56 रन बनाकर जीत हासिल की। प्रतियोगिता मे अधिकारी एकादश की तरफ से मुख्य विकास अधिकारी ने कैप्टन की भूमिका निभाई तथा जिला विकास अधिकारी ने अपने खेल का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य विकास अधिकारी ने मोमेंटो देकर खिलाड़ियो को सम्मानित किया। इस बीच उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं मतदाताओं को मतदान के प्रति जोड़ना है। युवा मतदाता ही भविष्य के वोटर है, वह आगे आएं और देश के इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हुए अधिक से अधिक मतदान करें तथा अन्य मतदाताओं को जागरूक करें। देश में क्रिकेट की बहुत ही लोकप्रियता है। इसे देखते हुए जनपद में इस तरह का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वि0रा0 दिनेश कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, समाज कल्याण अधिकारी , जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला क्रीडा अधिकार एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण, पत्रकार बन्धु एवं भारी संख्या दर्शकगण मौजूद रहे।

### वोटर प्रीमीयर लीग प्रतियोगिता में कासिमाबाद सुपर किंग्स तीन विकेट से विजयी



**गाजीपुर।** जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं अधिक से अधिक लोग मतदान करें इस उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत वोटर प्रीमीयर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नेहरू स्टेडियम गोराबाजार में खेला गया। फाइनल मुकाबले में जमानियां रायल चैलेन्जर्स एवं कासिमाबाद सुपर किंग्स के बीच कांटे की टक्कर में कासिमाबाद सुपर किंग्स ने 12 ओवरों में 79 रन बनाकर 03 विकेट से विजयी रही। जमानियां रायल चैलेन्जर्स ने अपने निर्धारित ओवर में 78 रनों पर ही सिमट गई। विजेता टीम को 51 हजार, उप विजेता टीम को 25 हजार का डेमो चेक एवं मोमेन्टो, प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मैच का शुभारम्भ जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्वयं बल्ला पकड़कर खेलते हुए उपस्थित मतदाताओं, खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया एवं उपस्थित आगन्तुकों को 01 जून 2024 को मतदान के प्रति शपथ दिलाई। आयोजन स्थल पर विभिन्न विद्यालयों की छात्र छात्राओं द्वारा मानव श्रृख्ला के माध्यम से भारत का मानचित्र एवं चुनाव का पर्व देश का गर्व थीम की श्रृख्ला बनाकार लोगो को मतदान के प्रति जागरूक किया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को मतदान के प्रति जोड़ना है युवा मतदाता ही भविष्य के वोटर हैं, वो आगे और देश के इस महा पर्व मे बढ-चढ कर हिस्सा लेते हुए अधिक से अधिक मतदान करते हुए अन्य मतदाताओं को जागरूक करें।

### हाजीपुर जोन के महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण

**चंदौली।** हाजीपुर रेलवे जोन के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने रविवार को डीडीयू मंडल मुख्यालय पर विभिन्न निर्माण कार्यों और सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने डाउन हंप यार्ड और नए आरआरआई भवन पर पहुंच कर निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्य तेजी से और गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने का निर्देश दिया। बाद में डीआरएम आफिस सभागार में बैठक कर रेलवे के विकास कार्यों की समीक्षा की। महाप्रंबधक तरूण प्रकाश मगध एक्सप्रेस ट्रेन में लगे विशेष यान से डीडीयू स्टेशन पर पहुंचे।वहां से सबसे पहले डाउन हंप यार्ड पहुंचे। यहां पहुंच कर हंपिंग के सिस्टम और टावर आदि को देखा। उन्होनें पूरी प्रक्रिया को समझा। इसके बाद महाप्रबंधक तरुण प्रकाश रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि के लिए डीडीयू मंडल में नए आरआरआई सिस्टम की स्थापना संबंधी कार्यों के निरीक्षण के क्रम में स्टेशन के पास स्थित नवनिर्मित मुख्य आरआरआई भवन पर जाकर वहां कार्य प्रगति का सूक्ष्मता से जायजा लिया। पूरे निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### चंदौली के इलिया कस्बा में घर में घुसकर कर पांच लाख नगद सहित जेवरात की चोरी

**चंदौली।** इलिया कस्बा में रविवार की रात बिजली विभाग के ठेकेदार सेचन विश्वकर्मा के घर को चोरों ने निशाना बनाया। और पांच लाख नगद सहित लाखों का जेवरात पार कर दिया। परिजनों की सूचना पर सोमवार की सुबह पहुंची पुलिस मौका मुआयना कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। कस्बा निवासी सेचन विश्वकर्मा का मकान बस्ती से कुछ दूरी पर है। मकान के बाहर उनकी मड़ई भी है। आसपास में अन्य कोई मकान नहीं है। बगल में पेड़ लगे हुए हैं रात के दौरान सेचन तथा उनकी पत्नी मकान के बाहर मड़ई में तथा परिवार के अन्य सदस्य मकान के अंदर सोए हुए थे। चोरों ने मौके का लाभ उठाकर पेड़ से चढ़कर छत के ऊपर सीढी के रास्ते मकान के कमरे में आए। और एक कमरे में रखे बड़े बॉक्स में लगे ताला को तोड़कर उसमें रखा पांच लाख रुपए नगद सोने और चांदी की कीमती जेवरात चुरा लें गये। भोर के वक्त परिवार के सदस्य उठे तो कमरे में रखा सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था वही बड़े बॉक्स का ताला टूटा हुआ था। जिस पर परिवार वालों के होश उड़ गए देखा तो नगदी रुपए और सभी जेवरात गायब थे। चोरी के इस घटित घटना में लगभग 10 लाख से अधिक के चोरी होने का अनुमान लगाया गया।

### ट्रेक्टर की चपेट में आने से मछली विक्रेता की मौत

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र के फेफना -बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर चौबेपुर गांव के सामने ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से बाइक सवार मछली विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर बलिया कोतवाली क्षेत्र के राजेन्द्र नगर निवासी मुन्ना राम (28) पुत्र परशुराम फेफना से बलिया जा रहा था। वह जैसे ही फेफना -बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर स्थित चौबेपुर गांव के सामने पहुंचे कि सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल बाइक सवार युवक को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस वाहनों को कब्जे में लेकर जांच में जुटी हुई है।

# जनता संविधान को बचाने के लिए भाजपा के खिलाफ लामबंद हैः कांग्रेस

**केटी न्यूज/जौनपुर**



जौनपुर जिले की 73 लोकसभा सीट के लिए मतदान 25 मई को होना है,जिसको लेकर सभी राजनीतिक दलों ने प्रचार प्रसार में पूरा जोर लगा रखा है इसी क्रम में जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक कमेटी की तरफ से शहर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद के सामने एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया,जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व विधायक नदीम जावेद ने शिरकत की। इस अवसर पर नदीम जावेद ने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 का चुनाव किसी राजनीतिक दल का चुनाव नहीं है यह जनता का चुनाव है, इस चुनाव में जनता संविधान को बचाने के लिए खुद सत्ताधारी पार्टी भाजपा के खिलाफ लामबंद है। वहीं कार्यक्रम में सपा की तरफ से लोकसभा प्रभारी पूर्व मंत्री और विधायक कमाल अख्तर ने संबोधित करते हुवे कहा कि इंडिया गठबंधन देश को जोड़ने और मोहब्बत,भाई चारे को बचाने के लिए मैदान में है,और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यकों के अधिकार की लड़ाई के लिए पीडीए के नाम से जो आंदोलन शुरू किया था वो अब अपनी सफलता की तरफ बढ़ रहा है और यही पीडीए आगामी 4 जून को भाजपा की नफरती सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगा,वहीं सपा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा के कहा कि जौनपुर की जनता की तरफ से लगातार प्यार और स्नेह मिल रहा है,और जिले की जनता ने नफरत के बाजार को खत्म कर मोहब्बत की दुकान खोलने का ऐलान कर दिया है। कार्यक्रम का आयोजन जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आरिफ खान और सभासद शहनवाज मंजूर के द्वारा किया गया जबकि संचालन मजहर आसिफ ने किया वहीं इस अवसर पर फैसल हसन तबरेज,डॉ राकेश मिश्रा,मंगल गुरु,मौलाना अनवार कासमी,अलमास अहमद सिद्दीकी, अबुजर शेख व अन्य उपस्थित

## आजमगढ़ में बोले शिवपाल यादव... 400 तो छोड़िए, 200 सीट भी नहीं जीत पाएगी बीजेपी

**आजमगढ़।** यह बेईमानों की सरकार है, इसको उखाड़ फेंकना है। बेरोजगारी चरम सीमा पर हैं, बेरोजगार दर- दर भटक रहा है। बीजेपी कहती है कि अबकि बार 400 पार जबकि 200 पार भी नहीं कर पाएगी। बदायूं और मैनपुरी में भाजपा ने पुलिस के बल पर चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास किया, लेकिन जनता ने लाठी खाकर भी समाजवादी को वोट दिया। उक्त बातें सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने सगड़ी विधानसभा क्षेत्र के चौको में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आठ साल पहले हमारी सरकार ने देवारा क्षेत्र में हाजीपुर पुल निर्माण के लिए उद्घाटन और शिलान्यास किया था, पैसा भी दिया था, लेकिन आठ साल बीतने के बाद भी पुल का निर्माण पूरा नहीं हो पाया। अगर हमारी सरकार रहती तो एक वर्ष में यह काम पूरा हो जाता। हमारी सरकार ने बंधे की मरम्मत कराया, हमारी सरकार किसानों को पेंशन दे रही थी, जिसको बीजेपी सरकार ने बंद कर दिया। अगर फिर सरकार बनेगी तो किसानों की पेंशन बहाल कर दी जाएगी। शिवपाल यादव ने कहा कि हम लोगों की फिर सरकार बनेगी तो फिर विकास होगा। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है जितनी भर्तियां निकली सबका पेपर लीक हो गया। ऐसी बेइमान सरकार को ही हटाना होगा। सपा नेता आदित्य यादव ने कहा कि आज बेरोजगार रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा है। लेकिन रोजगार नहीं मिल रहा है। बीजेपी सरकार ने हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था लेकिन सारे वादे झूठे साबित हो रहे हैं। इस मौके पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष हवलदार यादव, विधायक एच एन सिंह पटेल, शिवसागर यादव, सूरज यादव, राजेश यादव, उधम सिंह, जगदीश यादव, सूरज यादव आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### मिर्जापुर में 23 को मायावती, 26 को पीएम मोदी तो 27 को अखिलेश का होगा आगमन

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर में होने वाले लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में होने वाले मतदान के पूर्व मतदाताओं को रिझाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की तैयारी तेज कर दी गई है। पीएम की संभावित यात्रा एवं चुनावी जनसभा 26 मई को होगी। जनसभा में अधिक से अधिक लोगों की भीड़ जुटाने के लिए बैठक का दौर शुरू हो गया है। मंडल के पदाधिकारियों के साथ ही वार्ड स्तर के पदाधिकारियों को जनसभा को सफल बनाने का निर्देश दिया गया है। सुरक्षा को देखते हुए जनसभा स्थल का चयन किया जा रहा है। वहीं 23 मई को जिले में बसपा सुप्रीमो मायावती का आगमन होगा। वह बसपा प्रत्याशी मनीष तिवारी के पक्ष में पहली चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी जो दिन में 12 बजे आयोजित है। पूर्व मुख्यमंत्री मड़िहान तहसील के देवरी कला गांव में जनसभा को संबोधित करेंगी। इसके बाद 27 मई को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जिले में जनसभा करेंगे। सपा जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने बताया कि अभी सभा के लिए स्थान का चयन किया जा रहा है। इसके अलावा 25 मई को विधायक रागिनी सोनकर सपा प्रत्याशी रमेश बिंद के पक्ष में जनसभा करेंगी।

### जल संरक्षण को लेकर बच्चों को किया जागरूक, छात्रों ने स्वच्छता का लिया संकल्प



**वाराणसी।** वाराणसी में सोमवार को श्री वल्लभ विद्यापीठ बालिका इण्टर कालेज में ग्रीष्मावकाश से पूर्व बच्चों के बीच पर्यावरण संरक्षण पर आधारित जागरूकता का आयोजन किया गया। इस दौरान नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने बच्चों को पर्यावरण संबंधी जानकारी देकर राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा प्रकाशित स्वच्छता का संदेश दे रही चाचा चौधरी और साबू की पत्रिका का वितरण किया। बच्चों में पर्यावरण संरक्षण, जल व वायु प्रदूषण के कारक, कारण व निवारण पर प्रकाश डालते हुए राजेश शुक्ला ने बताया कि पर्यावरण के ह्रास के कारण ही आज वायुमंडल, जलवायु प्रभावित हो रहे हैं। जिससे आम जन जीवन भी प्रभावित हुए हैं। पेड़ों की कमी के कारण चिलचिलाती धूप, पृथ्वी का गर्म होना तथा शुद्ध वायु में कमी जैसी समस्या उत्पन्न हो रही है। जल व वायु प्रदूषण से स्वास्थ्य संबंधी गंभीर खतरा एवं अन्य समस्याएं पैर पसार रही है। इसके दुष्परिणाम से बचने के लिए पर्यावरण संरक्षण आवश्यक है। बता दे कि आगामी ग्रीष्मावकाश की वजह से विद्यालय में पठन पाठन नहीं होगा। इसलिए पर्यावरण संरक्षण के संबंध में सोमवार को ही जानकारी देकर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों ने इसके महत्व को जानकर पर्यावरण संरक्षण में हर संभव सहयोग करने, माता की तरह हितकारिणी नदियों को प्रदूषण से बचाने व एक-एक पौधा लगाने का संकल्प लिया। इस दौरान नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला, विद्यालय की प्रधानाचार्य मुक्ता पांडेय के साथ सैकड़ों छात्राएं उपस्थित रहें।

### श्रीराम के चित्रकलात्मक यात्रा पर हुई संगोष्ठी

**वाराणसी।** बीएचयू के भारत कला भवन संग्रहालय के सभागार में भारतीय कला में राम एक चित्रकलात्मक यात्राष पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चित्रकला के माध्यम से प्रभु राम के चरित्रों का दशार्या गया हैं। मारूति नन्दन प्रसाद तिवारी ने कहा कि राम, भारतीय समाज में एक आदर्श पति, पुत्र, भाई आदि कई सामाजिक सम्बन्धों में एक उच्च स्थान रखते हैं। राम भारतीयों ही नहीं विश्व में नायक का स्थान रखते है। मुख्य वक्ता संजीव कुमार सिंह ने कहा राम के जीवन चरित्र को विभिन्न प्रकार की लघु-चित्रकलाओं यथा राजस्थानी, पहाड़ी, मालवा शैली के इत्यादि चित्रों के माध्यम से उनकी जीवन यात्रा को व्याख्यायित किया गया। राम बनना आसान नहीं हैं। उनके जैसा व्यक्तित्व एवं कृतित्व को आत्मसात करना बहुत ही कठिन हैं। राम जैसा आदर्श व्यक्तित्व भारतीय समाज के सभी लोगों के लिए एक उच्च मानदण्ड हैं। भारत कला भवन की डिप्टी डायरेक्टर डॉ. जसमिन्दर कौर ने कहा कि आज के संगोष्ठी में चित्रों के माध्यम से श्रीराम के चरित्रों को चित्रों के माध्यम से राम कथा को दिखाया गया।

## खबरें फटाफट

### युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**सोनभद्रा।** रेणुसागर चौकी क्षेत्र के झुलनट्राली के समीप एक युवक ने अज्ञात कारणों से कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी सीएचसी भेज दिया। राज विजय सिंह (40) पुत्र स्व. बेचू प्रसाद का झुलन ट्रॉली के समीप अपना मकान है। मृतक की पत्नी इन्दू देवी ने बताया कि शनिवार की शाम उनसे विवाद हुआ और फिर वो अपने कमरे मे चले गए और मैं अपनी बेटी को लेकर अपने कमरे में चली गई। सुबह बड़ी बेटी श्वेता झाड़ू लगाते हुए कमरे के पास गई तो दरवाजा अंदर से बंद था। नीचे से झांककर देखा तो पिता को पंखे से लगे फंदे से लटक रहे थे। घटना की तत्काल सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी भेज दिया। इस संबंध में अनपरा प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह का कहना है कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि राज विजय तनाव में रहता था। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

### सब्जी लेने बाजार गए युवक की सड़क हादसे में मौत

**वाराणसी।** वाराणसी जिले में सड़क हादसे में सोमवार को एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद नाराज लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया। इसकी सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। परिवारिक लोगों के अनुसार घर में चचेरे भाई की शादी की तैयारी चल रही थी। मांगलिक कार्यक्रम को लेकर रिश्तेदार जुटे थे। सोमवार को भोज का कार्यक्रम था और मंगलवार को बरात जानी थी। इस बीच चोलापुर थाना क्षेत्र के चंदापुर गांव के दलित बस्ती के रहने वाले सुभाष का पुत्र अंकित राम (23) अपने चचेरे भाई उपेंद्र की शादी की तैयारियों में जुटा था। वह सोमवार की सुबह बेलवा बाबा मंडी से बाइक से सब्जी लेने के लिए गया था। मंडी से वापस लौटते समय चंदापुर आयर लिंक मार्ग पर ईंट लदे ट्रैक्टर को ओवरटेक करने में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई।

## यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने चंडीगढ़ में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

# कांग्रेस अब तो इस लायक भी नहीं बची कि 400 सीट पर चुनाव लड़ सके : योगी

- बोले योगी, आप और कांग्रेस का गठबंधन जनकल्याण के लिए नहीं, लूट-खसोट के लिए बना है
- कहा, पंजाब में माफिया का बोलबाला, यूपी में कब्र पर मर्सिया पढ़ने वाले भी नहीं बचे हैं

**केटी न्यूज/चंडीगढ़**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पूरे देश में फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार के नारे एक स्वर में गूंज रहे हैं। देश ही नहीं दुनिया भी आश्वस्त है कि 4 जून को क्या परिणाम आने जा रहा है। मगर कांग्रेस को उसके कारनामों के कारण देश ने इस हाल में भी नहीं छोड़ा है कि वह 400 सीटों पर चुनाव ही लड़ सके। बीजेपी के स्टार प्रचारक और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सोमवार को यहां मलोया क्षेत्र में बीजेपी प्रत्याशी संजय टंडन के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंजाब में जहां माफिया का बोलबाला दिखता है वहीं यूपी में हमने ऐसे तत्वों को उलटा टांग दिया है और आज उनकी कब्र पर कोई मर्सिया पढ़ने वाला भी नहीं है। योगी ने कहा कि आप और कांग्रेस का गठबंधन जनकल्याण के लिए नहीं, बल्कि लूट-खसोट के लिए बना है।

योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण की शुरूआत करते हुए कहा कि वह मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि से आए हैं और जगत जननी मां भगवती चंडी देवी तथा माता मंशा देवी के पावन दरबार को कोटि कोटि नमन करते हैं। योगी ने चंडीगढ़ को गुरुओं की साधना और उनकी भक्ति और शक्ति के अद्भुत संगम स्थल बताते हुए जनता का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि जनता कह रही है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। क्योंकि जो राम का है वही राष्ट्र का है और जो राम का नहीं है वह किसी काम का नहीं है। कांग्रेस के बुद्धिदाता कहते हैं कि भारत में राममंदिर नहीं बनना चाहिए था। उन्हें ये बात पहले कांग्रेस को ही कहना चाहिए था ताकि कांग्रेस ही राममंदिर इटली में बनवा देती। विनाश काले विपरीत बुद्धि, कांग्रेस में यही दिख रहा है।

**अब सब शांति से रहना चाहते हैं:** योगी ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले नेता पहले न्यायालय को धमकाते थे कि राममंदिर पर फैसला हुआ तो दंगे हो जाएंगे, खून की नदियां बह जाएंगी। हमने कहा यूपी में अब दंगा नहीं होगा, कोई दंगा करेगा तो उसको उलटा टांग देंगे उसको। मैंने कहा था कि राममंदिर पर फैसला जिस दिन होगा वो ब्रह्मांड का सबसे शांत दिन होगा। यूपी में अब दंगे नहीं होते हैं। अब यूपी में सड़क पर नमाज नहीं होती और मस्जिदों से लाउडस्पीकर भी उतर चुके हैं। अब सब शांति से रहना चाहते हैं।

**..सबसे पहले राहुल गांधी विदेश भागते हैं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश पर जब भी संकट आया है सबसे पहले राहुल गांधी विदेश भागते हैं। उन्होंने कहा कि यद्यपि ये लोग ही संकट देने वाले हैं। इन्होंने आतंकवाद, नक्सलवाद, भ्रष्टाचार जैसे संकटों को भारत को देने का कार्य किया है। इस सदी के सबसे बड़े संकट कोरोना में वह कहीं नजर नहीं आए। न चंडीगढ़ में दिखे न यूपी में। तब केवल बीजेपी के कार्यकर्ता जनता की सेवा में थे। एक करोड़ प्रवासी यूपी में आए थे, जो अलग अलग राज्यों में जाने वाले थे। उन्हें उनके घरों तक पहुंचाने के लिए हमने तब 14 हजार बसें लगाई थी।

**कांग्रेस को वोट देना पाप है:** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस को वोट देकर पाप के भागीदार नहीं बनना है। अच्छा जनप्रतिनिधि चुनने पर हमें पुण्य प्राप्त होता है। आज भारत यशस्वी बन रहा है। दुनिया में सम्मान बढ़ रहा है। आतंकवाद, नक्सलवाद और अराजकता का समाधान हुआ है। पहले आतंकी विस्फोट होते थे, निर्दोष भारतीय मारे जाते थे। संसद में जब मुद्दे को उठाता था तो कांग्रेस कहती थी आतंकवाद सीमापार से है। अब जोर से पटाखा भी फूट जाए तो पाकिस्तान भी सफाई देने लगता है। उसे पता है कि ये नया भारत है। छेड़ेंगे तो छोड़ेगा नहीं।

**मोदी सरकार में लोककल्याण की लंबी फेहरिस्त:** योगी ने कहा कि 12 साल पहले जब वह दिल्ली से चंडीगढ़ आए थे तो उन्हें 10 घंटे का समय लगा था, मगर अब 3 घंटे में दिल्ली से चंडीगढ़ पहुंच सकते हैं। कांग्रेस के एक प्रधानमंत्री ने वक्तव्य दिया था कि 100 पैसा देते हैं मगर 15 पैसा ही गरीब तक पहुंचता है। इसका मतलब बीच में कांग्रेस के बिचौलिए शेष 85 पैसे खा जाते थे। मोदी जी ने जनधन एकाउंट खोल दिया आज 100 परसेंट लाभार्थी के खाते में सीधे पहुंच रहा है। एक लंबी फेहरिस्त है लोककल्याण की। गरीबों, वंचितों का बिना चेहरा, जाति, धर्म देखे योजनाओं का लाभ दिया गया।

**वाल्मीकि समाज जरूर आए अयोध्या:**

उन्होंने कहा कि अयोध्या में 500 साल का इंतजार समाप्त हो चुका है। सभी को अयोध्या में आकर भगवान श्रीराम के दर्शन करने चाहिए। उन्होंने बताया कि मंदिर से भी पहले अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बनाने के साथ ही उसका नामकरण महर्षि वाल्मीकि के नाम पर किया गया। वाल्मीकि समाज जरूर अयोध्या आए और वहां की दिव्यता की अनुभूति करे। राममंदिर का निर्माण आपके एक वोट की ताकत से हुआ है।

# कमल का बटन टकाटक दबा रही है जनताः केशव मौर्या

**केटी न्यूज/जौनपुर**



सूबे के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने जौनपुर लोकसभा सीट के बीजेपी प्रत्याशी के पक्ष में चंबलतारा बाजार में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने जौनपुर पहुंचे। उन्होंने सपा , बसपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इस चुनाव में जनता से कमल का बटन टकाटक-टकाटक, टकाटक दबा रही है। आरोप लगाते हुए कहा कि अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव नहीं पहुंचे थे। उन्हें राम मंदिर जाना स्वीकार नहीं। कहा, लेकिन माफिया मुख्तार अंसारी के कब्र पर फातिया पढ़ने पहुंच गए थे। समाजवादी पार्टी को सॉप नाथ बसपा पार्टी और कांग्रेस पार्टी को कालिया नाग कहकर संबोधित किया आज जहां 14 सीटों पर भारी मतदान हो रहा है वहां टकाटक कमल का फूल खिल रहा है। साइकिल पंचर हो चुकी है कांग्रेस का पंजा जनता ने हाथ मरोड़ दिया है और हाथी यूपी छोड़कर भाग गई है।

श्री मौर्य ने कहा कि मोदी जी ने सबसे ज्यादा पिछड़ों के लिए काम किया है और पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा मोदी सरकार ने ही किया है और किसी सरकार ने नहीं दिया उसके साथ ही उन्होंने कहा की जो विपक्ष के लोग बार-बार यह अफवाह उड़ाते हैं कि मोदी सरकार आरक्षण को समाप्त कर रही है लेकिन आप सभी को बताना चाहता हूं कि पिछले 10 साल से भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार है लेकिन किसी का कोई आरक्षण समाप्त नहीं हुआ। पिछड़ी जातियों के लिए नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार पूरी तरह समर्पित है।


केशव प्रसाद मौर्य ने कही बड़ी बाते मुझे दो दो बार डिप्टी सीएम भाजपा ने ही बनाया ये सम्मान किसी पार्टी ने मौर्य समाज को नही दिया जौनपुर में ही देखिए नगर पालिका अध्यक्ष मनोरमा मौर्य को भाजपा के ही मतदाताओं ने पहली बार इतना बड़ा सम्मान दिया ऐसे में मौर्य समाज का फर्ज बनता है की एक एक वोट भाजपा को दे अपने स्थाइ राजनीति के लिए न की बाहरी बांदा के जातीय प्रत्याशी के लिए जो स्वयं के राजनीतिक लाभ के लिए इस दल उस दल में लगे है उनको मौर्य समाज से कोई लेना देना नही है। कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यपाल सैनी जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव विधायक गण रमेश चंद्र मिश्र रमेश सिंह मनोरमा मौर्य रामसूरत मौर्य अमरनाथ यादव आदि ने सम्बोधित किया। जिला मीडिया प्रभारी आमोद कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र सिंघानिया ने किया।




## डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल के बच्चों ने लोकतंत्र के महापर्व को हर्षोल्लास से मनाने का संदेश दिया

# बच्चों ने वोट फॉर इंडिया मानव श्रृंखला बना मतदान के लिए किया जागरूक

**केटी न्यूज/मिर्जापुर**



मिजार्पुर नगर के लोहिया तालाब स्थित डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल के बच्चों ने लोकतंत्र के महापर्व को हर्षोल्लास से मनाने का संदेश दिया। रंग बिरंगे परिधान में बच्चों ने वोट फॉर इंडिया मानव श्रृंखला बनाकर मताधिकार के प्रति लोगों को जागरूक किया। मतदान में अपनी अनिवार्य भागीदारी के लिए मतदाताओं को जागरूक किया। लोगों को प्रेरित करते हुए आकर्षक सांगीतिक प्रस्तुति दी। प्रार्थना सभा में बच्चों ने क्रमशः खड़े होकर वोट फॉर इंडिया की सुंदर प्रस्तुति दी। नीले, पीले, लाल और हरे रंग के हाउस ड्रेस में खड़े बच्चे वोट फॉर इंडिया के माध्यम से आम नागरिक को उसके अधिकार और कर्तव्य का बोध कराया। देश के बेहतर भविष्य और सुदृढ़ तथा सशक्त सरकार के लिए आवश्यक है कि चुनाव के दिन सभी महिला-पुरुष अपने घरों से निकल कर मतदान केंद्र तक जाएं। कहा कि लोकतंत्र को बचाए रखने के लिए मतदान आवश्यक है। जिसका नाम वोटर लिस्ट में आ चुका है उसे यह बेहतरीन मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। क्योंकि हर मत का मूल्य है। हर नागरिक के वोट का समान वजन हैं। देश का नागरिक होने के कारण प्रत्येक मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग अवश्य करे। मतदान करना हमारा अधिकार है। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती कंचन श्रीवास्तव ने कहा कि मतदाताओं को जिस प्रकार प्रेरित करने के लिए मानव श्रृंखला बनाया गया है। उसी प्रकार 1 जून को अपने परिवार और पड़ोसियों को मतदान केंद्र पर अवश्य भेजे।

## डायट में डीएम ने प्रशिक्षुओं को मतदान हेतु किया प्रेरित

**जौनपुर।** स्वीप कार्यक्रम के तहत सोमवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट परिसर जौनपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस अवसर पर जनपद स्तरीय रंगोली, पोस्टर, स्लोगन व मेहंदी प्रतियोगिता में प्रशिक्षुओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मतदाताओं को जागरूक किया। एक से बढ़ कर एक पोस्टर व रंगोली ने सभी को खूब आकर्षित किया। इसके पूर्व जिलाधिकारी ने 25 मई को वोट करेगा जौनपुर लिखा पोस्टर-बैलून के साथ हवा में उड़ाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ दिलाई।

## सुभाषितम्

मनुष्य जितना ज्ञान में घुल गया हो उतना ही कर्म के रंग में रंग जाता है।
- विनोबा भावे

# भारत ईरान का बंदरगाह समझौता और तृतीय विश्व युद्ध की आशंका

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत हवाई दुर्घटना में हो गई है। उनका हेलीकॉप्टर क्रैश हुआ। 17 घंटे के बाद हेलीकॉप्टर का मलमा मिला। राष्ट्रपति इब्राहिम, विदेश मंत्री हुसैन, पूर्वी अजरबेजान प्रांत के गवर्नर और अंगरक्षक हेलीकॉप्टर पर सवार थे। दुर्घटना के लगभग 20 घंटे के बाद ईरान सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर ईरान के राष्ट्रपति और उनके साथ जो लोग सवार थे, उनकी मौत की पुष्टि की है। ईरान के राष्ट्रपति अमेरिका में बने बेल 212 हेलीकॉप्टर में यात्रा कर रहे थे। हेलीकॉप्टर को खोजने में लगभग 17 घंटे का समय लगा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घने कोहरे के कारण शायद आपातकालीन लैंडिंग के दौरान हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। ड्रोन फुटेज में जंगल में आग जलती हुई नजर आई। कुछ दिन पहले भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह को लेकर एक समझौता हुआ था। इस समझौते के अनुसार ईरान के चाबहार बंदरगाह का स्वामित्व एवं संचालन का अनुबंध भारत की कंपनी के साथ किया गया था। ईरान के ऊपर अमेरिका ने कई वर्ष पहले से प्रतिबंध लगा रखे थे। इस समझौते के बाद भारत का खाडी के देशों और रूस के बीच समुद्री परिवहन निर्वाध रूप से होने लगता। इसका लाभ ईरान को भी मिलता। अमेरिका के लिए यह सबसे बड़ा धक्का था। इस समझौते के बाद ही आशंका व्यक्त की जा रही थी की विश्व स्तर पर अब कुछ ना कुछ बड़ा घटने जा रहा है। समझौते के ठीक एक सप्ताह के अंदर ईरान के राष्ट्रपति और विदेश मंत्री का हवाई दुर्घटना में मौत हो जाना सामान्य दुर्घटना नहीं माना जा सकता है। इसके पीछे साजशि की आशंका बताई जा रही है। रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से युद्ध चल रहा है। नाटो देश और अमेरिका यूक्रेन का साथ दे रहा है। इसी बीच इजराइल और हमास के बीच युद्ध शुरू हो गया। अमेरिका, इजराइल को लड़ाई में हर संभव समर्थन दे रहा है। ईरान का जब इजराइल पर हमला हुआ, उसके बाद से स्थिति विस्फोटक होती जा रही थी। इजराइल से ईरान के ऊपर कोई बड़े हमले की आशंका बनी हुई थी। ईरान के राष्ट्रपति ने पिछले महीने पाकिस्तान का दौरा किया था। वहां से लौटने के बाद भारत के साथ बंदरगाह और रोड बनाने का समझौता ईरान ने किया। इस समझौते ने आग में घी डालने का काम किया। वैश्विक स्तर पर रूस और चीन, अमेरिका के मुकाबले में एक साथ खड़े हुए हैं। उत्तर कोरिया भी इसमें शामिल है। अमेरिका भारत और पाकिस्तान में से किसी एक को अपनी ओर खड़ा करना चाहता है। अमेरिका का समर्थन भारत वैसा नहीं कर रहा है, जैसा अमेरिका चाहता है। जिसके कारण अमेरिका, पाकिस्तान के साथ अपने रिश्तों को मजबूत कर रहा है। आर्थिक रूप से पाकिस्तान की हालत बहुत खराब है। अमेरिका के लिए पाकिस्तान सॉफ्ट टारगेट है। इजराइल में प्रधानमंत्री नेतन्याहू के खिलाफ उनकी कैबिनेट के मंत्रियों ने विद्रोह कर दिया है। गाजा के साथ युद्ध को लेकर कैबिनेट मंत्रियों ने नेतन्याहू को इस्तीफा देने की चेतावनी दे दी है। रूस और चीन मिलकर अमेरिका के वर्चस्व को चुनौती दे रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच 2 साल से ज्यादा समय से युद्ध चल रहा है। रूस के ऊपर जो अमेरिकी प्रतिबंध लगाए थे। इसका असर रूस और ईरान पर नहीं हुआ। रूस और चीन के मित्र देश एक नया वैश्विक समीकरण तैयार कर चुके हैं। उत्तर कोरिया आणविक हथियारों के साथ रूस और चीन के साथ सहयोग कर रहा है। वर्तमान स्थिति में भारत की विदेश नीति और कूटनीति दोनों ही बड़ी खराब स्थिति में पहुंच गए हैं। मोदी सरकार ने आर्थिक लाभ को देखते हुए, सामरिक स्थिति पर ध्यान नहीं दिया। रूस से सस्ते में कच्चा तेल लिया। अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भी ईरान के साथ व्यापार जारी रखा। चीन के साथ भारत के व्यापारिक रिश्ते चरम सीमा पर हैं। भारतीय सीमा पर चीन की दादागिरी का शिकार भारत हो रहा है। अमेरिका वर्तमान स्थिति में भारत और पाकिस्तान को अपना मोहरा बनाना चाहता है। वैश्विक शक्तियों के चक्रव्यूह में भारत बुरी तरह से फंस गया है। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने पंचशील के सिद्धांत और निर्गुट देश के रूप में भारत की जो साख बनाई थी, पिछले 10 वर्षों में भारत ने व्यापार को ध्यान में रखते हुए, एक ही मियान पर चार तलवारें रखने का जो जोखिम उठाया है, उसके दुष्परिणाम निकट भविष्य में सामने आ सकते हैं। कहने को भारत के रूस, अमेरिका, चीन, ईरान, इजरायल एवं नाटो देशों के साथ व्यापारिक रिश्ते हैं। इसके बाद भी भारत पर कोई भी देश विश्वास करने की स्थिति में नहीं है। अमेरिका इस लड़ाई में भारत को अपना मोहरा बनाना चाहता था, जिस तरह के हालात दुनिया की महा शक्तियों के बीच में बन गए हैं। ईरान के राष्ट्रपति की मौत, जिस समय और जिस तरह से हुई है, उसके बाद विश्व युद्ध की संभावनाएं बन गई हैं। कोई भी महाशक्ति एक कदम भी पीछे हटने के लिए तैयार नहीं है। चीन, रूस, यूक्रेन, उत्तर कोरिया इत्यादि देशों के शासको की मनोवृत्ति तनाशाह की तरह है। सभी का दबाव भारत के ऊपर पड़ रहा है। इस स्थिति से भारत कैसे निपट पाएगा, यह चिंता का विषय है।

## चिंतन-मनन

# गतिशील रहें

एक यात्री जा रहा था। अंधेरी रात थी। उसे लम्बा रास्ता तय करना था। एक व्यक्ति ने उसे लालटेन देते हुए कहा, इसके प्रकाश में तुम अपना रास्ता देख पाओगे। मार्ग सुख से कटेगा। इसे ले जाओ। उस यात्री ने देखा कि लालटेन का प्रकाश तीन-चार फीट तक फैल रहा है। उसके मन में संदेह हुआ कि रास्ता बहुत लंबा है। प्रकाश केवल तीन-चार फीट तक ही पड़ता है। रास्ता पार कैसे कर पाऊंगा? वह उलझ गया और उलझता ही गया। वह बोला, तीन-चार फीट का प्रकाश मुझे दस मील की यात्रा कैसे करा पाएगा? यह विधि को न समझने के कारण है। विधि को समझे बिना साधक उलझ जाते हैं। विधि को ठीक समझ लेते हैं तो तीन-चार फीट का प्रकाश दस मील की यात्रा करा सकता है। यह प्रकाश दस मील के पूरे पथ को प्रकाशित कर सकता है। आप चलते चलें, दस मील का रास्ता प्रकाशित हो जाएगा और यदि उसी बिन्दु पर खड़े रह गए तो दो फीट का रास्ता ही प्रकाशित होगा, शेष अंधकार ही अंधकार रहेगा। आवश्यकता है चलने की, सतत गतिशील रहने की। विधि को समझें और चलें। विधि को समझना ही पर्याप्त नहीं है, चलना भी पड़ेगा। आगे से आगे बढ़ना होगा। यदि नहीं चले, रूके रह गए तो प्रकाश जहां पड़ता है वहीं पड़ेगा, वह आगे नहीं बढ़ेगा। वह तभी बढ़ेगा, जब हम बढ़ेंगे। वह हमारे रूकने के साथ रूकेगा और बढ़ने के साथ बढ़ेगा। अभ्यास करते जाएं। आप अपनी मंजिल तक पहुंच जाएंगे। मंजिल स्वतः मिल जाएगी।

# जरूरी है आतंकवाद के फन को कुचलना

- योगेश कुमार गोयल

जम्मू कश्मीर दशकों से आतंक के खौफनाक साये में जी रहा है, देश के अन्य हिस्सों में भी कभी किसी भरे बाजार में तो कभी किसी वाहन में आतंकी निदोर्षों के लहू से होली खेलकर आनंदित होते रहे हैं। पिछले कई वर्षों से देश आतंकवाद का यह खामियाजा भुगत रहा है, जिसके कारण अभी तक हजारों लोग बेमौत मारे जा चुके हैं, अनेक परिवार तबाह हो चुके हैं, बच्चे अनाथ हुए हैं, बहुत सी माएं-बहनें विधवा हो गई तो कहीं बुजुर्गों के बुढ़ापे की लाठी इसी आतंकवाद ने छीन ली। दरअसल आतंकवादी ऐसी वहशी घटनाओं को अंजाम देकर और किसी भी तरह का खूनखराबा करके आम लोगों के मन में भय पैदा करना चाहते हैं। उनके ऐसे घिनौने कृत्यों से न जाने कितने ही हंसते-खेलते परिवार एक ही झटके में बर्बाद हो जाते हैं। आतंकवाद रूपी इसी भयानक समस्या से निपटने के लिए भारत द्वारा 21 मई का दिन ह्यराष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवसह्न के रूप में मनाया जाने लगा। यह दिवस वास्तव में उन लोगों को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने आतंकवादी हमलों में अपनी जान गंवाई और यह उन हजारों सैनिकों के बलिदान का सम्मान भी करता है, जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी। राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस की आधिकारिक घोषणा 21 मई 1991 को भारत के सातवें प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद की गई थी, जो लिट्टे के एक आतंकवादी अभियान के दौरान तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में मारे गए थे। राजीव गांधी श्रीपेरंबदूर में एक रैली को संबोधित करने गए थे, जहां लिट्टे से संबंधित एक महिला आतंकी अपने कपड़ों में विस्फोटक छिपाकर उनके पैर छूने के बहाने नीचे झुकी तो जबरदस्त बम धमाके में राजीव गांधी सहित करीब 25 लोगों की मौत हो गई थी। राजीव गांधी की हत्या के बाद तत्कालीन वी.पी. सिंह सरकार द्वारा 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। इस दिवस को मनाने का अहम उद्देश्य यही है कि देश में आतंकवाद, हिंसा के खतरे और उनके समाज, लोगों तथा देश पर पड़ने वाले खतरनाक असर के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाई जाए। इस दिन सरकारी कार्यालयों, उपक्रमों तथा अन्य संस्थानों में आतंकवाद विरोधी शपथ यही दिलाई जाती है कि हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते है तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम रखने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ लेते हैं।

देश में आतंकवादियों की कमर तोड़ने के लिए पिछले कुछ वर्षों से जिस प्रकार के सख्त कदम उठाए जा रहे हैं, उनके चलते देशभर में आतंकी घटनाओं में कमी दर्ज की जा रही है लेकिन विशेषकर जम्मू कश्मीर में अभी भी पाकिस्तान के पाले-पोसे भाड़े के टट्टू मासूम लोगों के खून से होली खेलने को लालायित रहते हैं। हालांकि बीते कुछ वर्षों में स्थिति में बड़ा बदलाव यही है कि सुरक्षा बलों के हमारे जांबाज लगभग आए दिन, शोपियां हो या कुपवाड़ा अथवा घाटी का अन्य कोई क्षेत्र, कहीं न कहीं मुठभेड़ों में दुर्दान्त आतंकियों को ढ़ेर कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में ही सुरक्षा बलों द्वारा सैंकड़ों कुख्यात आतंकियों को कुत्ते की मौत मारा जा चुका है। आतंकियों के खिलाफ चल रहे सुरक्षा बलों के अभियान के चलते इस वर्ष भी अब तक दर्जनों आतंकियों को मार गिराया गया है, जिनमें कुछ विदेशी आतंकी भी शामिल थे। विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के बाद से घाटी में सुरक्षा बलों के एनकाउंटर में सर्वाधिक आतंकवादी मारे गए हैं। हालांकि शोपियां, कुलगाम, पुलवामा जैसे क्षेत्रों में आतंकी समूहों द्वारा स्थानीय युवकों की भर्ती के मामले भी सामने आते रहे हैं लेकिन सबसे ज्यादा मुठभेड़ें भी यहीं हुई। सीआरपीएफ के अनुसार जम्मू कश्मीर में इस समय 91 आतंकी सक्रिय हैं लेकिन सुरक्षा बलों की मुस्तैदी के कारण पिछले कुछ समय में एनकाउंटर में कई आतंकियों का सफाया किया गया तथा एलओसी के पास घुसपैठ की दर्जनभर कोशिशें भी नाकाम की गईं। जम्मू कश्मीर में युवाओं के आतंकी संगठनों में भर्ती का मुद्दा सुरक्षा बलों के लिए गंभीर चिंता का विषय बना रहा है लेकिन राहत की बात यह है कि युवाओं को आतंकवाद के खिलाफ जागरूक करने के चलते आतंकी संगठनों में स्थानीय स्तर पर अब भर्तियां काफी कम हो रही हैं। सरकारी सूत्रों के मुताबिक आतंकी संगठनों में स्थानीय लोगों की भर्ती बीते वर्ष उससे पहले के वर्षों के मुकाबले बहुत कम हुई यानी घाटी में स्थानीय लोगों का झुकाव आतंकी संगठनों की ओर कम हो रहा है और इसका सीधा सा अर्थ है कि जम्मू कश्मीर में भी अब आतंकवादियों की कमर तोड़ने में सफलता मिल रही है। सैन्य अधिकारियों के मुताबिक दुश्मन की ओर से संघर्ष विराम के उल्लंघन, घुसपैठ की कोशिश या किसी अन्य दुस्साहसिक प्रयास का कड़ाई से जवाब दिया जा रहा है। वैसे सैन्य अधिकारियों का स्पष्ट तौर पर कहना है कि आतंकवाद रोधी सख्त अभियान तब तक पूरी ताकत से चलेगा, जब तक कि घाटी में सक्रिय तमाम आतंकवादी आत्मसमर्पण नहीं कर देते या मार नहीं दिए जाते। अधिकारियों के मुताबिक शांति के फायदे लोगों तक पहुंचने से वे अब शांति बनाए रखने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। बहरहाल, देश के कोने-कोने में लोगों को इस दिशा में जागरूक करना ही समय की सबसे बड़ी मांग है कि आतंकवादी संगठनों के दुष्कृत्यों से लोगों के जान-माल तथा समाज का कितना बड़ा नुकसान होता है और अब आतंकवाद के फन को कुचलने के लिए कठोर से कठोर कदम उठाने ही होंगे।

# चुनावी पारदर्शिता और निष्पक्षता पर उठते सवाल?

- चैतन्य भट्ट

चुनाव चल रहे हैं। प्रचार की गर्मी मौसमी गर्मी पर भारी है। आरोपों - प्रत्यारोपों और जुमले बाजी शवाब पर है। मतदाता हैरान है। जितनी तेजी से मुद्दे बदल रहे हैं वैसे तो मौसम भी नहीं बदलते। विडंबना यह है कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए जिम्मेदार चुनाव आयोग की भूमिका भी बहस का मुद्दा बन गई है। कम वोटिंग के लिए आयोग पहले ही आलोचना के दायरे में था। मतों के प्रतिशत की आधिकारिक जानकारी में विलंब और चुनावी आचार संहिता के उल्लंघन के संदर्भ में की गई कार्यवाही ने उसे और भी निशाने पर ला दिया है। आयोग के पास मतदान के आंकड़े मतदान वाले दिन से लेकर अगले दिन तक आते हैं। पीठासीन अधिकारी अपने पोलिंग बूथ के मतदान की जानकारी सेक्टर ऑफिसर, जिसके अंतर्गत आमतौर पर 10 पोलिंग बूथ होते हैं, के जरिए रिटर्निंग ऑफिसर को भेजते हैं। रिटर्निंग ऑफिसर अपने संसदीय क्षेत्र की जानकारी राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय को भेजता है और इसके बाद मुख्य चुनाव अधिकारी इन आंकड़ों को चुनाव आयोग को भेजता है। प्रारंभिक तौर पर यह आंकड़े अनंतिम होते हैं और चुनाव आयोग सम्पूर्ण प्रक्रिया संपन्न होने के बाद अंतिम जानकारी जारी करता है। 19 अप्रैल के पहले चरण के मतदान के बाद चुनाव आयोग ने एक प्रेस नोट जारी कर कहा था कि शाम 7 बजे तक मतदान का अनुमानित आंकड़ा 60% से अधिक था। 26 अप्रैल को दूसरे चरण के बाद भी मतदान का प्रारंभिक अनुमान 60.96% बताया गया। मगर इन दोनों चरणों के लिए अंतिम मतदान प्रतिशत जानकारी आयोग द्वारा 30 अप्रैल अर्थात पहले चरण के मतदान के 11 और दूसरे चरण के चार दिन बाद 30 अप्रैल को प्रकाशित की गई। इलेक्ट्रॉनिक मशीनों वाले चुनाव और पल पल में जानकारी अपडेट करने वाली इंटरनेट की दुनिया में इस विलंब को बहस का मौजू बनना ही था। उस पर कमाल यह हुआ कि मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़े प्रारंभिक आंकड़ों से लगभग 6 प्रतिशत बढ़ कर आए। आयोग ने न तो मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़े देर से जारी करने पर कुछ कहा न ही मतदान प्रतिशत के प्रारंभिक और अंतिम आंकड़ों के अंतर पर। सत्ता पक्ष ने भी इन दोनों पहलुओं पर खामोश रहना ही ठीक समझा। विपक्ष ने जरूर इस पर न सिर्फ गंभीर सवाल खड़े किए बल्कि फेर-बदल की आशंका भी जाहिर की। आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में आयोग के भेद-भाव पूर्ण रवैए ने अलग सवाल खड़े किए हैं।

2014 के लोकसभा चुनाव तक हर चुनावी चरण के बाद चुनाव आयोग में प्रेस कॉन्फ्रेंस की परंपरा थी। 2014 के बाद यह परिपाटी खत्म हो गई। इस परंपरा के चलते चुनाव आयोग और चुनावी प्रक्रिया से जुड़ी मशीनरी में भी मतदान के आंकड़े जारी करने का दबाव रहता था। 2019 के लोकसभा चुनाव में तो किसी भी चरण में चुनाव आयोग की तरफ से प्रेस वार्ता आयोजित नहीं की गई। इसके पहले के चुनावों में 24 से 48 घंटे के अंदर वोटिंग प्रतिशत के अंतिम आंकड़े प्रकाशित कर दिए जाते थे। उस आधार पर कहा जाए तो विलंब पर उठने वाले सवाल यकीनन जायज हैं।

इस मामले को लेकर एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने उच्चतम न्यायालय की शरण ली है। उनके द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि 30 अप्रैल के चुनाव आयोग की अंतिम आधिकारिक जानकारी में 5 प्रतिशत से अधिक के असामान्य संशोधन, अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केंद्र के आंकड़ों की जानकारी की अनुपस्थिति और अंतिम आंकड़े जारी करने में अत्यधिक विलंब ने गंभीर आशंकाएं पैदा की हैं जिन्हें दूर किया जाना चाहिए। अदालत से आग्रह किया गया है कि वह चुनाव आयोग को मौजूदा लोकसभा चुनावों में प्रत्येक चरण के मतदान के बाद मतदान केंद्रों पर दर्ज वोटों की स्कैन की गई सुपाठ्य प्रतियों को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करके मतदान के प्रमाणित रिकॉर्ड का खुलासा करने का निर्देश दे। याचिकाकर्ताओं ने निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केंद्र के अनुसार मतदाता और मतदान के आंकड़ों को पूर्ण संख्या और प्रतिशत के रूप में प्रकाशित करने की भी मांग की है। चुनाव आयोग को यह निर्देश देने का भी आग्रह किया गया है कि वह परिणामों के संकलन के बाद उम्मीदवार वार मतगणना परिणाम का खुलासा करे। उच्चतम न्यायालय मामले पर 17 मई को सुनवाई करेगा।

पारदर्शिता और तकनीक के इस्तेमाल की बात करने वाले चुनाव आयोग के लिए ढीलम ढाली के यह आरोप दुर्भाग्य पूर्ण हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में होने वाले चुनावों की सारे विश्व में प्रतिष्ठा है। कितने ही देश इन चुनावों के अध्ययन के लिए प्रतिनिधि मंडल भेजते रहे हैं ताकि ऐसी ही पारदर्शिता और निष्पक्षता अपना सकें। पिछले कुछ घटनाक्रमों ने इस प्रतिष्ठा पर सवाल खड़े किए हैं। आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में सरकार के बहुमत से निष्पक्षता प्रभावित हुई है। एक चुनाव आयुक्त के अचानक इस्तीफे और उसके बाद दो चुनाव आयुक्तों की ताबड़तोड़ नियुक्ति ने और भी सवाल खड़े किए हैं। राजनीतिक दलों से चर्चा से परहेज और प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ प्रेस से किनाराकशी से आशंकाएं और भी बलवती हुई हैं। सूरत और इंदौर लोकसभा क्षेत्रों में जिस बेशर्मी से मतदाता के मताधिकार द्वारा प्रतिनिधि के चुनाव का गला घोंटा गया है, वह तकनीकी आधार पर भले ही उचित हो, लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के समुचित प्रयास वक्त की जरूरत हैं। चुनाव आयोग की आशंकाओं और विवादों में घिरी निष्पक्षता और पारदर्शिता तो उम्मीद नहीं जगाती। अंतिम परिणाम ही निश्चित करेंगे कि आने वाला तंत्र लोक का रहेगा या ह्ल माई वे या हाई वे ह्ल वाली शैली का। बहरहाल, उम्मीद पे दुनिया कायम है।

# न जाने कितने मुखौटों में जिंदगी तू है

- राकेश अचल

एक तरफ राजनीति है और दूसरी तरफ जिंदगी। दोनों के पास असंख्य मुखौटे हैं। इसीलिए न जिंदगी का असल चेहरा सामने आ पाता है और न राजनीति का। लोग एक चेहरे पर कई चेहरे लगाए बैठे हैं। हमारे साथी कवि स्वर्गीय प्रदीप चौबे ने सियासत पर कम जिंदगी पार ज्यादा लिखा। वे कहते थे -

कभी जुकाम,कभी पीलिया,कभी फ़्लू है
न जाने कितने मुखौटों में जिंदगी तू है

यकीनन जितनी दुश्वारियां जिंदगी के साथ बाबस्ता हैं ,उतनी ही दुश्वारियां सियासत के साथ भी हैं। दोनों गिरगिट की तरह रंग बदलने में माहिर है। आप कह सकते हैं कि उस्ताद हैं। न आप जिंदगी से पार पा सकते हैं और न सियासत से। जिंदगी और सियासत के बिना काम भी नहीं चलता। आप समाज में वीतरागी होकर तो रह नहीं सकते। सियासत का का हर फैसला आपकी जिंदगी को प्रभावित करता है ,भले ही आपका सियासत से कोई रिश्ता हो या न हो ? आप किसी दल या विचारधारा के साथ हों या न हों ? मार तो आपको खाना ही पड़ेगी। लेकिन सवाल ये है कि आखिर कब तक और कितनी मार खाई जा सकती है ?

आजकल जिंदगी पर मौसम भी भरी पद रहा ह। पारा 47 डिग्री को पार कर चुका है। जैसे नेताओं को कोई केंचुआ आदर्श आचार संहिंता की धज्जियां उड़ाने से नहीं रोक सकता ,उसी तरह मौसम को भी कोई अपने तेवर दिखने से नहीं रोक सकता। अकेले वृक्ष रोक सकते थे लेकिन उन्हें भी बेरहमी के साथ कत्ल किया जा रहा है। कल ही पढ़ा की पांच साल में 53 लाख से ज्यादा छायादार वृक्ष हमारे राष्ट्रवादी, देशभक्त, अंधभक्त समाज ने काट कर फेंक दिए। अब आसमान से बरसती आग को रोकने के लिए कोई छाता हमारे पास नहीं है। एयर कंडीशनर हमें भीतर ठंडक देते हैं लेकिन बाहर वे भी इतनी आग उगलते हैं की सांस लेना मुश्किल हो रहा है। दुर्भाग्य से इस बार सियासी पारा और मौसम का पारा एक साथ चढ़ा हुआ है। इसीलिए गर्मी दो गुना ज्यादा है। परिंदों और पशुओं की तो छोड़िये किसी को इंसानों की जिंदगी की फिक्र नहीं है। सारे फिक्र तौसवीं इन दिनों चुनाव में व्यस्त है। कुछ लड़ रहे हैं और बाकी के चुनाव लड़ा रहे हैं। दिल्ली में तो केजरीवाल,मालीवाल आपस में ही लड़ रहे हैं। जनता के बारे में सोचे कौन ?

लोकतंत्र में आम चुनाव सत्यनारायण कथा के अध्यायों की तरह होने लगे है। चुनाव में मौसम का मिजाज नहीं बल्कि सत्तारूढ़ दल की सहूलियत देखी जाती है। इस बार भी केंचुआ ने मतदान की तारीखें तय करते वक्त मौसम विभाग से नहीं भाजपा मुख्यालय से विमर्श किया। इसी का नतीजा है कि इस बार मतदान अपेक्षाकृत कम हो रहा है। अब आप ही सोचिये की आदमी मतदान के जरिये अपना लोकतंत्र ,अपना विचार ,अपना भविष्य बचाये या जिंदगी बचाये ? अगर मतदान के लिए घर से निकले और लू ने आपकी लू-लू कर दी तो न घर के रहिएगा और न घाट के। जिंदगी से हाथ धोना पड़ेंगे सो अलग। लू से मरने पर कोई भी सरकार अपने परिजनों को दो-चार लाख रुपए का मुआवजा भी नहीं देने वाली। यदि आपने बीमा करवा रखा होगा तो कम्पनी दावा स्वीकार नहीं करेगी। कहेगी- भरी दोपहर में घर से निकले ही क्यों थे मरने के लिए ?

अग्निदग्ध मौसम में नयी सरकार चुनना भी लोहे के चने चबाने जैसा है। एक तरफ अपीलें की जा रहीं हैं कि - पहले मतदान ,बाद में जलपान और दूसरी तरफ मतदान के बाद जलपान कराने वाला कोई दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा। अयोध्या में राम मंदिर में प्राण -प्रतिष्ठा समारोह में जाने के लिए निमंत्रण के साथ घर-घर पीले चावल बांटने वाले इस बार मतदाता पर्चियां बांटने भी नहीं आये। सबने सोच लया है कि राम जी के नाम पर जिसे वोट देना है वो पीले चावलों या मतदाता पर्चियों का इन्तजार थोड़े ही करेंगा ? भाजपा कार्यकताओं और नेताओं ने ये मान लिया है कि जिसे अपनी बीबी का मंगलसूत्र बचाना है,पुरखों कि जमीन बचाना है ,आरक्षण बचाना है और मुसलमानों को भगाना है तो हर कोई झक मारकर वोट डालने आएगा। अर्थात अब अटकी मतदाता की है ,भाजपा की नहीं। भाजपा को तो जो हासिल करना था सो उसने कर लिया।

प्रचंड गर्मी में हो रहे मतदान के नतीजे भी प्रचंड ही आएंगे। आप जब इस लेख को पढ़ रहे होंगे तब तक मतदान का पांचवां चक्र समाप्त हो चुका होगा। टीवी चैनलों और यू- ट्यूब चैनलों पर एक तरफ गोदी मीडिया और दूसरी तरफ गैर मोदी मीडिया की चिड़ियाँ चहकती नजर आएँगी। वे किस को हरा रही होंगी तो किसी को जिता रही होंगी। पांचवें चरण में मोदी से लेकर गांधी तक का भविष्य दांव पर है देश के भविष्य की बात कोई नहीं कर रहा और न किसी को देश के भविष्य की फिक्र है। सबको अपना-अपना भविष्य दिखाई दे रहा है। इतने आत्मकेंद्रित नेताओं के भविष्य के मुकाबले आपको,हमको देश के भविष्य की चिंता करना चाहिए।

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** आपको राजनीतिक क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। समाज के प्रति दायित्व भी आप भरपूर निभाएंगे। | **तुला** आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि का योग है। आय के नये स्रोत बनेंगे। |
| **वृषभ** आज का दिन साथ आनंद में बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेंगे। | **वृश्चिक** आज करियर के मामले में लाभ का दिन है और आज आपके सम्मान में वृद्धि के योग हैं। |
| **मिथुन** आज किसी बहुमूल्य वस्तु और संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी। | **धनु** आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। |
| **कर्क** आपकी स्थिति बेहतर होगी। आपको बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने से आपके कोष में वृद्धि होगी। | **मकर** मन के अनुकूल लाभ होने से हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति आपकी पहले की तुलना में बेहतर होगी। |
| **सिंह** दूसरों की मदद करनी पड़ सकती है। कार्यक्षेत्र में भी आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं। | **कुंभ** भागदौड़ की वजह से आपके सामने अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। |
| **कन्या** आपके सभी कार्य पूर्ण होंगे। सेवा और पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। | **मीन** आज पास और दूर की यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी। |

## विशेष

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश को नहीं मान रहा चुनाव आयोग

सुप्रीम कोर्ट ने ताजा फैसले में कहा था, चुनाव आयोग को सिंबल लोडिंग यूनिट को स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीन के साथ सुरक्षित रखना होगा। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद 45 दिनों तक इसे सुरक्षित रखने का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को दिया था। राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री सांसद दिग्विजय सिंह ने जब स्ट्रांग रूम में सिंबल लोडिंग यूनिट देखना चाहा। तो पता चला कि वह स्ट्रांग रूम में नहीं है। दिग्विजय सिंह ने अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। अब देखते हैं इस मामले में क्या फैसला होता है। सुप्रीम कोर्ट कोई फैसला करती है, या तारीख पर तारीख आती है।

### वाह मोदी जी वाह, मुस्लिम पड़ोसियों के यहां खाना, मोहर्रम में ताजिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पटना और बनारस में रोड शो किया। यहां पर उन्होंने एक तुरप का पत्ता फेंका। उन्होंने कहा, बचपन में वह मुस्लिम परिवारों के बीच में जाते थे। मुस्लिम पड़ोसियों के यहां खाना खाते थे। ईद के दिन हमारे घर खाना नहीं बनता था। मोहर्रम पर ताजिया में भी शामिल होते थे। उत्तर प्रदेश और बिहार में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह मुस्लिम प्रेम लोगों के सामने आया है। इसे एक आश्चर्य के रूप में देखा जा रहा है।

### तेजस्वी के बयान से बिहार की राजनीति में हड़कंप

चौथे चरण के चुनाव के बाद तेजस्वी यादव ने एक बड़ा बयान दिया है। जिसमें कहा है, नीतीश कुमार का आशीर्वाद उनके साथ है। उन्होंने यह भी कहा कि जनता दल यू का वोट इस बार राजद को मिल रहा है। पिछली बार चिराग पासवान के जरिए भाजपा ने नीतीश कुमार को सबक सिखाया था। इस बार नीतीश कुमार भाजपा को सबक सिखाने जा रहे हैं। इसको लेकर बिहार की राजनीति में तूफान आ गया है।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1483 : बेंकिंघम के ड्यूक को मौत के घाट उतार दिए गए। 1534 : सिख गुरू रामदास का जन्म। 1774 : राबर्ट क्लाइव ने इंग्लैंड में आत्महत्या कर ली। 1847: ब्रिटिश सेना के अधिकारियों की हत्या के बाद दूसरा अफगान युद्ध शुरू हुआ। 1955 : डेविड बेन गुरियन ने इजरायल में सरकार का गठन किया। 1956 : हंगरी वारसा संधि से अलग हुआ। 1964 : सऊदी अरब में शाह फैजूल गद्दी पर बैठे। 1988 : श्रीलंका सरकार ने पूरे देश में रात्रिकालीन कर्फ्यू लागू किया था। 1990 : अयोध्या में हुई गोलीबारी में 8 मरे। 1994 : यूगोस्लाव सेना ने क्रोएशिया पर नए सिरे से हमला किया। 1992 : बास्केटबॉल के जाने माने खिलाड़ी मैजिक जानसन ने अवकाश ग्रहण करने की दोबारा घोषणा की। 1994 : मिस्त्र में एक तेल टैंकर में हुए विस्फोट से चार सौ से अधिक लोग मारे गए। 2000 : डीटीएच टेलीविजन सेवा को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी।

## दैनिक पंचांग

21 मई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | वृष | 04.53 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मिथुन | 06.55 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 09.09 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.25 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 13.37 बजे से |
| शुक्र | वृष में | तुला | 15.48 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 18.02 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 20.18 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 22.23 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 00.10 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | मीन | 01.43 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 03.13 बजे से |

**मंगलवार** 2024 वर्ष का 142 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2081
**शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** त्रयोदशी 17.40 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** चित्रा 05.46 बजे को समाप्त।
**योग** व्यतीपात 12.35 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 17.40 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 12.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 20° 15'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871986
**जूलियन दिन** 2460451.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 12
**विशेष** राजीव गाँधी पुण्यतिथि।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



हमीरपुर समेत बुंदेलखंड के इलाकों में किसी जमाने में लोकसभा चुनाव में देश की पीएम चुनावी जनसभा का हिस्सा बने थे। उस जमाने में उन्हें देखने के लिए भारी जन सैलाब उमड़ा था, लेकिन अब छोटे जिलों के बजाय मंडल मुख्यालय तक ही शीर्ष नेताओं की जनसभाएं होने लगी है। 33 साल पहले 25 मार्च 1991 को देश के पीएम रहे राजीव गांधी ने आम चुनाव को लेकर पूरे देश में सभाएं की थीं। वर्ष 1984 के आम चुनाव में केन्द्र में राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी थी। वह 1989 तक पीएम रहे, लेकिन 1989 के आम चुनाव में राजीव गांधी को विपक्ष में बैठना पड़ा था।

उ.प्र. 33 साल पहले ...

# राजीव गांधी की हमीरपुर में जनसभा, किसी भी विपक्षी पार्टी का नहीं लिया था नाम

बुंदेलखंड के राठ और हमीरपुर में 33 साल पहले पूर्व पीएम राजीव गांधी सड़क मार्ग के रास्ते आए थे। तब उन्हें देखने और सुनने के लिए सड़क से लेकर सभा स्थल तक भारी जन सैलाब उमड़ा था। उन्होंने जनसभा के जरिए गांवों के विकास और संचार क्रांति के बारे में ही बातें की थी। हमीरपुर शहर में खुली गाड़ी में खड़े होकर राजीव गांधी ने खास से लेकर आम लोगों से हाथ हिलाकर अभिवादन किया था।

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में 33 साल पहले पूर्व पीएम राजीव गांधी ने यहां एक जनसभा में हुंकार भरी थी। आधी रात को जनसभा में आए पूर्व पीएम को देखने के लिए भारी जन सैलाब भी उमड़ा था। और तो और जनसभा के बाद वह हमीरपुर के डाक बंगले में रात्रि विश्राम भी किया था।



**1991 में राजीव गांधी ने की थीं जनसभाएं**

हमीरपुर समेत बुंदेलखंड के इलाकों में किसी जमाने में लोकसभा चुनाव में देश की पीएम चुनावी जनसभा का हिस्सा बने थे। उस जमाने में उन्हें देखने के लिए भारी जन सैलाब उमड़ा था, लेकिन अब छोटे जिलों के बजाय मंडल मुख्यालय तक ही शीर्ष नेताओं की जनसभाएं होने लगी है। 33 साल पहले 25 मार्च 1991 को देश के पीएम रहे राजीव गांधी ने आम चुनाव को लेकर पूरे देश में सभाएं की थीं। वर्ष 1984 के आम चुनाव में केन्द्र में राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी थी। वह 1989 तक पीएम रहे, लेकिन 1989 के आम चुनाव में राजीव गांधी को विपक्ष में बैठना पड़ा था। करीब सोलह महीने महीने बाद ही नौंवी लोकसभा भंग हो गई। पूरे देश में मंडल कमीशन और राम मंदिर के मुद्दा दसवें लोकसभा चुनाव में छाया रहा बावजूद केन्द्र की सत्ता में कांग्रेस आई थी, लेकिन कांग्रेस को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी थी। राजीव गांधी की आम चुनाव से पहले ही आत्मघाती हमले में हत्या कर दी गई थी। हत्या से पहले राजीव गांधी बुंदेलखंड के हमीरपुर की धरती पर भी कदम रखे थे। हमीरपुर में वह भारी लाव लश्कर के साथ आए थे।



**जनसभा के बाद राजीव गांधी कर दी गई थी हत्या**

उन्होंने आधी रात के बाद यहां जनसभा में हुंकार भरी थी। 21 मई 1991 को राजीव गांधी की हत्या की खबर से यहां पूरे शहर के लोग दुखी हुए थे। समाजसेवी जलीस खान, रफीक, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी समेत तमाम लोगों ने कहा कि राजीव गांधी की हत्या से घरों में चूल्हे नहीं जले थे। बताया कि राजीव गांधी ऐसे नेता थे, जिन्होंने हमीरपुर में सभा के दौरान किसी भी राजनीतिक दल के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की थी। वह सिर्फ गरीबों के कल्याण और गांवों के विकास की ही बातें की थीं।

### हमीरपुर में की थी बड़ी जनसभा

33 साल पहले पूर्व पीएम राजीव गांधी मध्यावधि चुनाव के समय देश के भ्रमण पर निकले थे। बुंदेलखंड के राठ कस्बे में 25 मार्च 1991 को स्वामी ब्राह्मानंद महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया था। उन्होंने जनसभा में भारी जन सैलाब को सम्बोधित भी किया था।

यहां कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहन स्वरूप पाठक, पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद सिंह समेत तमाम नेताओं ने उनका स्वागत किया था। इसके बाद राजीव गांधी का काफिला हमीरपुर शहर में देर रात पहुंचा था। जहां जिला पंचायत परिसर में बने मंच से राजीव गांधी ने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने और गांवों को संचार क्रांति से जोड़ने की बात कही थी।

### हमीरपुर के डाक बंगले में बिताई थी रात



पूर्व पीएम राजीव गांधी जैसे ही हमीरपुर स्थित जिला पंचायत परिसर पर आए, तभी खुली गाड़ी से उतरते ही उन्होंने साधारण परिवार के रफीक समेत कुछ युवाओं से हाथ मिलाया था। समाजसेवी जलीस खान ने भी उनसे हाथ मिलाया था। उन्होंने बताया कि राजीव गांधी ने सभा में कहा था कि संचार क्रांति से ही देश आगे बढ़ सकेगा। गांवों से पलायन रोकने के लिए पंचायती राज व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाएगा, जिससे लोगों को गांवों में ही रोजगार मिल सके। बताया कि देश के शीर्ष नेता ने किसी भी दल के बारे में कोई टिप्पणी तक नहीं की थी। राजीव गांधी ने जनसभा के बाद डाक बंगले में पूरी रात भी बिताई थी।

### उमड़ा था जन सैलाब

समाजसेवी जलीस खान, अनवर खान, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, संजय वीर सिंह और पूर्व प्रधान बाबूराम प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि आजादी के बाद पहली बार राजीव गांधी हमीरपुर में आधी रात के बाद आए थे। इसके बावजूद उन्हें देखने और सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ी थी। जिला पंचायत और कलेक्ट्रेट परिसर से लेकर डाक बंगले तक सड़कों किनारे उनके स्वागत के लिए लोगों की जबरदस्त भीड़ थी। डाक बंगले में राजीव गांधी ने सभी लोगों के साथ भोजन किया था। उनके साथ एनडी तिवारी, माखन लाल फोतेदार, मोहसिना किदवई, रामदत्त तिवारी, बीबीसी रिपोर्टर मार्कटली समेत तमाम नेता मौजूद थे।



# तो क्या राहुल हैं इंडिया गठबंधन में पीएम चेहरा?

**रायबरेली से दिल्ली तक इस पर छिड़ा सियासी तूफान**

इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस पार्टी के एक वरिष्ठ नेता कहते हैं कि वह सब चाहते हैं कि राहुल गांधी ही गठबंधन के बड़े चेहरे हों और उनको सरकार बनने पर प्रधानमंत्री बनाया जाए। हालांकि उनका कहना है कि जब गठबंधन का कोई नेता खुलकर इस पर नहीं बोल रहा है, तो वह भी अपनी राय कैसे जाहिर कर सकते हैं। लेकिन उनकी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राहुल गांधी को बतौर पीएम तो देखता ही है। राजनीतिक जानकार और वरिष्ठ पत्रकार ओपी तंवर कहते हैं कि सियासी नजरिए से जो बात भूपेश बघेल ने बोली है, वह बहुत संवेदनशील है। क्योंकि इसी मुद्दे पर गठबंधन के नेताओं की ओर से दो टूक बात कही जा चुकी है कि वह प्रधानमंत्री के चेहरे को सामने रखकर चुनाव नहीं लड़ने वाले हैं। ऐसे में गठबंधन में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के चेहरे के तौर पर सामने लाना कई तरह के सवाल खड़े करता है।

**(आशीष तिवारी)**

क्या विपक्ष के प्रमुख राजनीतिक दलों के गठबंधन समूह इंडिया से प्रधानमंत्री का चेहरा राहुल गांधी ही होंगे। राजनीतिक दलों के नेता भले खुलकर इस पर कुछ ना बोलते हों, लेकिन कांग्रेस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस पर बोलकर सियासत गर्म कर दी। दरअसल गठबंधन में यही एक महत्वपूर्ण मुदा है, जो न सिर्फ सबसे संवेदनशील है बल्कि उस पर बोलने से लोग कतराते हैं। फिलहाल बघेल की ओर से 'सांसद नहीं प्रधानमंत्री चुन रहे हैं' लोग वाले बयान पर फिलहाल रायबरेली से लेकर दिल्ली वाया लखनऊ सियासी तूफान मच गया ।

एक बार फिर से इंडी गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री के चेहरे को लेकर सियासत शुरू हो गई है। सियासत में कुछ लोग खुलकर तो कुछ दबी जुबान से प्रधानमंत्री के चेहरे पर बोल रहे हैं। दरअसल रायबरेली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इशारों-इशारों में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री का चेहरा बता दिया। बघेल ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आप सांसद नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री चुन रहे हैं। उनके इस बयान के बाद सियासी पारा हाई हो गया। गठबंधन में शामिल प्रमुख दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच में इस बात को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है कि आखिर बघेल ने प्रधानमंत्री के चेहरे के तौर पर राहुल गांधी को कैसे प्रोजेक्ट कर दिया। समाजवादी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता कहते हैं कि उनके नेता अखिलेश यादव ने इस मामले में अपना जवाब दे दिया है। दरअसल अखिलेश यादव ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस सवाल को मोड़ते हुए कहा कि वह अपनी रणनीति किसी से साझा नहीं करने वाले।

इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस पार्टी के एक वरिष्ठ नेता कहते हैं कि वह सब चाहते हैं कि राहुल गांधी ही गठबंधन के बड़े चेहरे हों और उनको सरकार बनने पर प्रधानमंत्री बनाया जाए। हालांकि उनका कहना है कि जब गठबंधन का कोई नेता खुलकर इस पर नहीं बोल रहा है, तो वह भी अपनी राय कैसे जाहिर कर सकते हैं। लेकिन उनकी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राहुल गांधी को बतौर पीएम तो देखता ही है। राजनीतिक जानकार और वरिष्ठ पत्रकार ओपी तंवर कहते हैं कि सियासी नजरिए से जो बात भूपेश बघेल ने बोली है, वह बहुत संवेदनशील है। क्योंकि इसी मुद्दे पर गठबंधन के नेताओं की ओर से दो टूक बात कही जा चुकी है कि वह प्रधानमंत्री के चेहरे को सामने रखकर चुनाव नहीं लड़ने वाले हैं। ऐसे में गठबंधन में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के चेहरे के तौर पर सामने लाना कई तरह के सवाल खड़े करता है।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि या तो इसमें गठबंधन के नेताओं और राजनीतिक दलों के बीच कोई आपसी सहमति बनी है। या फिर सिर्फ कांग्रेस नेताओं के अंदर राहुल गांधी को बतौर प्रधानमंत्री प्रोजेक्ट करने की होड़ मची है। चुनावी रणनीतिकार हरीश भारद्वाज कहते हैं कि सियासत में जो भी बोला जाता है, उसका कुछ ना कुछ मतलब होता है। इसलिए राहुल गांधी को कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री की ओर से बतौर प्रधानमंत्री प्रोजेक्ट किए जाने के कई तरह के निहितार्थ तो निकलते ही हैं। भारद्वाज कहते हैं कि यह बात पहले से राजनीतिक गलियारों में कही जा रही है कि गठबंधन को इस वक्त एक बड़े राजनीतिक दल के तौर पर कांग्रेस लीड कर रही है। लेकिन चेहरे के तौर पर गठबंधन के किसी नेता को सामने खुलकर नहीं लाया जा रहा है।

हालांकि कांग्रेस के नेताओं ने इस पर खुलकर के कभी कुछ नहीं कहा। लेकिन इस बात को गठबंधन के भी कई बड़े नेता भी मानते हैं। जबकि गठबंधन के अन्य सयासी दल अपने नेता को बात प्रधानमंत्री प्रोजेक्ट करने की बात करते आए हैं। वह कहते हैं कि गठबंधन की रणनीति के मुताबिक इंडिया में शामिल कोई राजनीतिक दल अपने नेता को प्रधानमंत्री के चेहरे के तौर पर आगे नहीं कर रहे हैं। राजनीतिक मामलों के जानकार प्रभात



कुमार कहते हैं कि गठबंधन में शामिल सभी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं की भी मांग उनके नेता को बतौर प्रधानमंत्री ही प्रोजेक्ट करने की रही है। वह कहते हैं कि जब पिछले साल गठबंधन बन रहा था, तो इस बात की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही थी कि आखिर इनका पीएम चेहरा कौन होगा। उसे दौरान इस मामले में आम सहमति नहीं बनी और इस मुद्दे को वहीं पर छोड़ दिया गया।

प्रभात कहते हैं कि शुरुआत में नीतीश कुमार से लेकर शरद पवार और मल्लिकार्जुन खरगे से लेकर राहुल गांधी के नाम की चर्चाएं होने लगीं। लेकिन इससे गठबंधन की धुरी कमजोर पड़ने लगी, तो एक महत्वपूर्ण बैठक में तय किया गया कि प्रधानमंत्री के चेहरे पर कोई बात नहीं होगी। वह कहते हैं कि गाहे बगाहे गठबंधन से पीएम के चेहरे का जिक्र हो जाता है। जिसके चलते गठबंधन के भीतर सियासी उबाल भी आता है। उनका कहना है कि जिस तरह से इशारों-इशारों में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के चेहरे के तौर पर प्रोजेक्ट किया है, वह उसी कड़ी का हिस्सा है। जिसमें कांग्रेस के नेता बीच-बीच में जनता के बीच न सिर्फ इमोशनल कार्ड बल्कि एक संदेश देने की कोशिश करते हैं।



लोकसभा चुनाव के 5 चरणों का मतदान हो चुका है अब 2 चरणों पर वोटिंग बची है। हरियाणा में 25 मई को 10 सीटों पर एक साथ मतदान होगा। कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही दलों की इन सीटों पर खास नजर है और कुछ क्षेत्रीय पार्टियां भी मैदान में दिखाई दे रही हैं। बात करें बीजेपी की तो पीएम मोदी 18 मई से हरियाणा में प्रचार अभियान शुरू कर दियां और बीजेपी के नेताओं का मानना है कि पीएम की रैलियों के बाद प्रदेश का माहौल बदल जाएगा।

# हरियाणा में हुड्डा के सपने, चकनाचूर करेंगे पीएम मोदी?

**सभी दस सीटें जीतने के लिए भाजपा ने बनाया ये प्लान**

लोकसभा चुनाव के 5 चरणों का मतदान हो चुका है अब 2 चरणों पर वोटिंग बची है। हरियाणा में 25 मई को 10 सीटों पर एक साथ मतदान होगा। कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही दलों की इन सीटों पर खास नजर है और कुछ क्षेत्रीय पार्टियां भी मैदान में दिखाई दे रही हैं। बात करें बीजेपी की तो पीएम मोदी 18 मई से हरियाणा में प्रचार अभियान शुरू कर दिया और बीजेपी के नेताओं का मानना है कि पीएम की रैलियों के बाद प्रदेश का माहौल बदल जाएगा।

### हरियाणा का कैसा है माहौल?

किसान आंदोलन के चलते ऐसा माना जा रहा है कि हरियाणा में इस बार बीजेपी को काफी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर बात जाट वोटर की हो रही है और चुनावी विश्लेषक मानते हैं कि बीजेपी के हाथ से जाट मतदाता बड़ी संख्या में इस बार खिसक सकते हैं।

जानकारी यह है कि बीजेपी हरियाणा में पीएम मोदी की चार रैलियों को कामयाब बनाने पर फोकस कर रही है। पीएम प्रचार की शुरुआत सोनीपत से करने वाले हैं। यहां से पार्टी तीन लोकसभा (सोनीपत, रोहतक और करनाल) को साधने की कोशिश कर रही है।

पीएम मोदी  सोनीपत में रैली के बाद 23 मई को भिवानी महेंद्रगढ़ में एक सभा करेंगे। वह यहां पार्टी के उम्मीदवार चौधरी धर्मवीर के लिए वोट मांगेंगे। सूत्रों के मुताबिक बीजेपी नेताओं ने पीएम से हरियाणा में दो और रैलियां करने की मांग की है, लेकिन इनका स्थान और वक्त अभी तय नहीं हुआ है। ये अंबाला, हिसार, सिरसा कहीं भी हो सकती है।

### हरियाणा में किसानों का गुस्सा

हरियाणा में पिछले हफ्ते गुस्साए किसानों ने भाजपा के सोनीपत उम्मीदवार मोहन लाल बडोली की रैली को रोक दिया था। जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा था। इसके अलावा बीजेपी के एक और उम्मीदवार अशोक तंवर



(सिरसा), रणजीत चौटाला (हिसार), अरविंद शर्मा (रोहतक), और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर (करनाल) को किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा है। ऐसे में बीजेपी हरियाणा में चुनाव को लेकर खास प्लानिंग कर रही है।



# एक्सपायर हो चुके हैंड वॉश का इस तरह करें इस्तेमाल

कई चीजें एक्सपायर हो जाती हैं। हालांकि यह इतने महंगे होते हैं कि इसे फेंकने का भी मन नहीं होता है। अगर आपके घर में रखा हैंड वॉश भी एक्सपायर हो गया है तो आप इसे फेंकने की जगह इसे सही तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं। आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि आप कैसे अपने एक्सपायर हैंड वॉश को फिर से इस्तेमाल सकती हैं।

ज्यादातर लोग चीजों को इस्तेमाल करने से पहले देखते ही नहीं है। ऐसे में वह एक्सपायर चीजों का भी इस्तेमाल कर लेते हैं। कुछ प्रोडक्ट 6 महीने के बाद एक्सपायर हो जाते हैं। ऐसे में आपको स्किन पर भूलकर भी एक्सपायर चीजों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। चाहे वह हैंड वॉश ही क्यों ना हो आपको सावधानी बरतनी चाहिए।

## वॉश बेसिन की करें सफाई

एक्सपायर हो चुके हैंड वॉश की मदद से आप चाहे तो वॉश बेसिन की सफाई कर सकती हैं। आपको वॉश बेसिन में हैंड वॉश डालना है और ब्रश की मदद से पूरे वॉश बेसिन की सफाई करनी है। ऐसे में आपका एक्सपायर हैंड वॉश साफ भी हो जाएगा और वॉश बेसिन गंदा भी नहीं होगा।

## बेडशीट की करें सफाई

बेडशीट की सफाई आपको एक्सपायर हो चुके हैंड वॉश की मदद से करना चाहिए। इससे आपका बेडशीट साफ हो जाएगा। सबसे पहले आपको पानी और हैंड वॉश का घोल तैयार करना होगा फिर इस घोल में आपको बेडशीट डालना होगा। फिर पूरे बेडशीट को नार्मल पानी की मदद से साफ करना होगा।

## जूतों की करें सफाई

एक्सपायर हैंड वॉश को फेकने की जगह आप चाहे तो उसकी मदद से जूतों की सफाई कर सकती हैं। जूतों की सफाई करने के लिए आपको हैंड वॉश को घोल तैयार करना होगा। फिर इस घोल में आपको जूतों को भिगोकर रखना होगा। ऐसे में आपके जूते मिनटों में साफ हो जाएंगे और एक्सपायर चीजों का भी इस्तेमाल हो जाएगा। आपके पैसे वेस्ट नहीं होंगे।



# ससुराल वालों से कभी खराब नहीं होंगे आपके रिश्ते अपनाएं ये आसान टिप्स

**लड़कियों को शादी के बाद ससुराल वालों को संभालना शुरुआत में काफी मुश्किल होता है। हालांकि कुछ तरीकों को अपना कर रिश्ते को मजबूत बनाया जा सकता है।**

शादी के नाम से ही हर लड़की नर्वस हो जाती है। क्योंकि उनके मन में ससुराल वालों के साथ रिश्ते को लेकर कई सारे सवाल उठ रहे होते हैं। क्योंकि भारत में शादियां सिर्फ एक लड़का और लड़की के बीच नहीं होती। बल्कि यह दो परिवारों के बीच का रिश्ता भी होता है। ऐसे में, हर महिला को नए परिवार और रिश्ते को संभालने का डर रहता है। अगर आपके साथ भी कुछ ऐसा ही हाल है, तो ये आर्टिकल आपके लिए है। यहां हम आपको कुछ टिप्स बताने वाले हैं, जिसकी मदद से आप अपने ससुराल वालों को आसानी से संभाल सकती हैं। तो चलिए ओंटोलॉजिस्ट और रिलेशनशिप एक्सपर्ट आश्मीन मुंजाल से जानते हैं कि कैसे ससुराल के सदस्यों को हैंडल किया जा सकता है।

## इफेक्टिव कम्यूनिकेशन

कम्यूनिकेशन किसी भी रिश्ते हेल्दी बनाने के लिए जरूरी होता है। यह आपको विश्वास और समझ विकसित करने में मदद करता है। ऐसे में, आप अपने ससुराल वालों के लिए कुछ समय निकालें और अपने विचारों, भावनाओं और मुद्दों पर खुलकर चर्चा करें। परेशानी को कम करने और संभालने के लिए एक-दूसरे से बात करना बहुत जरूरी होता है। ध्यान रखें संचार कभी भी एकतरफा नहीं होता, इसलिए उनके दृष्टिकोण और सुझावों को भी जरूर सुनें।

## धैर्य और प्रयास से रिश्ते बनाएं मजबूत

ससुराल वालों के साथ एक स्वस्थ, सम्मानजनक और प्यार भरा रिश्ता कायम रखने के लिए धैर्य और प्रयास की आवश्यकता हो सकती है। क्योंकि मजबूत बंधन बनाने में समय लगता है। इसके लिए आपको धैर्य रख कर कोशिश करते रहनी होगी।

## आपस की समानताओं को समझें

अपने और अपने ससुराल वालों के बीच समानताएं तलाशने की कोशिश करें। एक बार जब आप जान जाएंगी कि आपकी कौन-सी समान रुचियां हैं, तो आप उन पर ध्यान दे सकते हैं। साथ ही, उस चीज का फायदा भी उठा सकते हैं। समानताएं नेचर, पसंद-नापसंद, खाना बनाना, बागवानी करना आदि की हो सकती है, जो आपको एक मजबूत संबंध बनाने में हेल्प करता है।

## ससुराल वालों का सम्मान करें

अपने ससुराल वालों द्वारा से मिले समर्थन और दयालुता को स्वीकार करके आपको उनका सम्मान हमेशा करना चाहिए। इसके लिए आप उन्हें धन्यवाद कहकर या उनके साथ समय बिताकर अपनी दयालुता व्यक्त कर सकती हैं। ये छोटी-छोटी चीजें वास्तव में आपके रिश्तों को सुधार सकती हैं और एक अटूट संबंध बना सकती हैं।

## मिलनसार बनें

आपको अपने ससुराल वालों के साथ अधिक घुलने-मिलने का प्रयास करना चाहिए। उन्हें अपने विशेष आयोजनों, यात्राओं आदि सभी चीजों में शामिल करें। इससे परिवार वालों को खुशी होगी और आपका रिश्ता भी मजबूत होगा। इसके अलावा, आपको अपने जीवन के प्रमुख निर्णयों में भी घर वालों को शामिल करना चाहिए। यही नहीं, उनका मार्गदर्शन और सलाह भी आपको मांगनी चाहिए। इससे ससुराल वालों को भी एहसास होगा कि आपके लिए वो कितने मायने रखते हैं। फिर, सास, ससुर, देवर आदि जो भी सदस्य हैं सभी के साथ आपका रिश्ता स्ट्रांग हो सकता है।





# हैंडबैग से आने लगी है बदबू या दिख रही है फफूंद, तो बिना धोए ऐसे करें उसे साफ

अगर आपको बताया जाए कि आपके हैंडबैग में बीमारी फैलाने वाले कीटाणु हो सकते हैं, तो आपका क्या कहना होगा? दरअसल, हैंडबैग की सफाई आसान नहीं होती है और इसलिए उसे बिना धोए साफ करना हो तब तो आपको थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी होगी। लेदर बैग्स को तो धोने का कोई ऑप्शन नहीं होता और अगर इनमें एक बार फंगस लगनी शुरू हो गई, तो उसका इलाज करना मुश्किल हो जाता है। अगर आपके साथ भी यह समस्या आ रही है, तो हम आपको कुछ घरेलू हैक्स बताते हैं जिनकी मदद से आप यह काम कुछ ही मिनटों में कर सकती हैं। हां, पहले आपको ये ध्यान रखना होगा कि आप किस तरह का बैग साफ कर रही हैं। कैनवास बैग, सिंथेटिक बैग, लेदर बैग आदि साफ करने की ट्रिक्स अलग-अलग हो सकती हैं।

## कैसे साफ करें कैनवास बैग?

- कैनवास बैग्स को साफ करने का सबसे आसान तरीका है उन्हें धोना, लेकिन अगर आप उन्हें धो नहीं सकती हैं, तो इन टिप्स को अपनाएं।
- सबसे पहले आप बैग को पूरी तरह से खाली कर दें।
- अब आप दाग वाली जगह पर बेकिंग सोडा और पानी की मिक्सचर घिसें।
- आप कैनवास बैग को सफेद सिरके से भी साफ कर सकती हैं। पानी में सफेद सिरके को डाइल्यूट करें और उस पानी में बस यह बैग भिगोकर सुखा दें। आपको अलग से इसे धोने की या रगड़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी।
- स्टेन रिमूवर आप सीधे बैग पर लगाएं और उसे साफ करें।

## कैसे साफ करें लेदर बैग?

- लेदर बैग को आप ऐसे ही साफ नहीं कर सकती हैं। इसमें पानी लगाना और ज्यादा खतरनाक होगा।
- सबसे पहले किसी लिंट रोलर या फिर टूथब्रश से लेदर बैग के अंदर का फैब्रिक खाली करें।
- आप इसकी बाहरी लाइनिंग को भी लिंट रोलर से साफ कर सकती हैं।
- किसी माइक्रोफाइबर कपड़े में आप थोड़ा सा साबुन लगाएं और उससे बैग की बाहरी लाइनिंग को साफ करें। ध्यान रखें कि यहां पर ज्यादा पानी इस्तेमाल नहीं करना है।
- अगर लेदर बैग में फंगस मिल गई है, तो 1 मग पानी में 1/2 कप सफेद सिरका, 2 चम्मच बेकिंग सोडा मिलाकर स्प्रे बॉटल में भरें और इस स्प्रे से ही आपको बैग को साफ करना है।
- इसके बाद आपको बैग को माइक्रोफाइबर कपड़े से साफ करना है।
- लेदर बैग को साफ करने के बाद आप इसे कम से कम रात भर अच्छे से सूखने के लिए छोड़ दें।
- ध्यान रखें कि आप जब भी बैग साफ करें तब उसमें सामान बिल्कुल नहीं होना चाहिए।

## कैसे साफ करें सिंथेटिक बैग?

- सिंथेटिक बैग्स को साफ करना ज्यादा आसान है। इन्हें सिर्फ गीले कपड़ों से साफ करना भी आसान है।
- आप बेकिंग सोडा और सफेद सिरके के मिक्सचर से भी इन्हें साफ कर सकती हैं।
- अगर आप कपड़े को साबुन के पानी में डुबोकर उसे साफ करना चाहें, तो भी कोई दिक्कत नहीं होगी।
- सिंथेटिक बैग्स के साथ बस तभी दिक्कत आती है, अगर उनका कलर छूट रहा हो। ऐसे केस में साबुन का पानी बेस्ट होगा, सिरका या बेकिंग सोडा नहीं काम करेगा।
- इन बैग्स को धूप में सुखाने की कोशिश ना करें क्योंकि इससे परेशानी ज्यादा बढ़ सकती है।
- हर दो हफ्ते में एक बार तो बैग को धो लेना चाहिए। बाकी अगर आप किसी वजह से ऐसा नहीं कर पा रही हैं, तो भी आप उसका सामान निकालकर उसे खाली करके थोड़ी देर ऐसे ही हवा में छोड़ दें।



# लड़कियों में बढ़ रहा है कलरफुल आईलाइनर का क्रेज

**चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए लड़कियां मेकअप करना पसंद करती है। वहीं आंखों को बड़ा, आकर्षित दिखाने के लिए आईलाइनर लगाती है। बात अगर आईलाइनर की करें तो आमतौर पर लड़कियां इसमें ब्लैक कलर पसंद करती है। मगर आजकल लड़कियों में कलरफुल आईलाइनर का क्रेज भी बढ़ रहा है। इससे लुक और भी स्टाइलिश नजर आता है। मगर इसे लगाने से पहले कुछ बातों का ध्यान देने की जरूरत होती है। कलर आईलाइनर लगाने के लिए फॉलो करें ये टिप्स**

## मेकअप ना करें

कलर आईलाइनर अक्सर आंखों को हाइलाइट करने के लिए लगाया जाता है। इसलिए इसे लगाने के बाद अपना रेगुलर मेकअप ना करें। नहीं तो इससे आपका मेकअप अधिक लगेगा।

## सही कलर चुनें

अगर आप पहली बार कलर आईलाइनर लगाने वाली है तो इसके लिए रंग चुनें। इसके लिए आप पिंक, लैवेंडर, बैंगनी, सुनहरा या अपनी ड्रेस से मैचिंग रंग चुन सकती है।

## आंखों पर ध्यान दें

कलर आईलाइनर लगाने के लिए बस अपनी आंखों पर फोकस करें। इसके साथ हैवी व बोल्ड मेकअप करने की गलती ना करें। ऐसा करने से आपकी आंखों पर ध्यान नहीं जाएगा।

## डार्क कलर अप्लाई करें

अगर आप पहली बार आईलाइनर लगाने वाली है तो इसके लिए डार्क कलर यूज करें। असल में, इससे आपका लुक एकदम बदल जाएगा। ऐसे में आप पहली बार के लिए ब्राउन या ब्लू कलर चुन सकती है।

## मस्कारा ब्लैक कलर का लगाएं

आप भले ही आईलाइनर कलर्ड चुन रही है मगर इसके साथ मस्कारा ब्लैक ही लगाएं। इससे आपकी आंखों को ग्रेसफुल लुक मिलेगा। इसके साथ ही फेक आईलैशेज लगाने की गलती ना करें।

# यूं बनाएं आसानी से घर पर बॉडी लोशन

**बॉडी लोशन बनाने के लिए आप सबसे पहले बादाम का तेल, नारियल का तेल, मोम, और शीया या कोकोआ बटर मिलाएं। इसके लिए आप डबल बॉयलर या पानी उबालने वाले पैन के उपर कांच के कटोरे का इस्तेमाल कर सकते हैं।**



स्किन की केयर करने के लिए हम सभी कई तरह के स्किन केयर प्रॉडक्ट्स का सहारा लेती हैं। आमतौर पर स्किन केयर प्रॉडक्ट्स को आप बाजार से खरीदकर लाती हैं, जिसमें आपके काफी सारे पैसे खर्च हो जाते हैं। हो सकता है कि आप भी हर महीने हजारों रूपए अपने स्किन केयर प्रॉडक्ट्स पर खर्च करती हों। लेकिन वास्तव में आपको ऐसा करने की जरूरत नहीं है। अगर आप चाहें तो घर पर ही नेचुरल चीजों की मदद से स्किन केयर प्रॉडक्ट बना सकती हैं। तो चलिए आज हम आपको घर पर बॉडी लोशन बनाने का तरीका बता रहे हैं, जो यकीनन आपके लिए काफी फायदेमंद साबित होगा- घर पर बॉडी लोशन बनाने के लिए आपको कुछ चीजों की जरूरत पड़ेगी। जो हैं- आधा कप बादाम का तेल, आधा कप नारियल का तेल, आधा कप बीसवैक्स या मोम, एक चम्मच विटामिन ई ऑयल, दो बड़े चम्मच शीया बटर या कोकोआ बटर, एसेंशियल ऑयल। बॉडी लोशन बनाने के लिए आप सबसे पहले बादाम का तेल, नारियल का तेल, मोम, और शीया या कोकोआ बटर मिलाएं। इसके लिए आप डबल बॉयलर या पानी उबालने वाले पैन के उपर कांच के कटोरे का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे आप धीरे-धीरे मिलाओ ताकि सारी सामग्री अच्छी तरह मिक्स हो जाए। जब सभी इंग्रीडिएट अच्छी तरह मेल्ट हो जाते हैं तो आप इसमें विटामिन ई का तेल डालें। साथ ही एसेंशियल ऑयल भी डालें। हालांकि यह पूरी तरह से वैकल्पिक हैं। अगर आप चाहें तो एसेंशियल ऑयल को स्किप भी कर सकती हैं। अब आप इसे एक ग्लॉस जार या टिन में डालें। आप इसके लिए छोटे मैसन जार का इस्तेमाल कर सकते हैं। अब आप इसे नियमित रूप से अपनी स्किन पर अप्लाई करें।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन ने बोइंग डिफेंस समेत तीन अमेरिकी कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने बोइंग डिफेंस समेत तीन अमेरिकी कंपनियों से आयात और निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। मंत्रालय ने जनरल एटॉमिक्स एयरोनॉटिकल सिस्टम्स को अपनी अविश्वसनीय संस्थाओं की सूची में डाल दिया और कहा कि उसने ताइवान को हथियार बेचे। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने जनरल डायनेमिक्स लैंड सिस्टम्स के साथ-साथ बोइंग डिफेंस, स्पेस एंड सिक्योरिटी पर भी प्रतिबंध लगाए गए। ये कंपनियां चीन में नया निवेश नहीं कर पाएंगी। कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों को अब चीन में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। उनके वर्क परमिट को उनके आगंतुक और आवासीय स्थिति के साथ रद्द कर दिया जाएगा। मंत्रालय ने घोषणा की कि उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए संबंधित आवेदनों को भी मंजूरी नहीं दी जाएगी। चीन ने यह कदम बाइडन प्रशासन द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बैटरी, कंप्यूटर चिप्स और चिकित्सा उत्पादों सहित कई चीनी वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाने के बाद उठाया है।

### 1650 के पार जाएगा जीना सिखो लाइफकेयर का शेयर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जीना सिखो लाइफकेयर के शेयर लगातार फोकस में हैं। कंपनी के शेयर बीते शनिवार को स्पेशल ट्रेडिंग के दिन 1,175 रुपये पर बंद हुए थे। मार्केट एक्सपर्ट के मुताबिक, कंपनी के शेयरों में आने वाले दिनों में तेजी देखी जा सकती है। घरेलू ब्रोकरेज नुवामा प्रोफेशनल क्लाइंट्स ग्रुप ने स्टॉक पर बाय रेटिंग दिया है और इस शेयर पर 1,650 के टारगेट प्राइस के साथ कवरेज शुरू किया। ब्रोकरेज के मुताबिक इसमें 47 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है और लंबी अवधि के नजरिए से स्टॉक खरीदा जा सकता है।

#### लिस्टिंग से दे रहा मुनाफा

आपको बता दें जीना सिखो लाइफकेयर पिछले एक साल से तगड़ा मुनाफा दे रहा है। जीना सिखो लाइफकेयर के शेयर की कीमत 2024 में अब तक लगभग 88 प्रतिशत बढ़ गई है। ट्रेंडलाइन के आंकड़ों के अनुसार, 19 अप्रैल, 2022 को लिस्ट होने के बाद से स्टॉक में 1,315.52 प्रतिशत और पिछले एक साल में 539.22 प्रतिशत की तेजी आई है। इसका 52 वीक का हाई प्राइस 1,226.80 रुपये और 52 वीक का लो प्राइस 175 रुपये है। इसका मार्केट कैप 2,921.07 करोड़ रुपये है।
भारत के टॉप आयुर्वेदिक हेल्थकेयर संगठनों में से एक जीना सिखो लाइफकेयर की स्थापना 2017 में मनीष ग्रोवर द्वारा की गई थी। इसे आचार्य मनीषजी के नाम से भी जाना जाता है। 2009 से, मनीष ने आयुर्वेद से संबंधित वस्तुओं और सेवाओं को बढ़ावा दिया है। जीना सिखो लाइफकेयर आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी (आयुष) द्वारा प्रस्तुत स्वस्थ विकास के अवसरों का लाभ उठाने के लिए आदर्श स्थिति में है।

# नए प्रोडक्ट्स और टेक्नोलॉजी पर खर्च करेगी टाटा मोटर्स

**▶▶ अगले वित्त वर्ष में करेगी 43 हजार करोड़ रुपये का निवेश ▶▶ ज्यादातर खर्च जगुआर लैंड रोवर पर किया जाएगा**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स नए प्रोटक्ट्स और टेक्नोलॉजी पर बड़ा निवेश करेगी। कंपनी अगले वित्तीय वर्ष (2024-25) में नई गाड़ियों और टेक्नोलॉजी पर 43,000 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है। ये रकम पिछले साल के 41,200 करोड़ रुपये से थोड़ी ज्यादा है। इस रकम का ज्यादातर हिस्सा, करीब 35,000 करोड़ रुपये, टाटा मोटर्स की ब्रिटिश कंपनी जगुआर लैंड रोवर पर खर्च किया जाएगा। पिछले साल जेएलआर पर 33,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। टाटा मोटर्स ग्रुप ने नए उत्पादों और प्रौद्योगिकी पर चालू वित्त वर्ष (2024-25) के लिए निवेश लक्ष्य को बढ़ाया है। इस निवेश में सबसे अधिक हिस्सा समूह की ब्रिटिश इकाई जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) को होगा। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। बीते वित्त वर्ष 2023-24 में टाटा मोटर्स समूह ने जेएलआर के लिए तीन अरब पाउंड (लगभग 30,000 करोड़ रुपये) और टाटा मोटर्स के लिए 8,000 करोड़ रुपये का निवेश तय किया था। इस तरह यह कुल मिलाकर यह 38,000 करोड़ रुपये बैठता है।

### बीते वित्त वर्ष इतना किया था निवेश

टाटा मोटर्स समूह के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) पी बी बालाजी ने तिमाही नतीजों के बाद कहा, 'बीते वित्त वर्ष में जेएलआर का निवेश 3.3 अरब पाउंड (33,000 करोड़ रुपये से अधिक) रहा, जबकि टाटा मोटर्स का निवेश 8,200 करोड़ रुपये से अधिक रहा। इस तरह बीते वित्त वर्ष में समूह का कुल निवेश 41,200 करोड़ रुपये था।' बालाजी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की बात करें, तो जेएलआर के लिए निवेश 3.5 अरब पाउंड (35,000 करोड़ रुपये) रहेगा। इसकी वजह यह है कि हम कई उत्पादों के लिए योजनाएं लेकर आ रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'टाटा मोटर्स के लिए हमारा निवेश 8,000 करोड़ रुपये के दायरे में रहेगा। जेएलआर के लिए निवेश में करीब छह प्रतिशत की वृद्धि होगी, जबकि टाटा मोटर्स के लिए यह स्थिर रहेगा।' बालाजी ने स्पष्ट किया कि यह सारा निवेश उत्पादों और प्रौद्योगिकी में होगा। जगुआर लैंड रोवर के सीएफओ रिसर्च मॉलिनेक्स ने कहा, 'वित्त वर्ष 2025-26 वह वर्ष है जब हमारे नए उत्पाद बाजार में आएंगे। तबतक हमारे पास बाजार में रेंज रोवर बीईवी और अन्य उत्पाद भी होंगे। उस समय तक हम कुछ ऐसे वाहनों को बदलना शुरू कर देंगे, जिनसे हमारी कमाई कम है। इनको नए वाहनों से बदला जाएगा।' रेंज रोवर बीईवी पर उन्होंने कहा, 'हम इसे अलग तरीके से कर रहे हैं। यह कोई बीईवी (बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन) नहीं है जिसे रेंज रोवर के रूप में बेचा जाएगा।

# फ्लाइट में केबिन बैगेज से चुराए एक करोड़ रुपये से ज्यादा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में एक शख्स ने फ्लाइट में यात्रियों के सामान से एक करोड़ से भी ज्यादा रुपयों की चोरी की है। यह शख्स चोरी के खासतौर पर ऐसे बुजुर्गों को निशाना बनाता था, जिन्हें चलने में परेशानी होती थी और फ्लाइट में पहले चढ़ने की परमीशन दी जाती थी। इस शख्स का नाम राजेश कपूर है। पहाड़गंज निवासी राजेश कपूर अलग-अलग भारतीय फ्लाइट्स में चोरी की घटनाओं को अंजाम देता रहा है। राजेश चोरी करने के लिए ऐसे बुजुर्गों के साथ विमान में चढ़ जाता था, जिन्हें चलने में परेशानी होती थी और उन्हें पहले चढ़ने की अनुमति मिली होती थी। राजेश फ्लाइट में चढ़ जाता और जब वह अपनी सीट पर सामान रखने में लगे होते थे, तभी वह जल्दी से उनका सामान खोलकर कीमती चीजें चुरा लेता था। ऐसा उसने कई बार किया और लाखों रुपयों का सामान चुरा लिया। अब वह पकड़ में आया है। दिल्ली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जांच में पता चला है कि वह करीब 200 फ्लाइट्स में यात्रा कर चुका है। चोरी के लिए उसने कई बार अपने मृत भाइयों के पहचान पत्र और फोन नंबर का इस्तेमाल किया था। राजेश कपूर 11 अप्रैल तक अलग-अलग उड़ानों में ऐसे ही चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। इस दौरान हैदराबाद से दिल्ली जा रही एक महिला ने पुलिस से शिकायत की कि उसके हैंडबैग से 7 लाख रुपये के गहने चोरी हो गए हैं। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने इस मामले की जांच की। इससे पहले 2 फरवरी को एक दूसरे यात्री ने भी पुलिस में शिकायत की थी कि उसका 20 लाख रुपये के कीमती सामान गायब हो गए हैं। पुलिस ने जांच के बाद उसे 13 मई को गिरफ्तार किया था। दिल्ली पुलिस एयरपोर्ट सुरक्षा कैमरों, एयरलाइन डेटा और कॉल रिकॉर्ड की मदद से उसे पकड़ने में कामयाब रही है।

#### ऐसे हुआ शक

रिपोर्ट के मुताबिक, राजेश ने अकेले एक साल में कम से कम 200 से ज्यादा उड़ानें भरी थीं। उसने कई बार अपने मृत भाइयों के क्रेडेंशियल और फ़ोन नंबर का इस्तेमाल करके एक दिन में कई बार सफर किया था। वह अपना फ़ोन बंद रखता था, कभी-कभार ही उसे चालू करता था। पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, अगर राजेश ने अपने टिकट के लिए औसतन 7,500 रुपये का भुगतान किया है, तो उसने इन 200 उड़ानों पर करीब 15 लाख रुपये खर्च किए होंगे, लेकिन चोरी के सिर्फ़ चार मामलों में उसे जो रिटर्न मिला है, वह लगभग 1 करोड़ रुपये है।

# ऐपल के आईफोन की बिक्री काफी बढ़ी

**ऐपल ने हाल ही में अपनी एक रिपोर्ट पब्लिश की है**

### कंपनी ने साइबर फ्रॉड से करीब 584 अरब रुपये बचाए हैं





**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में ऐपल के आईफोन की बिक्री काफी बढ़ी है। आईफोन सभी खरीदना चाहते हैं, लेकिन इनकी कीमत काफी ज्यादा होती है। आईफोन के दाम भले ही ज्यादा हों, लेकिन इसे खरीदने के कई फायदे भी हैं। आईफोन अपनी इन्हीं खासियतों की वजह से काफी महंगा भी बिकता है। हाल ही में कंपनी की एक रिपोर्ट सामने आई है। इसमें कंपनी की ओर से बताया गया है कि उसने साइबर फ्रॉड को रोका है। इस तरह से कंपनी ने करीब 7 बिलियन अमेरिकी डॉलर की रकम बचाने में मदद की है। ये रकम भारतीय करेंसी में करीब 584 अरब रुपये होती है। साइबर फ्रॉड कंपनी की स्ट्रांग पॉलिसी की वजह से रुक पाया है। साइबर ठग अलग-अलग तरीकों से लोगों को ठगने की पूरी कोशिश कर रहे थे। लेकिन वो सफल नहीं हो पाए। कंपनी की ओर से ये जानकारी चौथा एनुअल फ्रॉड- प्रिवेन्शन एनालिसिस में दी गई है। इसे कंपनी ने हाल ही में पब्लिश किया है।

ऐपल की रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी ने साल 2020 से लेकर 2023 के बीच धोखाधड़ी से जुड़े करीब 584 अरब रुपये से ज्यादा ट्रांजेक्शन रोकने में सफलता पाई है। ऐपल के मुताबिक, साल 2023 में 1.8 बिलियन डॉलर से ज्यादा के ट्रांजेक्शन फ्रॉड से जुड़े थे। इन्हें रोकने में कामयाबी मिली थी। वहीं ऐपल ने साल 2023 में 1.7 मिलियन ऐप सबमिशन को रिजेक्ट किया। दरअसल, ये वे ऐप्स थे जो एपल द्वारा सेट की गई गाइडलाइन्स को मीट कर पाने में असफल रहे थे। कंपनी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि ऐपल स्टोर के रूल्स यूजर्स को फ्रॉड ऐप्स से बचाते हैं। ऐपल ऐप स्टोर की पॉलिसी के स्टैंडर्ड को मैच नहीं कर पाने वाले ऐप के सब्मिशन को रिजेक्ट किया गया है। साल 2023 में ऐसे 1.7 मिलियन से ज्यादा ऐप थे जिनका सब्मिशन रिजेक्ट किया गया था। कंपनी ने इस दौरान 374 मिलियन डेवलपर्स एंड कस्टमर अकाउंट को टर्मिनेट किया था। पिछले साल कंपनी ने फ्रॉड ऐप्स तैयार न हो पाएं इसके लिए 1,18,000 डेवलपर्स अकाउंट को ब्लॉक किया था।

ऐपल ने फ्रॉड से जुड़े ट्रांजेक्शन को रोकने के लिए चुराए हुए क्रेडिट कार्ड्स को ब्लॉक किया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी ने 14 मिलियन क्रेडिट कार्ड और 3.33 मिलियन अकाउंट को ब्लॉक किया गया। कंपनी ने बताया कि वह सिर्फ साल 2023 में ही ऐपल ने 3.5 मिलियन चोरी के क्रेडिट कार्ड से होने वाली फर्जी शॉपिंग को रोका है। कंपनी ने इस दौरान करीब 1.1 मिलियन अकाउंट्स को बैन किया। ये वो अकाउंट्स थे जो चोरी के कार्ड से खरीदारी करने की कोशिश कर रहे थे।

# 48 रुपये का शेयर पहले ही दिन पहुंचेगा 160 रुपये के पार, दांव लगाने का आखिरी मौका




**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरिओम आटा के आईपीओ में दांव लगाने का आखिरी मौका 21 मई को है। आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 48 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का ग्रे मार्केट प्रीमियम 111 रुपये पहुंच गया है। कंपनी के शेयर पहले ही दिन 160 रुपये के करीब पहुंच सकते हैं। हरिओम आटा का आईपीओ धमाल मचाए हुए है। हरिओम आटा का आईपीओ शुरुआती 2 दिन में ही 204 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब हो गया है। कंपनी के आईपीओ में दांव लगाने का एक मौका अभी बचा हुआ है। हरिओम आटा का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 21 मई 2024 तक खुला हुआ है। कंपनी का आईपीओ दांव लगाने के लिए 16 मई को खुला था। हरिओम आटा के शेयर ग्रे मार्केट में धमाल मचाए हुए हैं। कंपनी के शेयर ग्रे मार्केट में 230 पर्सेंट से ज्यादा के प्रीमियम के साथ ट्रेड कर रहे हैं। यानी, कंपनी के शेयर पहले ही दिन तगड़ा मुनाफा करा सकते हैं।

आईपीओ में हरिओम आटा के शेयर का दाम 48 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का ग्रे मार्केट प्रीमियम बढ़कर 111 रुपये पहुंच गया है। हरिओम आटा के शेयरों का ग्रे मार्केट प्रीमियम इशारा कर रहा है कि कंपनी के शेयर 160 रुपये की रेंज में लिस्ट हो सकते हैं। यानी, जिन निवेशकों को आईपीओ में कंपनी के शेयर अलॉट होंगे, वह लिस्टिंग वाले 231 पर्सेंट से ज्यादा के फायदे की उम्मीद कर सकते हैं। कंपनी के आईपीओ में शेयरों का अलॉटमेंट 22 मई 2024 को फाइनल हो सकता है। वहीं, हरिओम आटा के शेयर 24 मई को बाजार में लिस्ट होंगे। कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के स्स्ध प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। हरिओम आटा का आईपीओ शुरुआती 2 दिन में ही 204.56 गुना सब्सक्राइब हो गया है। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 336.09 गुना सब्सक्राइब हुआ है। वहीं, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स कैटेगरी में 72.76 गुना दांव लगा है। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स 1 लॉट के लिए दांव लगा सकते हैं। आईपीओ की एक लॉट में 3000 शेयर हैं। यानी, रिटेल इनवेस्टर्स को कंपनी के आईपीओ में 1.44 लाख रुपये का इनवेस्टमेंट करना होगा। आईपीओ से पहले कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 99.99 पर्सेंट थी, जो कि अब 69.95 पर्सेंट रह जाएगी। हरिओम आटा की शुरुआत 2018 में हुई थी। कंपनी आटा, मसाले और दूसरे फूड प्रॉडक्ट्स बनाती है।

### रजनीश कुमार और मोहनदास पई बायजू की सलाहकार समिति से हटे, संस्थापक रविंद्रन ने कही यह बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के पूर्व चेयरमैन रजनीश कुमार और इन्फोसिस के पूर्व मुख्य वित्त अधिकारी मोहनदास पई ने थिंक एंड लर्न के संस्थापकों के साथ चर्चा के बाद कंपनी के सलाहकार परिषद के सदस्यों के रूप में पद छोड़ने का फैसला किया है।

बायजू के ब्रांड के मालिक थिंक एंड लर्न के संस्थापक रवींद्रन बायजू ने कंपनी के पुनरुद्धार में देरी के लिए कुछ विदेशी निवेशकों को दोषी ठहराया। उनके रवैये के कारण कंपनी को पुनर्गठन से जुड़ी दिक्कतों, वित्तीय परिणामों में देरी और 200 मिलियन डॉलर शेयर बेचने से मना करने के कारण लिक्विडिटी संकट का सामना करना पड़ा।थिंक एंड लर्न ने जुलाई 2023 में एडटेक फर्म को संकट से बाहर आने और शासन में सुधार करने के लिए सलाह देने के उद्देश्य से सलाहकार परिषद का गठन किया। कुमार और पई ने एक संयुक्त बयान में कहा, सलाहकार के रूप में कंपनी के साथ हमारा जुड़ाव हमेशा एक वर्ष के लिए निश्चित अवधि के आधार पर होता है। संस्थापकों के साथ हमारी चर्चा के आधार पर, यह पारस्परिक रूप से निर्णय लिया गया कि सलाहकार परिषद का कार्यकाल नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। हालांकि औपचारिक जुड़ाव समाप्त हो गया है, संस्थापक और कंपनी हमेशा किसी भी सलाह के लिए हमसे संपर्क कर सकते हैं। हम संस्थापकों और कंपनी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। यह संविदात्मक समझौता 30 जून, 2024 को समाप्त होने वाला है। इस बीच बायजू ने कहा कि वह सलाहकारों के साथ जुड़ाव को महत्व देता है और कठिन समय के दौरान कंपनी को नेविगेट करने में हम उनके सभी प्रयासों की बहुत सराहना करते हैं।

# दुनियाभर में सोने की कीमत में काफी तेजी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनियाभर में सोने की कीमत में हाल में काफी तेजी आई है। पिछले महीने यह रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था लेकिन उसके बाद इसमें कुछ नरमी आई है। सवाल उठता है कि अगर अमेरिका के फेड रिजर्व ने ब्याज दरों में कटौती करना शुरू किया तो इसका सोने की कीमत पर क्या असर होगा ऐतिहासिक रूप से देखें तो फेड के ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बाद 24 महीने तक सोने की कीमत में काफी तेजी देखी गई है। मसलन 2018-20 में सोने की कीमत में करीब 50 फीसदी तेजी आई थी। इसी तरह 2006-08 में गोल्ड 55 फीसदी उछल गया था। इस बार फेड रिजर्व ने अंतिम बार जुलाई 2023 में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की थी। उसके बाद से सोने की कीमत में 21 फीसदी तेजी आई है। अगर इतिहास को देखें तो सोने की कीमत में और तेजी आ सकती है।

एमसीएक्स एक्सचेंज पर कल यानी शुक्रवार को 5 जून 2024 की डिलीवरी वाला सोना तेजी के साथ 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ है। सोने में कल सुबह से तेजी देखने को मिली थी। सोना आज सुबह बढ़त के साथ खुला था। वहीं कल 5 अगस्त 2024 की डिलीवरी वाला सोना उछलकर 74,080 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ है। सोने की वैश्विक कीमतों में भी तेजी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 3.34 फीसदी या 31.90 डॉलर की तेजी के साथ 2,317.40 डॉलर प्रति औंस पर है। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव बढ़कर 2,224.44 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच चुकी है।

इस साल अब तक, वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतें लगभग 20 प्रतिशत करीब 2,390 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई हैं। पिछले महीने कुछ समय के लिए इसकी कीमत 2,400 डॉलर के स्तर को भी पार कर गई थी, जो इसका अब तक का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। दुनिया के कई प्रमुख केंद्रीय बैंकों में सोना खरीदने की होड़ मची है। इसमें चीन, भारत और रूस शामिल हैं। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद जब अमेरिका ने रूस की डॉलर वाली एसेट्स को फ्रीज किया तो वैश्विक निवेशकों का डॉलर पर भरोसा डगमगा गया। इससे केंद्रीय बैंक सोना खरीदने में लगे हैं। सोने की स्वीकार्यता के कारण इसे ग्लोबल करेंसी माना जाता है। इस कारण सोने की कीमत में तेजी आई है।

अमेरिका और यूरोपीय संघ के बढ़ते कर्ज के कारण भी सोने की मांग बढ़ रही है। इसकी वजह यह है कि मुद्रा के अवमूल्यन की चिंताओं के बीच इसे एक सेफ हेवन के रूप में देखा जाता है। सोने की तेजी का एक और कारण यह भी है कि चीन में केंद्रीय बैंक के साथ-साथ आम लोग भी जमकर सोना खरीद रहे हैं। चीन में रियल एस्टेट गहरे संकट में है और शेयर बाजार की भी हालत खस्ता है। यही कारण है कि लोग सोने में ज्यादा से ज्यादा निवेश कर रहे हैं। उम्मीद है कि अमेरिकी खुदरा निवेशक भी इसी रास्ते पर जा सकते हैं। जानकारों की मानें तो इस साल के अंत तक सोने की कीमत 80 हजार से एक लाख रुपये तक पहुंच सकती है। वहीं साल 2025 तक 10 ग्राम सोने के दाम डेढ़ लाख रुपये के आसपास पहुंचने की भी संभावना जताई जा रही है।

# एचडीएफसी बैंक के शेयर कराएंगे जोरदार कमाई




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एचडीएफसी बैंक के शेयर आने वाले दिनों उड़ान भर सकते हैं। यह स्टॉक 1757.50 रुपये के अपने 52 हफ्ते के हाई से करीब 300 रुपये कम रेट पर मिल रहा है। आने वाले दिनों में इसके 1950 से 2000 रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। घरेलू ब्रोक्रेज फर्म मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने अपने एक नोट में इस बैंक स्टॉक में खरीदारी की सलाह दी है।

मोतीलाल ओसवाल ने एचडीएफसी बैंक के शेयर का टार्गेट प्राइस 1950 रुपये रख है। इसके अलावा प्रभुदास लीलाधर ने इसका टार्गेट प्राइस 2000 रुपये करते हुए बाय रेटिंग दी है। जबकि, कुल 12 एनॉलिस्टों में से एक ने होल्ड और 11 ने 1773.60 रुपये के एवरेज टार्गेट के साथ खरीदारी की सलाह दी है।

पिछले 5 दिन में एचडीएफसी बैंक के शेयर 2.25 फीसद चढ़ चुके हैं। हालांकि, पिछले एक महीने में तीन फीसद से अधिक टूट चुका है। इस साल अबतक इसमें करीब 14 फीसद की गिरावट आ चुकी है। इसका 52 हफ्ते का लो 1363.55 रुपये है।

एचडीएफसी बैंक पर शेयर मार्केट एक्सपर्ट्स बुलिश हैं। कुल 37 एनॉलिस्ट में से 20 ने इस प्राइवेट बैंक के शेयर में जोरदार खरीदारी की सिफारिश की है। इसके अलावा सात विश्लेषकों ने रेटिंग दी है। चार ने होल्ड रखने को कहा है, जबकि इनमें से किसी ने भी बेचने को नहीं कहा है।

#### शेयर होल्डिंग पैटर्न

अगर शेयर होल्डिंग पैटर्न की बात करें तो विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बड़ी मात्रा में इसमें बिकवाली की है। दिसंबर तिमाही में इनकी हिस्सेदारी 52.30 पर्सेंट थी, लेकिन मार्च तिमाही में घटकर 47.83 फीसद रह गई। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने अपनी हिस्सेदारी 30.45 पर्सेंट से बढ़ाकर 33.32 फीसद कर ली है। प्रमोटर्स भी अपनी हिस्सेदारी 25.59 से घटाकर 25.52 फीसद कर ली है।

# एमएस धोनी ने टाला संन्यास का फैसला!

## उलझन में माही और सीएसके मैनेजमेंट, ऑक्शन से पहले इस नियम से बनेगी बात?

**चेन्नई, एजेंसी।** ऐसा कम ही होता है कि मैदान से बाहर गया 110 मीटर का छक्का बल्लेबाजी करने वाली टीम के लिए ही खतरा साबित हो जाए, लेकिन शनिवार को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में एमएस धोनी और चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए ठीक ऐसा ही हुआ, जब आईपीएल 2024 में करो या मरो के मुकाबले में धोनी ने आखिरी ओवर की पहली गेंद पर पेसर यश दयाल को जोरदार छक्का लगाया। गेंद खो गई थी और उसे बदलना पड़ा। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल को सूखी गेंद मिली, जिस पर कंट्रोल करना उनके लिए आसान था। अगली बॉल पर उन्होंने धोनी को स्लोअर बॉल फेंककर बाउंड्री के किनारे कैच आउट करवा दिया। चेन्नई न सिर्फ मैच हारी बल्कि प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर पाई इस तरह धोनी चेपॉक में अपना आखिरी आईपीएल मैच खेलने के वादे को पूरा नहीं कर सके।



इस हार के बाद 42 वर्षीय महान क्रिकेटर रविवार की सुबह आईपीएल छोड़कर अपने घर के लिए रवाना होने वाले पहले क्रिकेटर थे। वैसे सीएसके खेमे में यह धारणा बनी हुई है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ शनिवार की हार शायद धोनी की आखिरी हार नहीं होगी। घटनाक्रम से जुड़े एक करीबी सूत्र ने हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया से खास बातचीत में बताया, धोनी ने सीएसके में किसी को नहीं बताया है कि वह छोड़ रहे हैं। उन्होंने प्रबंधन से कहा है कि वह अंतिम फैसला लेने से पहले कुछ महीनों तक इंतजार करेंगे।

### रिटेंशन पॉलिसी तय करेगी धोनी का भविष्य?

सीएसके मैनेजमेंट धोनी के एक और आईपीएल खेलने की उम्मीद लगाए बैठा है। इसके पीछे बड़ी वजह धोनी की बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग फॉर्म है। 18 मई की रात भी उन्होंने 200 के करीब की स्ट्राइक-रेट से 25 रन बनाए, जो कि रविंद्र जडेजा या शिवम दुबे से बेहतर था। धोनी ने चार ओवर तक बल्लेबाजी की और विकेटों के बीच दौड़ने में सहज थे। धोनी जिस फटी हुई पिंडली के साथ खेल रहे थे, वो इंजरी भी धीरे-धीरे ठीक हो रही थी। सूत्र ने कहा, विकेटों के बीच दौड़ने में उन्हें कोई असुविधा महसूस नहीं हुई और यह एक प्लस है। अगले साल मेगा ऑक्शन होने वाला है। टीम अधिकतम पांच खिलाड़ियों को ही रिटेन कर सकती है। उम्मीद है कि सीएसके रुतुराज गायकवाड़, रविंद्र जडेजा, शिवम दुबे और मथीशा पथिराना को निश्चित ही रिटेन करेगी।

## मैनचेस्टर सिटी ने जीता लगातार चौथा ईपीएल खिताब, कुल आठवीं बार जीती ट्रॉफी

**मैनचेस्टर, एजेंसी।** 91 अंक के साथ सिटी पहले स्थान पर रही जबकि आर्सेनल के 89 अंक रहे और वह दूसरे स्थान पर रहा। उसने एवर्टन को 2-1 से पराजित किया। सिटी पहली टीम बन गई जिसने लगातार चार बार ईपीएल की ट्रॉफी जीती है। सिटी का यह सात सत्रों में छठा ईपीएल खिताब है। सिटी के कोच पेप गॉर्डियोला की टीम को यह खिताब पक्का करने के लिए वेस्ट हेम को हराना जरूरी था।

**कोच क्लोप की जीत से विदाई-** जुर्जेन क्लोप ने लिवरपूल के लिए कोच के तौर पर अपना आखिरी मैच खेला और टीम ने उन्हें जीत से विदाई दी। लिवरपूल ने वोल्व्स को 2-0 से हराया।





# मनु बनीं ओलंपिक चयन ट्रायल की सबसे सफल शूटर, आठ में से चार बार जीतीं

### दो इवेंट में चुनी जाएंगी

**नई दिल्ली , एजेंसी।** मनु भाकर ओलंपिक चयन ट्रायल की सबसे सफल शूटर बनकर उभरी हैं। हरियाणा की इस शूटर ने 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल के कुल आठ में से चार ट्रायल में जीत हासिल की। मनु दोनों ही इवेंट में पेरिस ओलंपिक के लिए चुनी जाने वाली टीम में शीर्ष पर हैं। राइफल और पिस्टल इवेंट के ट्रायल में बड़ा झटका ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले शूटरों को लगा है। कुल आठ इवेंट (10 मीटर एयर राइफल, पिस्टल, 50 मीटर थ्री पोजीशन (पुरुष, महिला), 25 मीटर पिस्टल महिला, 25 मीटर रैपिड फायर पुरुष) के लिए शीर्ष दो स्थान पर रहकर 15 शूटरों ने ओलंपिक टीम के लिए दावा जताया है। इन 15 शूटरों में सिर्फ सात शूटर ऐसे हैं, जिन्होंने ओलंपिक कोटा देश को दिलाया था। अब 10 जून को एनआरएआई की चयन समिति ट्रायल के प्रदर्शन के आधार पर ओलंपिक टीम घोषित करेगी।

### एलावेनिल विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ जीतीं

मनु 15 शूटरों में एकमात्र ऐसी शूटर हैं, जिन्होंने दो इवेंट के लिए ओलंपिक ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल किया है। उन्होंने रविवार को 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में 240.8 का स्कोर कर जीत हासिल की। एलावेनिल वालरिवान ने 10 मीटर एयर राइफल के चौथे ट्रायल में 254.3 का स्कोर कर विश्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए जीत दर्ज की।

- **पेरिस के लिए 15 शूटरों ने शीर्ष दो पर बनाया स्थान-** दिल्ली और भोपाल में हुए ओलंपिक चयन ट्रायल के आधार पर 10 मीटर एयर राइफल पुरुष में संदीप सिंह, अर्जुन बबूटा, महिलाओं में एलावेनिल और रमिता, 10 मीटर एयर पिस्टल में मनु भाकर, रिद्म सांगवान, पुरुषों में सरबजोत सिंह, अर्जुन चीमा, 50 मीटर थ्री पोजीशन में सिफ्त कौर समरा, अंजुम मौद्गिल, पुरुषों में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, स्वप्निल कुसाले, 25 मीटर पिस्टल में मनु भाकर, ईशा सिंह, 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में अनीश और विजयवीर सिद्धू ओलंपिक टीम के दावेदार के रूप में उभरे हैं। बागपत के वरुण तोमर (10 मीटर एयर पिस्टल), अखिल श्योराण (50 मीटर थ्री पोजीशन) रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### टी20 विश्व कप के लिए आस्ट्रेलिया के रिजर्व खिलाड़ी होंगे ये दो आक्रामक बल्लेबाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आक्रामक बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और मैथ्यू शॉर्ट एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए आस्ट्रेलिया के रिजर्व खिलाड़ी होंगे। 22 वर्ष के मैकगुर्क ने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं कर सके मैकगुर्क को टी20 विश्व कप टीम में जगह नहीं मिली है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के पास शीर्ष तीन स्थानों के



लिए डेविड वॉर्नर, ट्रेविस हेड और कप्तान मिचेल मार्श पहले से हैं। बल्लेबाजी हरफनमौला शॉर्ट ने ऑस्ट्रेलिया के लिए पिछले 14 में से नौ टी20 मैच खेले हैं। इनमें से पांच में उन्होंने पारी का आगाज किया और पिछले दो सत्र में वह बिग बैश लीग भी खेल चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 'ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सुझाव दिया था कि विश्व कप में एक रिजर्व साथ लेकर जायेंगे लेकिन अब वे शॉर्ट के साथ फ्रेसर मैकगुर्क को भी ले जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम बृहस्पतिवार को वेस्टइंडीज रवाना होगी। उसे त्रिनिदाद में 28 और 30 मई को नामीबिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलने हैं। हेड, कैमरन ग्रीन, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल आईपीएल प्लेऑफ खेलने के बाद टीम से जुड़ेंगे। ऑस्ट्रेलिया को पांच जून को बारबाडोस में ओमान के खिलाफ पहला मैच खेलना है।

### दीप्ति ने विश्व पैरा चैम्पियनशिप में 400 मीटर टी20 में विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण




**कोबे (जापान), एजेंसी।** भारत की दीप्ति जीवनजी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर टी20 रेस में 55.07 सेकंड के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। दीप्ति ने अमेरिका की ब्रियाना क्लार्क का 55.12 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा जो उसने पिछले साल पेरिस में बनाया था। तुर्की की एसिल ओंडेर 55.19 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि एक्काडोर की लिजांशेला एंगुलो 56.68 सेकंड का समय निकालकर तीसरे स्थान पर रही। दीप्ति ने रविवार को एशियाई रिकॉर्ड समय 56.18 सेकंड के साथ अपनी हीट रेस जीती थी।
टी20 वर्ग की रेस बौद्धिक रूप से अक्षम खिलाड़ियों के लिए है। योगेश कथुनिया ने पुरूषों के एफ 56 वर्ग चक्का फेंक में 41.80 मीटर के साथ रजत पदक जीता। भारत ने अब तक एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीत लिए हैं।

# लोग इस टीम को याद रखेंगे, डीके ने दिया संन्यास का इशारा, धोनी से पहले किया था डेब्यू

बेंगलुरु, एजेंसी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन के बाद संन्यास के संकेत दिए हैं। 38 वर्षीय खिलाड़ी इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने आरसीबी के फिनिशर के रूप में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। प्लेऑफ में क्वालीफाई करने के लिहाज से बेहद अहम मैच में शनिवार रात उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 6 गेंदों में 14 रन की प्रभावी कैमियो पारी खेली और टीम की 27 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। 2022 संस्करण से पहले, डीके को केकेआर ने रिलीज किया तो आईपीएल मेगा ऑक्शन में उन्हें आरसीबी ने 5.5 करोड़ रुपये में खरीदा था। 2015 सीजन के बाद कार्तिक का यह आरसीबी के साथ यह दूसरा कार्यकाल है।



### लोग हमारी टीम याद रखेंगे

दिनेश कार्तिक का मानना है कि उनकी टीम के चमत्कारिक प्रदर्शन से भविष्य में दूसरी टीमों को प्रेरणा मिलेगी। पहले आठ में से सात मैच हारने वाली आरसीबी ने बाहर होने की कगार से निकलकर वापसी की और अंतिम चार में जगह बनाई है। कार्तिक ने कहा, 'लोग कुछ सफर को हमेशा याद रखेंगे। जिस तरह आठ मैचों के बाद हमने वापसी की। हमें छह मैच जीतने थे। लोग इस टीम को याद रखेंगे। इस टूर्नामेंट में हर साल सात मैचों के बाद ऐसी एक या दो टीमें जो सिर्फ एक या दो मैच जीती होंगी, हमें याद करके कहेंगी कि आरसीबी ने यह कर दिखाया था और हम भी कर सकते हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'आप इसी के लिए क्रिकेट खेलते हैं जिसमें लोग आपका अनुकरण करेंगे और विश्वास करें कि वे भी कुछ खास कर सकते हैं। यह आसान नहीं है। हमने जो हासिल किया, वह बहुत खास है।'

**दिनेश कार्तिक का इंटरनेशनल करियर-** अगले महीने 39 साल के होने वाले दिनेश कार्तिक ने भारत के लिए आखिरी मैच ऑस्ट्रेलिया में 2022 टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। इसके बाद से उन्हें सिलेक्टर्स ने टीम में एंट्री नहीं दी। इंग्लैंड के खिलाफ सितंबर 2004 में वनडे मैच से अपने इंटरनेशनल करियर की शुरुआत करने वाले कार्तिक लगातार टीम से अंदर-बाहर होते रहे। उन्हें भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 वनडे और 60 टी-20 इंटरनेशनल में क्रमशः 1025, 1752 और 686 रन बनाए हैं।

## पेरिस पैरालंपिक

# सुहास-सुकांत ने किया क्वालिफाई

## पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में भारतीय एथलीट्स का जलवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम, तरुण और सुहास एल वाई ने पेरिस में होने वाले पैरालंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया है। सुकांत पहली बार पैरालंपिक में भाग लेंगे। वह पुरुषों की एससल-4 श्रेणी में हिस्सा लेंगे। उनके अलावा तरुण और सुहास एलवाई ने भी एसएस-4 श्रेणी के लिए टिकट हासिल किया है। एसएल 4 में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिनके शरीर के एक तरफ या दोनों पैरों में निचले स्तर पर मूवमेंट प्रभावित होता है। एसएल-3 महिला वर्ग (शरीर के एक तरफ, दोनों पैर या अंगों की अनुपस्थिति वाले खिलाड़ियों के लिए) में मनदीप कौर ने जबकि मिश्रित युगल एसएल 6 वर्ग में निथ्या और शिवराजन ने भी कट हासिल किया।



पेरिस पैरालंपिक 28 अगस्त से आठ सितंबर तक आयोजित होंगे। कदम पिछले कुछ वर्षों से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और लगातार पदक जीत रहे हैं। कदम ने कहा,'यह मेरे लिए सपने का साकार होने जैसा है। मैंने पैरालंपिक के लिए क्वालिफाई करने के लिए कड़ी मेहनत की है। लेकिन यह सपने का अंत नहीं है। मैं इस सपने का अंत पदक जीतकर और भारत को गौरवान्वित करके करना चाहूंगा।' वह इस समय बहरीन में पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं।

### पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप के तीसरे दिन के नतीजे

भारत के लिए ऊंची कूद के पैरा एथलीट निषाद कुमार ने रविवार को जापान के कोबे 2024 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप के तीसरे दिन रजत पदक और प्रीति पाल ने महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। टोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता निषाद ने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 फाइनल में 1.99 मीटर के प्रदर्शन से दूसरा स्थान हासिल किया और भारत का खाता खोला। निषाद ने पेरिस में 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में इसी स्पर्धा का रजत पदक जीता था। अमेरिका के रोड्रिक टाउनसेंड ने 2.05 मीटर की कूद से स्वर्ण पदक अपने नाम किया। एक अन्य भारतीय राम पाल अपने सत्र के सर्वश्रेष्ठ 1.90 मीटर के प्रदर्शन से छठे स्थान पर रहे। टी47 में वो पैरा ट्रैक एथलीट हिस्सा लेते हैं जिनका कोहनी या कलाई के नीचे का हिस्सा कटा होता है या इसमें विकृति होती है। फिर प्रीति पाल ने महिलाओं की टी 35 वर्ग की 200 मीटर स्पर्धा के फाइनल में 30.49 सेकेंड के समय से तीसरा स्थान हासिल कर भारत को दूसरा पदक दिलाया। टी 35 में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिन्हें समन्वय संबंधित विकृति होती है। दीप्ति जीवनजी ने महिला टी20 400 मीटर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने 56.18 सेकंड के एशियाई रिकॉर्ड समय से अपनी हीट रेस जीती। चीन 26 पदक के साथ तीसरे दिन तालिका में शीर्ष पर है। भारतीय टीम अभी 29वें स्थान पर है। चैंपियनशिप 25 मई तक चलेगी।

# विराट कोहली का सपना होगा पूरा...

## ये 3 फैक्टर्स दे रहे आरसीबी की खिताबी जीत की गारंटी!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन के प्लेऑफ में पहुंच चुकी है. फाफ डु प्लेसिस की अगुवाई में आरसीबी ने अपने आखिरी लीग मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 27 रनों से हरा दिया. अब 22 मई (बुधवार) को अहमदाबाद में होने वाले एलिमिनेटर मैच में आरसीबी का सामना 2008 की चैम्पियन राजस्थान रॉयल्स से होगा.

हार पर हार... फिर की जोरदार वापसी

देखा जाए तो आरसीबी का प्लेऑफ में पहुंचने का सफर आसान नहीं रहा है. एक समय आरसीबी के शुरुआती 8 मैचों में एक जीत के चलते सिर्फ दो अंक थे और वह लगातार छह मैच गंवा चुकी थी. तब कोई सोच भी नहीं सकता था कि आरसीबी प्लेऑफ में जगह बना पाएगी. तब आरसीबी आखिरी पायदान पर थी और खिलाड़ियों का मनोबल भी काफी गिरा हुआ था. लेकिन इसके बाद जो हुआ, वह फैन्स कभी नहीं भूलेंगे. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जोरदार कमबैक करते हुए ना सिर्फ जीत का सिक्सर लगाया, बल्कि प्लेऑफ में भी एंट्री मारी. आरसीबी ने जिस तरह की वापसी की है, उसने फैन्स की उम्मीदें जगा दी हैं. आरसीबी खिताब जीतने से अब तीन कदम दूर है. यदि विराट कोहली की आरसीबी का प्रदर्शन बरकरार रहा तो उसका खिताबी जीत का सपना इस बार पूरा हो सकता है.



# 14 साल तक लड़कियों के खाते में जमा कराएंगे राशि

## राजस्थान के गांव के लिए अक्षय कुमार ने खोला दिल

अक्षय कुमार बॉलीवुड के सुपरस्टार होने के साथ ही एक बड़े दिल वाले इंसान भी हैं। कई मौकों पर उन्होंने पीड़ितों और जरुरतमंदों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाकर लोगों का दिल जीता है। अब हाल ही में उन्होंने राजस्थान में अजमेर जिले के मसूदा तहसील के देवमाली गांव की बालिकाओं की मदद की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वह 'सुकन्या समृद्धि खाते' में अपनी ओर से राशि जमा कराएंगे। ऐसे में एक्टर ने एक बार फिर अपने नेक काम से लोगों का दिल जीत लिया है। दरअसल, अक्षय कुमार अपने फिल्म 'जॉली एलएलबी-3' शूटिंग के सिलसिले में अजमेर जिले के देवमाली गांव पहुंची, जहां उन्होंने लड़कियों की मदद की घोषणा कर डाली। एक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि वह देवमाली गांव की सभी बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाकर 14 साल तक रकम जमा करवायेंगे। उन्होंने आगे कहा कि गांवों में बालिका शिक्षा की कमी है। साथ ही एक्टर ने ग्रामीणों से लड़कियों को शिक्षित करने का अनुरोध भी किया।



# रामायण में असली सोने के बने कपड़े पहनेंगे यश!

## लंकापति रावण के किरदार की चल रही ऐसी तैयारी

खबर है कि यश फिल्म रामायण में लंकापति रावण बनने के लिए सोने के कपड़े पहनेंगे। बताया जा रहा है कि रामायण में यश के लिए सारे कपड़े असली सोने से बनाए जा रहे हैं। नितेश तिवारी की फिल्म रामायण का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। फैंस एक-एक डिटेल पाने के लिए सोशल मीडिया पर भी बारीकी से नजर रखे हुए हैं। इस वक्त रामायण की शूटिंग चल रही है। जहां रणबीर कपूर, श्रीराम के किरदार में हैं, तो वहीं केजीएफ स्टार यश लंकापति रावण का किरदार निभाएंगे। हालांकि अभी मेकर्स की तरफ से कास्ट को लेकर कुछ भी अनाउंसमेंट नहीं की गई है। लेकिन यश रामायण को प्रोड्यूस जरूर कर रहे हैं। इसी बीच यश के किरदार को लेकर एक बड़ा अपडेट आया है। कहा जा रहा है कि रामायण में यश असली सोने से बने कपड़े पहनेंगे। एक सोर्स ने बताया कि चूंकि रावण सोने की लंका पर राज करता था और वहां का राजा था, इसलिए फिल्म में रावण बने यश भी असली सोने के बने कपड़े पहनेंगे। उनका लिबास असली सोने से तैयार किया जाएगा।



● निर्देशक प्रशांत वर्मा ने बना लिया प्लान

# जल्द होगा रणवीर की नई फिल्म का एलान

निर्देशक प्रशांत वर्मा जल्द ही अभिनेता रणवीर सिंह के साथ अपनी नई फिल्म का एलान करने वाले हैं। फिल्म का नाम राक्षस हो सकता है। इस साल बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने वाली फिल्म हनुमान के निर्देशक प्रशांत वर्मा एक बार फिर से सुर्खियां बटोर रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रशांत जल्द ही अपनी अगली फिल्म को लेकर आधिकारिक एलान करने वाले हैं। इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह नजर आएंगे। इसके चलते रणवीर के फैंस फिल्म से जुड़े छोटे से छोटे अपडेट पर नजर बनाए हुए हैं।

### राक्षस हो सकता है फिल्म का नाम

रिपोर्ट्स की मानें तो रणवीर सिंह ने इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इसे हैदराबाद में शूट किया जा रहा है। चर्चा है कि जब फिल्म का एलान किया जाएगा तो उसमें शूटिंग के पहले शेड्यूल से जुड़े दृश्य भी देखने को मिलेंगे। मीडिया में फिल्म के नाम को लेकर भी चर्चाएं चल रही हैं।

कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह की इस फिल्म का नाम राक्षस होगा। फिल्म की कहानी आजादी से पहले के जमाने पर आधारित हो सकती है।

### प्रशांत और रणवीर सिंह की आने वाली फिल्में

प्रशांत वर्मा अपनी इस नई फिल्म के अलावा हनुमान के दूसरे भाग का भी निर्देशन करेंगे। ऐसा कहा जा रहा है कि फिलहाल इस फिल्म का काम रोक दिय गया है और वो रणवीर के साथ आने वाली फिल्म पर ही जुटे हुए हैं।

वहीं, रणवीर सिंह की बात करें तो उनकी झोली में फरहान अखतर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म डॉन 3 के साथ-साथ रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन भी है। रणवीर सिंह की पिछली फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी थी।



# साउथ इंडस्ट्री में नहीं है बॉलीवुड अभिनेताओं की इज्जत

बॉलीवुड के कलाकारों का साउथ सिनेमा की तरफ रुझान बढ़ता ही दिख रहा है। बी-टाउन के अभिनेता अक्सर साउथ फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाते ही नजर आते है। अरबाज भी अपनी आगामी साउथ फिल्म में विलेन के रोल में नजर आने वाले हैं। अब अभिनेता ने बताया है कि साउथ में बॉलीवुड अभिनेता ग्रे शेड रोल में ही क्यों नजर आते हैं। साउथ सिनेमा में बॉलीवुड कलाकारों को नेगेटिव भूमिकाओं में कास्ट करने को लेकर अभिनेता अरबाज ने कहा, 'मैं ज्यादा नहीं बोल सकता पर मुझे लगता है कि जो उत्तर भारत से कलाकार होते हैं, जो मैंने अभी तक देखा है वह अक्सर कैरेक्टर आर्टिस्ट या नेगेटिव रोल में ज्यादा दिखाई देते हैं मुझे नहीं पता कि क्या उन्होंने वहां पर कभी उत्तर भारत के कलाकार के साथ बड़ी फिल्में की हैं। अभिनेता ने आगे कहा, हमने अब तक जितनी भी फिल्में देखी हैं, जिनमें बॉलीवुड कलाकारों ने दक्षिण भारतीय सिनेमा के कलाकार वेंकटेश, कमल हासन, रजनीकांत, चिरंजीवी, नागार्जुन के साथ काम किया है, लेकिन वह कभी मुख्य भूमिका में दिखाई नहीं देते हैं।



# तब्बू के हाथ से निकली ओजी

साउथ सुपरस्टार पवन कल्याण इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म ओजी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उन्हें और दर्शकों को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। यह फिल्म गैंगस्टर पृष्ठभूमि पर आधारित एक एक्शन ड्रामा फिल्म होगी, जिसका निर्देशन सुजीत कर रहे हैं। सुजीत इस बात का भी खुलासा कर चुके हैं कि वे खुद पवन कल्याण के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। वहीं अब इस फिल्म से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातों का खुलासा हुआ है। इस फिल्म में पवन कल्याण के साथ मुख्य नायिका के तौर पर अभिनेत्री श्रिया रेड्डी को चुना गया है। वे इस फिल्म में काम करने को लेकर काफी उत्साहित हैं। वहीं अब उन्होंने हाल ही में दिए साक्षात्कार में फिल्म और अपने किरदार के बारे में दिलचस्प खुलासे किए। श्रिया रेड्डी ने कहा कि वे तब्बू की प्रशंसक हैं और तब्बू ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्हें वे खुद अपने जीवन में देखती हैं। वहीं साथ ही उन्होंने बताया कि वह अब एक ऐसी भूमिका निभा रही हैं, जो मूल रूप से तब्बू के लिए थी। श्रिया रेड्डी ने कहा, मुझे एक तेलुगु फिल्म में रोल मिला, जो असल में तब्बू के लिए लिखा गया था। उनका नाम स्क्रिप्ट पर लिखा गया था। मुझे वह विशेष भूमिका मिली, लेकिन मैं यह नहीं बताना चाहता कि यह कौन सी फिल्म है। निर्माताओं ने मुझे बताया कि उन्होंने उस किरदार के लिए तब्बू को लेने की योजना बनाई है, लेकिन मुझे वह मौका पाकर खुशी हुई।




# ओम शांति ओम के वक्त इम्प्रोवाइजेशन करते थे श्रेयस तलपड़े

एक्टर श्रेयस तलपड़े ने फिल्म ओम शांति ओम से जुड़ा किस्सा शेयर किया है। श्रेयस ने कहा कि शूटिंग के दौरान वे और शाहरुख खूब इम्प्रोवाइजेशन करते थे। श्रेयस ने कहा कि वे इम्प्रोवाइजेशन करना पसंद करते थे, इसलिए ओम शांति ओम की शूटिंग के वक्त अक्सर ऐसा कर देते थे। उन्होंने शाहरुख को भी अपना यह आइडिया शेयर किया था। शाहरुख भी श्रेयस की तरह इम्प्रोवाइज करने लगे थे।

हालांकि यह सब फिल्म की डायरेक्टर फराह खान को पसंद नहीं आ रहा था। उन्होंने एक दिन सबके सामने श्रेयस और शाहरुख को डांट दिया। बता दें, जब एक्टर स्क्रिप्ट से हट कर खुद से डायलॉग्स बोलने लगता है तो उसे इम्प्रोवाइजेशन कहते हैं। हार्ट अटैक से उबरने के बाद श्रेयस तलपड़े दोबारा अपनी फिल्मों और प्रमोशन में बिजी हो गए हैं। उन्होंने लहरें से बात करते हुए कहा- फराह ने मुझे फिल्म डोर में देखा था।

तब से वो मुझे अपनी फिल्म में कास्ट करना चाहती थीं। बाद में उन्होंने मुझे ओम शांति ओम में मौका दिया। मैं उस वक्त न्यूकमर था। शाहरुख के साथ काम करने को लेकर नर्वस और एक्साइटेड दोनों था। श्रेयस ने आगे कहा- मैं हमेशा से इम्प्रोवाइज करने में काफी ज्यादा विश्वास करता था। ओम शांति ओम में भी यही करने की सोची। शाहरुख को बताया तो उन्होंने भी इसमें सहमति दिखाई। वो भी मेरे साथ इम्प्रोवाइज करने लगे। यह सब देख कर फराह का पारा चढ़ गया। उन्होंने हम दोनों को डांटते हुए कहा कि जो स्क्रिप्ट में लिखा है, वही पढ़ो। खुद से डायलॉग्स बोलने की जरूरत नहीं है।



# खतरों के खिलाड़ी 14 से बाहर हुए समर्थ जुरेल

खतरों के खिलाड़ी का सीजन 14 जल्द ही शुरू होने वाला है। हर बार की तरह इस बार भी शो के प्रतिभागी खतरनाक स्टंट करने के लिए तैयार है। लोग इस शो को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कुछ दिन पहले ही इस नए सीजन के प्रतिभागियों का एलान किया गया था। इसी बीच शो के एक प्रतिभागी को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शो के 14वें सीजन में दर्शकों को समर्थ जुरेल के स्टंट देखने को नहीं मिलेंगे। दरअसल, उनके घुटने में चोट लग गई है। इस वजह से उन्होंने शो से अपना नाम वापस ले लिया है। उनके चाहने वालों के लिए निश्चित तौर पर यह एक बुरी खबर है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि शो के बाकी प्रतिभागी 22 मई को मुंबई से रोमानिया के लिए रवाना होंगे।



### वाइल्ड कार्ड से हो सकती है एंट्री

समर्थ जुरेल के शो से बाहर होने की पुष्टि शो के एक अन्य प्रतिभागी अभिषेक कुमार ने की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिषेक ने समर्थ की सेहत की जानकारी देते हुए बताया कि चोटिल होने के कारण समर्थ के लिए स्टंट करना सही नहीं था। इसलिए, अब वो अगले साल इस शो में भाग ले सकते हैं। हालांकि, एक चर्चा यह भी है कि समर्थ शो के बीच में वाइल्ड कार्ड के जरिए भी शो में एंट्री मार सकते हैं।

# लायंसगेट इंडिया के अगले प्रोजेक्ट में विलेन के रूप में नज़र आएंगे जुगल हंसराज



शेखर कपूर निर्देशित फिल्म मासूम में अपने मर्मस्पर्शी अभिनय से दर्शकों को अपना दीवाना बनाने वाले बाल कलाकार जुगल हंसराज ने जवानी के दिनों में कुछ फिल्मों में नायक की भूमिकाएँ अभिनीत की लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। सिनेमाई चमक से दूर रहते हुए उन्होंने दूसरे कामों में हाथ आजमाया और सफलता प्राप्त की। अब एक बार फिर से वे सिनेमाई परदे पर लौट रहे हैं। लेकिन इस बार वे नायक नहीं अपितु खलनायक बनकर दर्शकों के सामने आ रहे हैं। लायंसगेट इंडिया द्वारा निर्मित फिल्म में वे सुनील शेट्टी और पूजा भट्ट के साथ काम करते नजर आएंगे।

फिल्म से उनका फर्स्ट लुक सामने आ गया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है। इस लुक में जुगल को देखने के बाद लोग उन्हें पहचान नहीं पा रहे हैं। इस थ्रिलर प्रोजेक्ट के मेकर्स लायंसगेट इंडिया ने इंस्टाग्राम पर जुगल हंसराज का फर्स्ट लुक शेयर किया है। तस्वीर में जुगल बेहद खूंखार विलेन के रूप में नजर आ रहे हैं, वह इतने अलग दिख रहे हैं कि उनके फैंस के लिए उन्हें पहली नजर में पहचानना भी मुश्किल होगा। तस्वीर में जुगल बढ़े हुए बाल और दाढ़ी के साथ दिख रहे हैं। ग्रे बाल और सफेद दाढ़ी के साथ वह किसी शातिर इंसान की तरह तिरछी नजर से देख रहे हैं। उनके पास कई सारे औजार रखे हैं, जिसे देख ऐसा लग रहा है, वो कोई प्रयोग कर रहे हैं।

# विश्वंभरा की शूटिंग खत्म करने की तैयारी में चिरंजीवी

विश्वंभरा की शूटिंग तेजी से चल रही है। चिरंजीवी अन्य कलाकारों के साथ बड़े पैमाने पर एक्शन सीन्स फिल्मा रहे हैं। वहीं अब फिल्म की शूटिंग पर नया अपडेट सामने आया है।

मेगास्टार चिरंजीवी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म विश्वंभरा को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में तृषा कृष्णन भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं। वहीं, अब फिल्म की शूटिंग को लेकर अपडेट सामने आया है, जिसने फैंस का उत्साह बढ़ा दिया। विश्वंभरा की शूटिंग तेजी से चल रही है। चिरंजीवी और अन्य कलाकारों के साथ एक्शन सीन्स बड़े पैमाने पर शूट किए जा रहे हैं।

### अगले महीने खत्म होगी फिल्म की शूटिंग

वहीं अब फिल्म को लेकर ताजा खबर है कि निर्माता जल्द ही इसकी शूटिंग पूरी करने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेगास्टार चिरंजीवी की फिल्म विश्वंभरा की पूरी शूटिंग जून के अंत तक खत्म हो जाएगी। निर्माता बचे हुए हिस्सों को नए शेड्यूल के साथ पूरा करने की योजना बना रहे हैं, जो काफी लंबा बताया जा रहा है।

साथ ही कहा जा रहा है कि फिल्म में वीएफएक्स से जुड़े कई हिस्से होंगे। टीम पोस्ट-प्रोडक्शन कार्यों के लिए अधिक समय रखना चाहती हैं और यही कारण है कि उन्होंने जल्द से जल्द शूटिंग खत्म करने का फैसला किया है।

- साभार एजेंसी